खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 28 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करणः वर्ष 23 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान: अधिकतम :37°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 79,212.53 निफ्टी 24,039.35

सोना 98,780 चांदी 1,01,900

shahtimes2015@gmail.com

बैसाख शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082

29 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**पाकिस्तान-भारत के बीच परमाणु युद्ध नहीं होगाः पाक मंत्री ख्वाजा**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पंजाब नहीं जीतेगी खिताब, पोंटिंग पर भड़के मनोज तिवारी**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगामः सोशल मीडिया पोस्ट पर देशव्यापी कार्रवाई, 28 गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं।

सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई है। पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ से हैं। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को 'सरकार की साजिश' बताया था। उन पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ और 25 अप्रैल को उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। मध्य प्रदेश के भोपाल में 25 अप्रैल को एक कॉलेज के गेस्ट लेक्चरर नसीम बानो ने व्हाट्सएप पर पहलगाम हमले को लेकर विवादित वीडियो शेयर किया। इस पर पुलिस ने लेक्चरर को हिरासत में लिया। छात्र संगठन एबीवीपी ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि लेक्चरर ने दावा किया कि वह वीडियो उसने नहीं बनाया था। गलती से वीडियो व्हाट्सएप स्टेटस पर लग गया था। इससे पहले राज्य में ऐसे मामलों में 3 गिरफ्तारी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के एक शख्स ने पहलगाम हमले पर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की सोशल मीडिया पर सराहना की। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। विवादित टिप्पणी मामले में 25 अप्रैल को असम से 6 गिरफ्तारियां हुईं। इनमें एक पत्रकार, छात्र और एक वकील शामिल था।



- आरोपियों में 1-1 विधायक, पत्रकार, वकील व 23 स्टूडेंट शामिल
- देश विरोधी टिप्पणी की थी

## कुपवाड़ा में एक नागरिक की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार रात कंडी खास में घर के अंदर गुलाम रसूल मागरे (45) पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें तुरंत चिकित्सा सुविधा में भर्ती कराया गया, फिर श्रीनगर के अस्पताल में भेजा गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम जांच भी की गई। हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि गुलाम रसूल मागरे के भाई, गुलाम मोहिदीन मागरे, पाकिस्तान-प्राप्त कश्मीर (पीओके) में रहते हैं, जहां उन्होंने नियंत्रण रेखा पार की थी।

- सुरक्षा बलों ने की हमलावरों की तलाश शुरू

## कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर नक्सलियों की बड़ी गुफा मिली

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य की सरहद पर कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर नक्सलियों की गुफा मिली है। यहां आराम से एक हजार नक्सली छिप सकते हैं। असला-बारूद रख सकते हैं। गुफा के अंदर पीछे की तरफ चट्टानों के बीच एक पतली सुरंग भी मिली है, जो सीधे पहाड़ी की दूसरी तरफ निकल रही है। यहां से बड़ी आसानी से कोई भी व्यक्ति एक तरफ से दूसरी तरफ आना-जाना कर सकता है। साथ ही पहाड़ी में चट्टानों से रिसकर पानी भी आ रहा है। इसके अलावा गुफा में शिवलिंग भी मिला है।

# डेडलाइन खत्मः 537 पाक नागरिक वापस भेजे

## अटारी बॉर्डर पर लगी लंबी लाइन, 450 से अधिक भारतीय भी देश लौटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 29 अप्रैल तक नहीं लौटने पर पाकिस्तानियों को कार्रवाई का डर सता रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानी लोगों के वापस अपने देश लौटने के लिए सरकार ने 27 अप्रैल की समय सीमा तय की थी, जिसके बाद अवैध रूप से रहने वालों पर कार्रवाई होगी।

सरकार के आदेश के बाद देश के कई राज्यों में मौजूद पाकिस्तानियों में कुछ लौट चुके हैं, तो कुछ लौटने के लिए अभी भी बॉर्डर पर मौजूद हैं। पिछले तीन दिनों में अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते 450 से अधिक भारतीय वापस अपने देश लौटे हैं। सरकार के आदेश के बाद अटारी-वाघा इंटरनेशनल बॉर्डर से अब तक पाकिस्तान वापस लौटे और भारत वापस आए लोगों में 24 अप्रैल को 28 नागरिक अपने देश वापस लौटे थे, तो वहीं 105 भारतीय नागरिक भारत वापस आए थे। 25 अप्रैल को 191 पाकिस्तानी नागरिक और 287 भारतीय नागरिक, 26 अप्रैल को 75 पाकिस्तानी नागरिक और 335 भारतीय नागरिक वापस आए थे। इस समय भी अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान लौटने वालों की भारी भीड़ है। सरकार के अल्टीमेटम खत्म होने से पहले हर पाकिस्तानी नागरिक अपने देश वापस लौटना चाहता है। यही कारण है कि लोग ऑटो में सवार होकर बॉर्डर की तरफ जा रहे हैं। भारत सरकार के आदेश वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को अटारी बॉर्डर के जरिये 27 अप्रैल तक पाकिस्तान लौटना ही था। इस समय सीमा का ध्यान रखते हुए राज्य सरकारें अपने क्षेत्र में मौजूद पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर वापस भेज रही हैं। दिल्ली, मुंबई, बिहार, यूपी, उत्तराखंड में मौजूद पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए पुलिस भी लगी हुई है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी पाकिस्तानी -शेष पृष्ठ दो पर



- अब अवैध रूप से रहने वालों पर भारत सरकार करेगी कार्रवाई

### पाकिस्तान ने एलओसी पर फिर सीजफायर तोड़ा

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कश्मीर में एलओसी के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह गोलीबारी लगातार तीसरी रात गई है। कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर से गोलीबारी की खबर है। सेना ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। 26 से 27 अप्रैल 2025 की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने तुतमारी गली (नौगाम सेक्टर) और रामपुर (बोनियार उरी) सेक्टरों के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के गोलीबारी की और हमारे जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

### एनआईए ने हमले के चश्मदीदों से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। रविवार को एजेंसी के एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में गठित टीमों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हुए हमले के चश्मदीदों से पूछताछ की। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए चश्मदीदों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए आतंकियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है। फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की सहायता से टीमें पूरे क्षेत्र की गहन जांच कर रही हैं, ताकि आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया जा सके। टीमें बुधवार से ही हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने श्रीनगर समेत कई अन्य जगहों पर भी आतंकियों व उनके समर्थकों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारकर संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची जारी की गई है।

## भिड़ंत के बाद आग का गोला बनीं कारें, एक की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रविवार को चोरगलिया-सितारगंज मार्ग पर दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, और देखते ही देखते दोनों वाहनों में आग लग गई। दोनों वाहनों में लगी आग की लपटों में कार में सवार लोग फंस गए और चीखपुकार मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आग के गोलों में तब्दील हुई दोनों कारों पर दमकल कर्मियों ने बमुश्किल काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। इस सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन बच्चों, एक महिला समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनऊ से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों की कार संख्या यूपी32केजे -शेष पृष्ठ दो पर

### एक दर्जन से अधिक झुग्गियों में लगी आग, दो लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 17 स्थित एक झुग्गी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग आस पास मौजूद करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। तलाशी के दौरान दो शव बरामद किए गए हैं, अभी तलाशी अभियान जारी है। स्थानीय लोगों ने दमकल की गाड़ियों के देर से पहुंचने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय राजधानी के शकरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आईटीओ के पास जंगल में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### शिक्षा निदेशालय में बड़ी संख्या में फाइलें हुई जलकर खाक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित शिक्षा निदेशालय के दो कमरों में आग लगने से बड़ी संख्या में फाइलें जलकर राख हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आर के पांडेय ने बताया कि आग लगने की सूचना करीब 8:35 बजे मिली। शिक्षा निदेशालय की पत्थर बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के लेखा अनुभाग के कमरा नंबर- 14 और 15 में आग लगी। आग में कितनी फाइलें जली हैं इसके बारे में उन्होंने कहा कि गिनती नहीं है, लेकिन बड़ी संख्या में फाइलें जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि दो फायर टेंडर आग बुझाने में लगे थे। फाइलें होने के कारण आग बहुत तेजी से फैली थी। करीब दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

### कोर्ट की नाराजगी के बाद तमिलनाडु के दो मंत्री हटाए गए

**चेन्नई।** अदालतों की नाराजगी के बाद जैसा कि व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी तमिलनाडु के वरिष्ठ मंत्री वी. सेंथिलबालाजी और के पोनमुडी को रविवार रात राज्य मंत्रिमंडल से हटा दिया गया। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सिफारिशों पर राज्यपाल आरएन रवि ने इसे स्वीकार कर लिया। श्री सेंथिलबालाजी, जिन्हें पिछले वर्ष सितम्बर में उन्हीं विद्युत, निषेध और आबकारी विभागों के साथ मंत्रिमंडल में पुनः शामिल किया गया था, को नौकरी के लिए नकदी घोटाले में पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किए जाने के बाद मंत्री पद या जमानत पर निर्णय लेने के लिए सोमवार (कल) तक का अल्टीमेटम दिया गया था।

### डा. कस्तूरीरंगन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार


**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा. के. कस्तूरीरंगन का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री कस्तूरीरंगन का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में वैज्ञानिक, राजनीतिक और शैक्षणिक समुदाय की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

## पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को मिलेगा न्यायः मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 121 वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से देश का हर व्यक्ति पीड़ा और आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि हमले से पीड़ित प्रत्येक परिवार के प्रति हर व्यक्ति की संवेदना है। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। जिन लोगों ने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है, उनका दर्द देश का प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है। हर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।



## 77 पाक हिंदू श्रद्धालुओं का चारधाम यात्रा पंजीकरण रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद उत्तराखंड सरकार ने कड़ा निर्णय लेते हुए चारधाम यात्रा के लिए पंजीकृत सभी 77 पाकिस्तानी श्रद्धालुओं का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस आतंकी घटना को 'कायराना हरकत' बताते हुए कहा कि टूरिज्म और टेररिज्म एक साथ नहीं हो सकते। पर्यटन मंत्री ने बताया कि चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। अब तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। इनमें 185 देशों से आए 25,000 से अधिक विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश और राज्य श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और संवेदनशीलता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री महाराज ने कहा कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा को आस्था, सुविधा और सुरक्षा का आदर्श मॉडल बनाना चाहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की भूमि पर धार्मिक -शेष पृष्ठ दो पर



- टूरिज्म व टेररिज्म एक साथ नहीं हो सकतेः पर्यटन मंत्री महाराज




# गंगा एक्सप्रेस-वे पर उतरा योगी का हेलीकॉप्टर

हरदोई, वार्ता

उत्तर प्रदेश में मेरठ से प्रयागराज के बीच बनाये जा रहे सूबे के सबसे लंबे एक्सप्रेस वे, गंगा एक्सप्रेस वे पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर उतरा। योगी यहां करीब 20 मिनट रहे और उन्होंने एक्सप्रेस वे पर लगभग पांच किलोमीटर तक जाकर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

योगी ने गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में लगे यूपीडा के अधिकारियों से प्रगति को लेकर वार्ता की और कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। छतीस हजार करोड़ की लागत से 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस का कार्य नवंबर तक पूरा होना है मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर आज हरदोई जिले के तहसील बिलग्राम के हसनपुर गोपाल गांव के पास एक्सप्रेस-वे पर बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। वहां पर बनाये गए कॉटेज में उन्होंने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, जिलाधिकारी हरदोई मंगला प्रसाद सिंह सिंह के अलावा गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में लगी यूपीडा के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर जानकारी हासिल की। जानकारी



■ सूबे के सबसे लंबे एक्सप्रेस वे के कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण किया

हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री का वाहनों का काफिला अधिकारियों के साथ करीब 5 किलोमीटर तक गंगा एक्सप्रेसवे के निरीक्षण के लिए निकला। निरीक्षण करने के उपरांत मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद पर गंगा एक्सप्रेसवे के निरीक्षण के लिए निकल गए जलालाबाद में वायु सेवा के लिए हवाई पट्टी का भी एक्सप्रेसवे पर निर्माण किया गया है, जिस पर मई के पहले सप्ताह में अभ्यास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल गंगा एक्सप्रेस-वे का काम नवंबर तक पूरा होना है। आज के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और यूपीडा के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री गंगा एक्सप्रेस-वे पर अब तक कराए कार्यों की हकीकत देखने के लिए हरदोई के साथ ही शाहजहांपुर के पीरू गांव और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर के आलमनगर बांगर के पास भी गंगा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करेंगे। गंगा एक्सप्रेसवे की अनुमानित लागत 36230 करोड़ रुपये है। गंगा एक्सप्रेसवे, मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर बिजौली गांव से शुरू होगा और प्रयागराज में एनएच 19 पर जुदापुर दादू गांव के पास खत्म होगा। खास बात है कि गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा और सिक्स लेन में बनाया जा रहा है भविष्य में इसे आठ लेन में भी किए जाने की गुंजाइश रखी गई है, यह यूपी का सबसे बड़ा एक्सप्रेस वे होगा जिस पर का सबसे अधिक फोकस है। इस एक्सप्रेस में का भूमि पूजन 18 दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहज. हांपुर जिले में किया था।

## पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच कराई जाए: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत सरकार से अत्यधिक सावधानी और सजगता से प्रतिक्रिया करने का अनुरोध करते हुए भावुक अपील की है। उन्होंने आतंकवादियों और निर्दोष नागरिकों के बीच अंतर करने पर जोर देते हुए क्षेत्र में विभाजन को गहरा करने की जगह एकता को मजबूत करने वाली कार्रवाइयों का अनुरोध किया है। कश्मीर में हजारों गिरफ्तारियों और आतंकवादियों के घरों के साथ-साथ आम लोगों के घरों को ध्वस्त करने की रिपोर्टों पर भी गहरी चिंता जताई और चेतावनी दी कि अगर इस तरह के व्यापक उपायों को सावधानी के साथ नहीं किया गया, तो निर्दोष कश्मीरियों को अलग- थलग करने और आक्रोश को बढ़ावा देने का खतरा है।

# सुमन के काफिले पर हमला, गाड़ियां तोड़ी

अलीगढ़, वार्ता

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर अलीगढ़ में करणी सेना की ओर से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों के अनुसार गोभाना टोल प्लाजा पर उनके काफिले पर पथराव किया गया, जिससे कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। करणी सेना ने राणा सांगा पर सुमन के बयान को लेकर पहले ही धमकी दी थी।

रविवार को अलीगढ़ से रामजी सुमन अपने काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर की ओर जा रहे थे। हमले में काफिले में शामिल कई गाड़ियों के शीशे पत्थर लगने से टूट गए, जबकि कुछ वाहन आपस में टकरा भी गए। घटना के बाद काफिले की गाड़ियां तेजी से निकलने लगीं, जिससे आगे जाकर कुछ वाहनों की आपस में टक्कर भी हो गई। गौरतलब है कि करणी सेना ने पहले ही रामजी



■ आगरा से बुलंदशहर जाते समय करणी सेना ने बरसाए पत्थर

लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए एक बयान को लेकर नाराजगी जताई थी और उनके काफिले पर हमले की धमकी दी थी।

आरोप लगाया गया है कि इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, जिससे पुलिस और जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए बयान दिया है कि जब तक रामजी लाल सुमन अपने बयान पर माफी नहीं मांगते, इस तरह के विरोध प्रदर्शन और हमले जारी रहेंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, हमले के बाद सपा कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों में रोष व्याप्त है और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। दूसरी ओर, सपा सांसद के काफिले को बुलंदशहर की सीमा में घुसने से रोका गया। गांव सुनहरा में थार चढ़ाने से महिला की मौत मामले में पीड़ित परिवारों से सपा का डेलिगेशन मिलने जा रहा था। रामजीलाल सुमन सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आह्वान पर बुलंदशहर जा रहे थे। सपाइयों के डेलिगेशन को अलीगढ़-बुलंदशहर की सीमा गवाना पर पुलिस द्वारा रोका गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा नेता हत्याकांड में पांच आरोपियों को भेजा जेल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद के थाना टूंडला क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी नेता की दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद में शनिवार को दिन दहाड़े हुए बसपा नेता विनोद कुशवाहा हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया मृतक विनोद कुशवाहा के पुत्र प्रिंस द्वारा सात लोगों के नाम से हत्याकांड की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थाना टूंडला पुलिस और एसओजी टीम ने संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए रविवार भोर को एक वाटर पार्क के खंडहर में छुपे बैठे आरोपियों की घेराबंदी की गई। पुलिस ने इस मामले में रितिक, पंकज, सचिन तथा मुकुल को गिरफ्तार किया।

### गोरखा समुदाय ने केंद्र शासित प्रदेश की मांग की तेज

**दार्जिलिगं।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में गोरखाओं के बीच एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और उन्होंने अब केंद्र शासित प्रदेश के गठन की मांग पर जोर देने का फैसला किया है। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा, गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा, गोरखालैंड राज्य निर्माण मोर्चा और क्रांतिकारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जैसे दलों ने अलग राज्य और गोरखाओं के हितों के मुद्दे पर नया आंदोलन छेड़ने के संकेत दिए हैं।

### बीजेपी ने दिल्ली को पीछे धकेला: कक्कड़

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की तपती गर्मी में किसी भी बस स्टैंड पर चले जाएं, सब भरे हुए हैं। पहले एक मिनट की इंतजार होती थी, अब 1 घंटे की होती है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बिना 2000 बस दिल्ली की सड़कों से कम कर दी हैं। प्रियंका कक्कड़ ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बीजेपी पर हमला बोला है। दिल्ली में आबादी और गाड़ी बढ़ती रहती है, दिल्ली विश्व की सबसे कंजेस्टिड राजधानी बन गई थी।

# किसी देश का खुफिया तंत्र 100 प्रतिशत फुलप्रूफ नहीं

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले की तुलना आतंकी संगठन हमास के इजरायल पर किए हमले से की। उन्होंने कहा कि इजरायल के पास मजबूर खुफिया तंत्र होने के बावजूद हुआ। क्योंकि उन्हें हमले की जानकारी नहीं थी। किसी भी देश के पास कभी भी 100 प्रतिशत खुफिया जानकारी नहीं हो सकती है।

थरूर ने कहा कि बिलावल भुटो का सिंधु जल रोकने पर दिया खून बहने वाला बयान केवल भड़काऊ बयानबाजी है। हम पाकिस्तानियों को कुछ नहीं करना चाहते, लेकिन अगर वे हमारे साथ कुछ करते हैं, तो जवाब के लिए तैयार रहें। अगर खून बहेगा तो हमारे मुकाबले उनकी तरफ ज्यादा बहेगा। थरूर ने कहा कि पहलगाम हमले में एक पैटर्न है। लोगों को उकसाया जाता है, ट्रेंड किया जाता है, हथियार दिए जाते हैं। अक्सर सीमा पार से डायरेक्ट किया जाता है और पाकिस्तान सभी जिम्मेदारी से इन्कार करता है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई। इसमें एक नेपाल का नागरिक भी था। 17 लोग घायल हुए। थरूर ने कहा कि इजरायल का उदाहरण हमारे पास है। उनके पास दुनिया की सबसे अच्छी खुफिया एजेंसी की बात कही जाती है। दो साल पहले 7 अक्टूबर



■ पाकिस्तान आतंकियों को ट्रेनिंग, हथियार देता है और हमले की जिम्मेदारी से इन्कार करता है: थरूर

2023 को हमास ने अटैक किया। जिसने सबको चौंका दिया। जिस तरह इजरायल युद्ध के अंत तक जवाबदेही का इंतजार कर रहा है।

उसी तरह हमें भी मौजूदा संकट को देखना चाहिए और सरकार से जवाबदेही मांगनी चाहिए। जो हमले रोके उनकी भी बात हो हम उन आतंकी हमलों के बारे में नहीं जान पाते जिन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया। हम केवल उन हमलों के बारे में ही जान पाते हैं, जिन्हें नहीं रोक सके। यह किसी भी देश में सामान्य बात है। मैं मानता हूं कि विफलताएं भी थीं, लेकिन अभी हमारा मुख्य ध्यान इस पर नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान पर हो सकता है सख्त एक्शन 2016 के उरी अटैक बाद भारत सरकार ने बॉर्डर पर सर्जिकल स्ट्राइक की।

## युवाओं ने दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदला: मोदी

# युवा विज्ञान व नवाचार की ओर बढ़ रहा

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश का युवा विज्ञान, तकनीक और नवाचार की ओर बढ़ रहा है और उसने दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदलने का काम किया है। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा कि हम पूरी दुनिया में भारत के प्रतिभा की तारीफ होते देखते हैं।

भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है और किसी भी देश के युवा की रुचि किस तरफ है, किधर है, उससे पता चलता है कि देश का भविष्य कैसा होगा। आज भारत का युवा विज्ञान, तकनीक और नवाचार की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे इलाके जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आजकल सबका ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले तक, दंतेवाड़ा का नाम केवल हिंसा और अशान्ति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहां एक साइंस सेंटर, बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। इस साइंस सेंटर में जाना बच्चों को खूब पसंद आ रहा है। वे अब नई-नई मशीनें बनाने से लेकर तकनीक का उपयोग करके नए उत्पाद बनाना सीख रहे हैं। उन्हें 3डी प्रिंटर्स और रोबोटिक कारों के साथ ही दूसरी नवाचार चीजों के बारे में जानने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय पहले मैंने गुजरात साइंस सिटी में भी साइंस गैलरीज का उद्घाटन किया था। इन गैलरीज से ये झलक मिलती है कि आधुनिक विज्ञान की संभावना क्या है, विज्ञान हमारे लिए कितना कुछ कर सकता है। मुझे जानकारी मिली है कि इन गैलरीज को लेकर वहां बच्चों में बहुत उत्साह है। विज्ञान और नवाचार के प्रति ये बढ़ता आकर्षण जरूर भारत को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।



■ मासिक कार्यक्रम मन की बात में बोले प्रधानमंत्री युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए जिनसे नया विश्वास बढ़ा

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ें युवा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरती की सेहत को ठीक रखने के लिए देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर सभी से एक एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में आज कहा कि हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत, हमारे 140 करोड़ नागरिक हैं, उनका सामर्थ्य है, उनकी इच्छा शक्ति है। जब करोड़ों लोग, एक-साथ किसी अभियान से जुड़ जाते हैं, तो उसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। इसका एक उदाहरण है 'एक पेड़ मां के नाम'- ये अभियान उस मां के नाम है, जिसने हमें जन्म दिया और ये उस धरती मां के लिए भी है, जो हमें अपनी गोद में धारण किए रहती है। उन्होंने कहा कि पांच जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस एक साल में इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।

## आतंकियों ने धर्म नहीं पूछा था, सीएम सिद्धारमैया के बाद कर्नाटक के मंत्री का विवादित बयान

**बंगलूरू।** कर्नाटक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर विवादित बयान देने की होड़ सी लग गई है। एक दिन पहले सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि वे पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं है। अब उनकी सरकार के एक मंत्री ने यह कहकर एक और विवाद खड़ा कर दिया है कि आतंकवादी हत्या करने से पहले उसका धर्म नहीं पूछते। बता दें कि राज्य के आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि आतंकियों ने गोली मारने से पहले लक्ष्य का धर्म पूछा होगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गोली चला रहा है, क्या वह जाति या धर्म पूछेगा? वह बस गोली चलाकर चला जाएगा। व्यावहारिक रूप से सोचें। वह वहां खड़ा होकर नहीं पूछेगा और फिर गोली नहीं चलाएगा। मंत्री ने कहा कि देश इस जघन्य हमले से परेशान है और आरोप लगाया कि इसे धार्मिक मुद्दे के रूप में पेश करने की साजिश रची जा रही है। 22 अप्रैल मंगलवार को पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने 26 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। कई पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने कहा है कि आतंकवादियों ने सभी से उनका धर्म पूछा। जिन लोगों ने कहा कि वे हिंदू हैं, उन्हें गोली मार दी गई। वहीं भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने कर्नाटक के मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के मंत्री थिम्मापुर की बर्बर और दुष्ट टिप्पणी ने शोक संतप्त परिवारों की निष्ठा का अपमान किया है और पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित इस्लामी आतंकवादी हमले में मारे गए पीड़ितों के साहसी बलिदान को अपमानित किया है। राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी में भी, सांप्रदायिक कांग्रेस पार्टी, जिसने अपनी आत्मा और विवेक को धार्मिक तुष्टिकरण की अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए गिरवी रख दिया है।

## अर्थ व्यापार

# आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तरलता बढ़ाने के उपाय की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह आर्थिक आंकड़ों के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफएफआई) के रुख पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 659.33 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79212.53 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 187.7 अंक यानी 0.8 प्रतिशत



की तेजी के साथ 24039.35 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 548.51 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 42528.71 अंक और स्मॉलकैप 58.96 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 48005.62 अंक पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अगले सप्ताह 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024.25 का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने वाला है। साथ ही अप्रैल 2025 के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आने वाले हैं। इन आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। इसके अलावा अगले सप्ताह एफएफआई के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा। इस वर्ष अप्रैल में अब तक बाजार से एफएफआई 2,175.26 करोड़ रुपये निकाल चुके है। हालांकि इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 22,249.47 करोड़ रुपये की लिवाली की है। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन तेजी जबकि दो दिन गिरावट रही। ट्रम्प के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 9 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 860.06 अंक की छलांग लगाकर 79,413.26 अंक और निफ्टी 273.90 अंक उछलकर 24125.55 अंक पर बंद हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 686.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 677.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.52 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 578.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.6 अरब डॉलर उछलकर 84.6 अरब डॉलर हो गया।

# सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हुआ

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों की तेजी के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड एवं पाम ऑयल के साथ ही चना और दाल चना महंगी हो गई, जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सोया रिफाइंड 450 रुपये और पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।



सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान द्धभाव प्रति क्विंटलत्र गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगे हो गए। साप्ताहांत पर चीनी एस. 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**डेडलाइन खत्म ....** नागरिकों की तलाश तेज हो गई है। केंद्र सरकार चाहती है कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय से ज्यादा भारत में न रहे, इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है। भारत सरकार की डेडलाइन खत्म होने के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानियों का रहना गैरकानूनी माना जाएगा। इसलिए ये भी साफ है कि अगर कोई पाकिस्तानी डेडलाइन के बाद भी भारत में पाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की थी। उन्होंने साफ कहा था कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय से ज्यादा देश में नहीं रहना चाहिए। यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लिया गया है। रविवार को करीब 237 पाकिस्तानी नागरिक भारत से पाकिस्तान लौटे और 116 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत लौटे। 24 अप्रैल से अब तक 537 पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान लौट चुके हैं और 850 भारतीय नागरिक भारत लौट चुके हैं। ये पूरी जानकारी अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने दी है। पाकिस्तानी पासपोर्ट धारकों के पास सीमा पार करने के लिए 29 अप्रैल तक का समय है। यही स्थिति भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए भी है।

**भिड़ंत के बाद...** 9754 सितारगंज की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी ऑटो कार बागेश्वर नंबर की थी, जो सितारगंज से पिथौरागढ़ की ओर जा रही थी। रविवार को चोरगलिया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के पास दोनों कारें हाईवे पर आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते दोनों कारों से आग की लपटे निकलने लगी। कार से निकली चीखपुकार सुनकर राहगीरों और स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी यात्रियों को समय रहते कारों से बाहर निकाला गया। जिससे बड़ी जनहानि होने से टल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और आग का गोला बनी दोनों कारों पर बमुश्किल काबू पाया गया। सड़क हादसे में गिजगड़ा झूलाघाट पिथौरागढ़ निवासी पुष्कर सिंह गोवाड़ी (52) पुत्र स्व. बहादुर सिंह गोवाड़ी व (22) मयंक गोवाड़ी पुत्र पुष्कर गोवाड़ी निवासी गिजगड़ा झूलाघाट, जबकि विकास सिंह पुत्र लाल सिंह (35), रितु पत्नी विकास (28), अनन्या पुत्री विकास (16), सूरज पुत्र विकास (5), शुभि पुत्री विकास (3) निवासी लखीमपुर शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर मौजूद चिकित्यकों ने पुष्कर सिंह गोवाड़ी (52) पुत्र स्व. बहादुर सिंह गोवाड़ी निवासी गिजगड़ा झूलाघाट पिथौरागढ़ को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुष्कर गोवाड़ी का पुत्र भी गंभीर रूप से घायल है। वहीं यूपी लखीमपुर निवासी दंपति व उनके तीनों बच्चें भी गंभीर रूप से घायल हैं। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग को मौके पर बुलाया गया। सड़क हादसे की सूचना पर एसडीएम राहुल शाह भी मौके पर पहुंच गए।

**77 पाक हिन्दू...** पर्यटन का स्वागत है, लेकिन उन देशों के प्रति सख्ती जरूरी है, जो आतंकवाद को आश्रय देते हैं।

**हेलीकॉप्टर टिकट व पार्किंग पर सख्ती**

श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने हेली टिकटों की कालाबाजारी और यात्रा मार्गों पर अवैध पार्किंग शुल्क वसूली को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

**यात्रा की तैयारियां पूरी, ऑफलाइन पंजीकरण 28 अप्रैल से शुरू**- राज्य सरकार की ओर से यात्रा मार्गों की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 28 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू किए जा रहे हैं। इसके लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर और हरबर्टपुर में पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं। इस बार आधार नंबर के जरिये भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई है।

# आतंकी हमारे घर में कैसे घुस आए: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर हमला बोला है और पूछा है कि आतंकी हमारे घर में कैसे घुस आए, इसका जवाब देना चाहिए। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है।बता दें कि मंगलवार को पहलगाम में आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 निहत्थों को गोली मार दी थी।

उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि पीड़ित परिवारों को 10-10 करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाए। इसके अलावा, उन्हें सरकारी नौकरी भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटेलिजेंस पूरी तरह से फेल हो गया है। समय पर सुरक्षा बल नहीं पहुंचे। यह देश का बच्चा-बच्चा जान रहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम के साथ पुलवामा की चर्चा हो रही है। सरकारी की नाकामी के चलते हमला हुआ है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान की बजाय प्रचार को

■ पीड़ितों को दस-दस करोड़ मुआवजा दिया जाए

प्राथमिकता दे रही है। अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यूपी में महिलाएं असुरक्षित हैं। हमारे मुद्दे आज भी सुरक्षा और बेरोजगारी है। सपा के लोग सोशल मीडिया पर लिखते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। पुलिस अधिकारियों की कमजोरी को बीजेपी ने पकड़ लिया है, इसलिए मनमानी कराई जा रही है। बीजेपी भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों से मनमानी करा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ा दिया है। युवतियों के लिए असुरक्षित माहौल है, फीस लगातार बढ़ रही है। शिक्षा का निजीकरण किया जा रहा है। बेरोजगारी की समस्या उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में विफल रही है, जिससे वंचित वर्ग आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहा है। उन्होंने कहा किजिस तरह से नौकरियां कम हो रही हैं, लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल पा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जान का खतरा बताकर पत्रकार ने लगाई सुरक्षा बढ़ाने की गुहार

## बीते वर्ष हुआ था जानलेवा हमला, पीड़ित को फिर मिल रही है धमकी

- 12 की जगह 24 घंटे सुरक्षा दिलाने की रखी मांग
- पीड़ित ने परिवार के साथ होने वाली अनहोनी पर भी आरोपियों को बताया जिम्मेदार


आरोपी उमर कुरैशी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना के एक पत्रकार ने बीते वर्ष चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर फिर से किसी घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई है।

पत्रकार ने खुद की जान को खतरा बताया, साथ ही अधिकारियों से सुरक्षा 12 घंटे की बजाय 24 घंटे कराए जाने की मांग की है। बता दें, कि एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार यासीन पुत्र यूसुफ पर बीते वर्ष उस समय जानलेवा हमला कर दिया गया था जब वे दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रहे थे। चाकुओं से उन पर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कई आरोपियों को जेल भेजा था। इसी बीच यासीन को सुरक्षा भी अधिकारियों ने उपलब्ध कराई थी। यासीन के अनुसार एक आरोपी उमर पुत्र अय्यूब जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ है। आरोप है कि शनिवार को वह उनका पीछा करता हुआ दिखा। उनके सुरक्षा कर्मी ने उसे फटकार लगाई तो वह वहां से फरार हो गया। यासीन ने इस मामले से अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उमर को पकड़ा और उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। जहां से एसडीएम ने उसकी जमानत अर्जी खारिज करते हुए उसको जेल भेज दिया। उधर यासीन ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी 12 घंटे से बढ़ाकर 24 घंटे किए जाने की मांग की है। पीड़ित ने कहा कि उसका भाई एडवोकेट आस मोहम्मद की या उनके परिवार की किसी की भी हत्या होती है या कोई आपत्तिजनक घटना होती है तो उसके जिम्मेदार उमर, इमरान, अबूबकर व रेहान निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद आदि होंगे।

# शादी के फोटो वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकला रसूलपुर निवासी युवक ने एक युवक के खिलाफ उसकी शादी के फोटो वायरल कर अश्लील बातें लिखने का आरोप लगाते हुए एसएसपी के आदेश पर भावनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम इकला रसूलपुर निवासी शादाब ने बताया कि उसकी शादी जुलाई 2024 में भावनपुर निवासी कैफिया पुत्री जहीरूद्दीन के साथ हुई थी एक सप्ताह पूर्व ही फेसबुक पर इकबाल निवासी ग्राम बहोडपुर थाना मवाना ने उनके निकाह के फोटो वायरल कर रखे थे वहीं उन फोटो पर गंदे गंदे कमेंट व अपमान. जनक बातें लिख रखी थी। जिससे दोनों के परिवार काफी आहत हुए थे इसकी शिकायत उन्होंने परीक्षितगढ़ थाने व साइबर क्राइम से की थी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई, वहीं शिकायत की जानकारी होने पर दिसंबर 2024 की रात को सउद नूरेन हसीन तफसीर व कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए तथा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। पीड़ित की तहरीर पर एसएसपी ने थाना भावनपुर को रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# इजराइल के झंडे की पेंटिंग बनाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर में सामाजिक तत्वों द्वारा इजरा. इल के झंडे की पेंटिंग बनाकर माहौल खराब करने के मामले में थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है तथा सीसीटीवी कैमरों के द्वारा आरोपियों की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है। बस स्टैंड के पास जगह-जगह इजरायल के झंडे की पेंटिंग बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की थी कि भारत भी इजरायल की तरह दुश्मन देश पर हमले कर बदला ले जिससे कुछ ग्रामीणों में रोष फैल गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की है।

# फलावदा क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर निकाला शांति जुलूस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

फलावदा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटन स्थल पर नागरिकों पर हुए आंतकवादी हमले को लेकर आतंक वादियों के खिलाफ नगर के व्यापारियों व लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है।

संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को नगर के सभी मुख्य बाजार बंद करके सैकड़ो लोगों के साथ शांतिपूर्ण कैंडल मार्च यात्रा मेंन बाजार से आरंभ होकर पुलिस चौकी मार्ग, मवाना मार्ग, मोहल्ला अंबेडकर मार्ग, मोहल्ला सैनियान, शहीद भगत सिंह, बस स्टैंड होते हुए स्वतंत्रता सेनानी द्वार पर समापन के दौरान चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आंतकवादियों द्वारा मजहब पूछ कर 28 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस हमले से सभी लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। हम सब इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि आंतकवादियो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। कैंडल मार्च में शामिल सभी व्यापारी व लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के नगर अध्यक्ष विपिन रस्तोगी, व्यापारी नेता अजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी बिश्नोई, कृष्ण बृजमोहन बिश्नोई, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, मानसिंह चंद्रा, मनोज जाटव, सुनील, शमीम रिजवी आदि रहे।

# न्यूनतम इनवेसिव मॉडर्न नी रिप्लेसमेंट तकनीक से हो रहा दर्द रहित घुटना प्रत्यारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाल के वर्षों में नी रिप्लेसमेंट ने चमत्कारिक रूप से एक विकासात्मक रूप ले लिया है। पहले जहां यह प्रक्रिया जटिल, दर्दनाक और लंबी अस्पताल में भर्ती के साथ होती थी, वहीं आज इसके हर पहलू में अद्यतन तकनीकों और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों के कारण यह सुरक्षित, त्वरित और लगभग दर्दरहित हो गई है। गंभीर गठिया या घुटने की चोट से पीड़ित मरीज अब तेज ठीक होने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद कर सकते हैं।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के ऑर्थो पेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. एल. तोमर ने बताया कि पहली बात, आज की सर्जरी में मिनिमल इनवेसिव तकनीकों का उपयोग होता है, जिससे त्वचा और मांसपेशियों में क्षति बहुत कम होती है। छोटे चीरे के माध्यम से सर्जन घुटने तक पहुंचते हैं, जिससे सर्जिकल ट्रॉमा घटता है और घुटने की जकड़न व सूजन भी सीमित हो जाती है। इससे मरीज का रिकवरी समय कम हो जाता है और वह संभवत: ऑपरेशन के अगले ही दिन चलते-फिरने लगते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण व्यवस्था है बेहतर पेन मैनेजमेंट प्रोटोकॉल क्षेत्रीय एनेस्थीसिया और मल्टीमॉडल एनाल्जेसिया का संयोजन मरीज को न्यूनतम असुविधा का अनुभव कराता है। ऑपरेशन के दौरान और बाद में दर्द को नियंत्रित रखने के लिए विभिन्न दवाओं और तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे मरीज को पारंपरिक सर्जरी की तरह तीव्र दर्द से नहीं गुजरना पड़ता।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्थ डे पर पर्यावरणीय स्थिरता के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस अर्थ डे पृथ्वी दिवस पर, जब पूरी दुनिया हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के तहत एकजुट हो रही है, हमें याद आता है कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम में, यह प्रतिबद्धता हमारे अहम मूल्यों में अंतर्निहित है। जो हमें न केवल वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन सहित विभिन्न विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों को नया रूप देने और पेश करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से लचीली दुनिया की खोज में अक्षय ऊर्जा को अपनाने सहित ऐसी सामूहिक पहल का नेतृत्व भी करती है जो निरंतर जारी रहें। 2015 में घोषित वैश्विक टोयोटा की पर्यावरण चुनौती 2050 चुनौती 1-6 के अनुरूप, हम टीकेएम में उत्पादों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों और हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को शामिल करे।

# सीसीएसयू के छात्रों ने आतंकवाद की शव यात्रा निकाल नाले में दफनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के छात्र सड़कों पर उतरे। छात्र नेता विनीत चपराना के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से आतंकवादियों की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। इस दौरान छात्रों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पाकिस्तान तेरा नास हो जैसे नारे लगाए।

इसके बाद छात्र नेता विनीत चपराना ने विश्वविद्यालय के समीप इन प्रतीकात्मक शवों को नाले में दफनाया। छात्रों ने इन शवों पर आतंकवादियों के पोस्टर भी लगाए हुए थे, जो उनके आक्रोश और घटना के प्रति विरोध को स्पष्ट रूप से दर्शा रहे थे। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में मेरठ के छात्रों का अनूठा प्रदर्शन है। छात्र नेता विनीत चपराना के नेतृत्व में छात्रों ओर युवाओं ने आतंकियों की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने विश्व विद्यालय के छोटे गेट के पास स्थित एक गंदे नाले में प्रतीकात्मक शवों को दफनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सीसीएसयू छात्र नेता विनीत चपराना ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र नेता विनीत चपराना ने इस अवसर पर भारत सरकार से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की पुरजोर मांग की है। छात्र नेता विनीत चपराना ने कहा है कि पहलगाम के दरिंदो को मरने के बाद भी दो गज जमीन भी नहीं देंगे , उनके शवों को असल में गंदे नाले में दफनाया जाएगा। गंदे नाले में शव यात्रा को दफनाने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# धूम्रपान के कारण फेफड़े हो रहे हैं खराबः डॉ. अरविंद कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** मेरठ फोरम फॉर क्लीन एयर की एक विशेष सभा का आयोजन रविवार को आई.एम.ए. हॉल में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद कुमार मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव खुराना, एल.सी.एफ. के संस्थापक, मुख्यालय दिल्ली आर.के. मिश्रा, एस.पी. ट्रैफिक, मेरठ के साथ विशेष अतिथि राजेश कुमार, डीएफओ, मेरठ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय वायू प्रदुषण का फाइनल आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. अमित नागर को-चेयरमैन ने सभी का स्वागत किया। वाद विवाद प्रतियोगिता के बाद इसके डॉ. अरविंद कुमार, फेफड़े प्रत्यारोपण सर्जन, मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम द्वारा धूम्रपान का फेफड़ों तथा वायु प्रदूषण पर प्रभाव, विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदुषण के कारण प्रत्येक वर्ष कोविड से अधिक सालाना मृत्यु हो रही है। वायु प्रदुषण के कारण बड़े शहरो में जन्म से ही बच्चे तीन से पांच सिगरेट पीने के बराबर धुआं प्रतिदिन अपने शरीर मे स्वास द्वारा ले रहे है। जिसका असर फेफड़ों के अतिरिक्त सम्पूर्ण शरीर के अंगो पर बुरा डल रहा है।



# मवाना की सड़कों पर चिपकाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर

- युवा नेता गौरव गुर्जर के नेतृत्व में निकली विरोध यात्रा, मवाना बंद के दौरान मेडिकल स्टोरों पर भी लटका ताला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को मवाना पूरी तरह बंद रहा। युवा नेता गौरव गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने विरोध जुलूस निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और मवाना की सड़कों पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर चिपकाए। आतंकी हमले में जान गवां चुके लोगों की आत्माशांति के लिए प्रार्थना की गई।

हिंदूवादी संगठन के लोग बड़ी संख्या में गौरव गुर्जर के नेतृत्व में थाना-तहसील तिराहे पर एकत्र हुए। यहां नारेबाजी करते हुए विरोध यात्रा नगर के सभी बाजार के रास्तों से होकर सुभाष चौक पर संपन्न हुई। गौरव गुर्जर ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों ने निहत्थे लोगों को धर्म पूछकर मारा। वह भारत सरकार से मांग करते हैं पाकिस्तान को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। विरोध यात्रा में पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। गौरव गुर्जर के साथ कार्यकर्ताओं ने पूरी सड़क पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर चिपकाए। वहीं लोगों का कहना था कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को आतंकवाद का जवाद दिया जाए। इस दौरान सचिन मोतला, विनीत गुर्जर, प्रियांशू खटीक, बिट्टू शर्मा, मोहित कश्यप, सचिन कौशिक, अमर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए नए फीचर्स की घोषणा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सीईओ कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है। साथ ही, जब से स्पैम ट्रैफिक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों की ओर ट्रांसफर हुआ है।

# मवाना पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर गिरोह, पांच बाइकें बरामद

## गिरोह के सभी सदस्य गिरफ्तार, डेढ़ दर्जन से ज्यादा मुकदमें हैं दर्ज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** लगातार गुर्ड वर्क करने की दिशा में इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने एक कदम और बढ़ा दिया। इंस्पेक्टर के निर्देशन में पुलिस टीम ने शातिर बाइक चोर गिरोह के सभी चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की गई पांच बाइकें बरामद हुई हैं। सभी चोरों के विरुद्ध पूर्व में भी डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को हस्तिनापुर रोड पर पुलिस चौकी सुभाष बाजार पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक युवक को बिना नंबर प्लेट की स्पेलेंडर बाइक के साथ पकड़ लिया गया। उसने अपना नाम अंकुर नागर पुत्र मंगल कुमार निवासी किशनपुर बिराना बताया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने यह बाइक अपने ममेरे भाई आदित्य उर्फ जित्ते पुत्र बिंदर कुमार निवासी ग्राम तखावली थाना बहसूमा के साथ मिलकर 20-25 दिन पहले मवाना शुगर मिल से चोरी की थी। उसने बताया कि उसके तीन साथी हस्तिनापुर रोड पर नहर पुल के पास खड़े हैं। पुलिस ने नहर के पास बिजलीघर पर खड़े आदित्य, आसिफ पुत्र यूनुस निवासी ग्राम शाहपुर बटावली थाना बहसूमा व सचिन पुत्र भंवर सिंह निवासी किशनपुर बिराना को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई चार अन्य बाइकें व काटी गई एक बाइक खुर्दबुर्द हालत में बरामद हुई हैं। पुलिस ने सभी शातिर चोरों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर- 3 निवासी सचिन ने रविवार शाम को शराब के नशे में फांसी लगा ली। फांसी की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना उस समय हुई जब सचिन की पत्नी सपना घर से बाहर गई हुई थी। जब वह वापस लौटी तो सचिन को पंखे से लटका हुआ पाया। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पंखे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सपना ने पुलिस को बताया कि सचिन पहले भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि सचिन ने यह कदम क्यों उठाया। क्षेत्रवासियों में इस घटना को लेकर अलग-अलग चर्चा है।

# पाकिस्तान का विरोधः बाजार बंद कर फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर रामराज में समस्त संगठनों के आह्वान पर सभी व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए आतंकवाद के खिलाफ बंद को भारी समर्थन मिला। जिसमें सभी प्रतिष्ठान, स्कूल मेडिकल स्टोर, बैंक ग्राहक सेवा, जन सेवा केंद्र पूरी तरह बंद रहे। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पाकिस्तान का पुतला फूंककर कर विरोध प्रदर्शन किया।

जिसमें नगर में रामराज के व्यापारियों ने एक दिन के लिए बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया, वहीं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे और समाज सेवा एवं नागरिकों तथा ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन जताते हुए कहा कि जैसे हमारे हिंदुस्तानियों को आतंकियों ने गोली मारकर शहीद किया है ऐसे ही आतंकियों के ठिकानों पर हमला करते हुए उनको मार गिराये। उन्होंने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा कि आतंकी हमले से देश के लोग आहत हैं उनको कड़ा जवाब देना चाहिए। नगर में व्यापार संघ अध्यक्ष अमन गोयल, संगठन मंत्री अमित गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन उपाध्याय, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, संरक्षक प्रमोद गर्ग, संरक्षक गोरव राजवंशी, महामंत्री विपुल गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी के आह्वान पर नगर का बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा और दुर्गा मंदिर में एकत्र होकर पूरे कस्बे में यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। नागरिकों ने कहा कि जिस तरह से हिंदुस्तानियों पर आतंकियों ने गोली चलाकर 26 लोगों को शहीद किया है ऐसे ही आतंकियों के ठिकानों को नेश्तानाबुद कर दिया जाये। इस मौके पर सोनू उपाध्यक्ष, शुभम् लाम्बा, पंकज चौधरी, समसुदीन अब्बासी, श्रिलोकी प्रजापति, बिरजू प्रजापति, मानवेन्द्र सिंह, राजा रस्तोगी, टीटू जैन, पंकज गोयल, अंकित प्रजापति, मोनू कुमार, ऋषभ गोयल, दीपक कुमार, शुभम् प्रजापति, मोबीन सलमानी आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी और कस्बा रामराज में ठाकुर जयपाल सिंह, विपेंद्र सुधा वाल्मीकि, रोहित उर्फ मोनू बंसल, व्यापार संघ अध्यक्ष विपिन मनचंदा के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान का पुतला फूंककर नारेबाजी की। व्यापारियों ने पंजाब नेशनल बैंक से शुरू होकर सिख संगत गुरुद्वारा के पास पुलिस चौकी पर संपन्न किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ठाकुर जयपाल सिंह, सतबीर चौहान, नरेश चौहान, देवेंद्र चौहान, विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन मनचंदा, व्यापार प्रकोष्ठ रामराज अध्यक्ष भाजपा नेता सुदर्शन गोयल, डॉक्टर श्रीपाल को. हली, विकास बंसल, अजय बंसल, अशोक सिंगला, विधिचंद आदि लोग शामिल रहे।





# मेरठ में आयोजित होगा 'मेरठ खेल महोत्सव'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईएमटी विश्व. विद्यालय एवं स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 15 से 17 मई तक मेरठ खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि मेरठ खेल महोत्सव के माध्यम से खेल-खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मेरठ खेल महोत्सव में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान हेतु क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, टेनिस क्रिकेट, रस्साकशी, कबड्डी, प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज आई.आई.एम.टी में विवि एवं स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन मेरठ के बैनर तले मेरठ खेल महोत्सव की ट्रॉफी एवं टी शर्ट लॉन्चिंग सेरेमनी एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता आईआईएमटी विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मयंक अग्रवाल ने करते हुए आयोजन सचिव, स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक, नि. विशेष आमंत्रित सदस्य श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार नमन भारद्वाज एवं आयोजन समिति के समस्त सदस्यों के साथ मेरठ खेल महोत्सव की ट्रॉफी एवं टी शर्ट को लॉन्च किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे डॉ. मयंक अग्रवाल का आयोजक नमन भारद्वाज एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत अभिनन्दन किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान हेतु क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, टेनिस क्रिकेट, रस्साकशी, कबड्डी, प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खेल महोत्सव मई माह में 15 से 17 मई में आयोजित होगा जिसके ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण 27 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से शुरू हो गए हैं। रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम 10 मई 2025 होगी। महोत्सव में पहले आओ पहले पाओ नियम के तहत पंजीकरण रखे जायेंगे। कार्यक्रम के आयोजक नमन भारद्वाज एवं खेल प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से खेल महोत्सव आईआईएमटी विवि एवं एमएसबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित होंगे। खेल महोत्सव में केवल मेरठ जिले के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे, महोत्सव अंडर 21 ग्रुप में बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित होगा।

# एसपी ने प्रेस वार्ता कर सेल्समैन से लूट की घटना का किया खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एसओजी सर्विलांस टीम शामली व थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत सेल्समैन के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की घटना में लिप्त एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटे हुए 6500 रुपये नकद व अवैध तमंचा व कारत.ूस बरामद किए गए हैं।

17 अप्रैल को गुलवीर मलिक पुत्र देवी सिंह हाल निवासी ग्राम लिसाढ़ थाना कोतवाली शामली जनपद शामली जो शराब सेल्समैन है अपना काम खत्म करने के बाद अपने घर जा रहा था कि रात्रि करीब 21:50 बजे रेलवे फाटक कांधला से बुढाना रोड़ ग्राम अट्टा के पास अज्ञात अभियुक्तो द्वारा हमला कर नगदी लूट ली गई थी। घटना के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 27 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा चलाए जा रहे लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में एसओजी सर्विलांस टीम शामली व थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्यावाही में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत सेल्समैन के साथ रेलवे फाटक कांधला से बुढाना रोड़ ग्राम अट्टा के पास हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की घटना में लिप्त एक शातिर अभियुक्त को चौंकिग दौरान फतेहपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त के कब्जे से लूटी हुई नगदी 6500 रुपए व अवैध 1 तमंचा 315 बोर मय 2 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है। यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियुक्त अनिकेत उर्फ अनी उर्फ कट्टा पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्रांम डूगर थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर ने बताया कि गुलबीर मलिक उर्फ रोमी से उधार शराब न देने को लेकर हमारा पहले भी विवाद हुआ था।

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता कस्बे के निवासियों ने एक युवक पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वीडियो में एक धर्म विशेष के लोगों को निशाना बनाते हुए अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है और सभी कश्मीरी लोगों को आतंकवादी बताया गया है। इस मामले को लेकर कस्बे के लोगों ने थाना गढ़ीपुख्ता में प्रार्थना पत्र देकर युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। निवासियों का कहना है कि ऐसी वीडियो से सामा.जिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि उन्हें इस संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और वीडियो की गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम विद्यालय में शुरू हुआ फर्श का कार्य, गड़बड़झाले के लग रहे आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएम विद्याालय में बीतें दिसम्बर माह में करीब छह लाख की धनराशि बैंक खातो से निकालने के बाद स्कूल मे टाइल्स आदि का कार्य नही होने की खबर प्रकाशित होने के बाद जॉच मे फंसने के डर से समिति प्रभारी ने कार्य शुरू कराते हुए फर्स कराने के लिए रोडो को कुटवाया। समिति अध्यक्ष ने मामले की उच्चस्तरीय जॉच कराने की मांग की है। चौसाना क्षैत्र के गांव बल्लामाजरा में केन्द्र की योजना पीएम के अन्तर्गत विद्यालय को डिजिटल व नई शिक्षा पद्धति पर आधारित है।

विद्यालय में एक एसएमसी समिति का भी गठन किया गया है,ताकि विकास कार्यो की निगरानी की जा सके। समिति के अध्यक्ष जुल्फुक्कार पुत्र तुफैल सहित एक दर्जन से अधिक लोगो ने संयुक्त रूप से एक प्रार्थनापत्र उच्चाधिकारियों को देकर जॉच कराने व धन के दुरुपयोग की वसूली की मांग की है। पीएम विद्यालय मे गडबडझाले की खबर प्रकाशित होने के बाद समिति के प्रभारी ने अलग अलग माध्यम से अध्यक्ष से सम्पर्क कर शिकायत वापस लेने के दबाव के साथ कार्य कराने की बात कही। जिस पर निर्माणाधीन कमरो मे फर्स के लिए ईंटो की कुटाई का कार्य शुरू कर दिया गया। अध्यक्ष का आरोप है कि कार्य के निर्माण के लिए बीते 27 दिसम्बर को कार्य को पूरा करा हुआ दिखाकर पैसा निकलवा लिया गया। वही पूरे प्रकरण मे समिति प्रभारी मनीष कुमार को फोन पर जानकारी लेनी चाही तो उनका फोन बंद मिला। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी विकास पंवार का भी फोन बंद मिला।

# चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला व बाबरी पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए शराब सेल्समैन से लूटपाट करने वाले एक शातिर अपराधी व बाबरी क्षेत्र के गांव कैडी से ट्रोला चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। जिनके पास से लूटी गई 4600 रूपये की नकदी, एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस व चोरी किया गया ट्रोला बरामद किया गया है।

रविवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रामसवेक गौतम ने बताया कि 17 अप्रैल को गांव लिसाढ निवासी सैल्समैन गुलवीर सिंह उर्फ रोमी मलिक कांधला से ठेका बंद कर गांव जा रहा था। तभी बीच रास्ते में गांव अटटा के निकट रेलवे फाटक के पास 46 हजार रूपये की नकदी लूट ली थी। घटना के अनावरण के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। कांधला पुलिस ने इस मामले में सर्विलांस व एसओजी टीम के मदद से घटना में शामिल एक शातिर अभियुक्त अनिकेत उर्फ अन्नी निवासी गांव डुंगर थाना फुगाना को चौकिंग के दौरान फतेहपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से लूटी गई 6500 रूपये की नकदी, एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो कारतूस बरामद किए गए।

पूछताछ करने पर पकडे गए अनिकेत ने बताया कि शराब सैल्समैन के साथ उधार शराब न देने पर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने अपने साथी चांदबीर के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पकडे गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। वही दूसरी घटना 24 अप्रैल को गांव कैडी में हुई। जिसमें अजय कुमार के ट्रोला को चोरी कर लिया था। इस मामले में बाबरी पुलिस ने ट्राला बरामद करते हुए दो शातिर चोरों अनस, मनव्वर निवासीगण गांव सोंता रसूलपुर थानाभवन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अभियुक्तों के दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पकडे गए चोरों के पास से घटना में प्रयोग किया गया आयशर ट्रेक्टर व दो अवैध चाकू भी बरामद किए है। पुलिस ने पकडे गए चोरों को जेल भेज दिया है।

# आर्य सम्मेलन का महायज्ञ संपन्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य समाज के 150में स्थापना दिवस के अवसर पर आर्य समाज मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय आर्य सम्मेलन का 31 कुंडीय यज्ञ के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह के भतीजे करणजीत सिंह संधू रहे।

रविवार को आर्य सम्मेलन के अंतिम दिन 31 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित आदित्य आचार्य ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। इसके बाद आदि जगत के अंतर्राष्ट्रीय भजन उपदेशक पंडित दिनेश पथिक ने अपने भजन ऋषि ने जलाई है ज्योति से ज्योति जहां में सदैव हूं जलती रहेगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप है मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। वैदिक विद्वान अंतर्राष्ट्रीय उपदेश स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा की स्वामी दयानंद हिंदुत्व की रक्षा करने वाले ऋषि थे। हिंदू धर्म के लोग जो अपने धर्म ग्रंथो को नहीं पढ़ते सत्संग नहीं आसानी से दूसरों के बहकावे में आ जाते हैं। देश में व्याप्त वामपंथी विचारधारा बहुत घातक है। आज आवश्यकता है देश को बचाने की लेकिन हम अपने रिश्ते भी नहीं बचा पा रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह के भतीजे करनजीत सिंह संधु ने कहा कि सरदार भगत सिंह ने ब्रिटिश सरकार के कान खोलने के लिए असेंबली में बम धमाके कर इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया था। क्रांतिकारियों के बड़े संघर्ष के बाद आजादी मिली है। लेकिन आज फिर देश के वजूद को खतरा पैदा हो रहा है, हम सब का कर्तव्य हैं की देश और देशवासियों लिए एकजुट होकर आतंकवाद का डटकर मुकाबला करें। पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, विजय कौशिक, विवेक प्रेमी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल ऋषि के लगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में यजमानो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रघुवीर सिंह आर्य, राजपाल सिंह आर्य, नितिन वर्मा आर्य, गिरधारी लाल आर्य, सुभाष धीमान, विनोद तोमर आर्य, रामकुमार गुप्ता, नरेंद्र, सुंदरलाल आर्य, दिनेश शर्मा, राजीव धीमान, सचिन धीमान, अपार गौरव आर्य, विकास धीमान, कमला आर्य संतोष आर्या, सुनीता पाल आर्य आदि मौजूद रहे।

## एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यूध्वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया है। 27.4.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी राजेन्द्र उर्फ सिंगल पुत्र जगमेहर हरिजन है।

# नहाते वक्त यमुना के गहरे कुंड में समा गए हरियाणा के तीन युवक

**गर्मी से निजात पाने को साथियों के साथ यमुना स्नान के लिए पहुंचे थे तीनों युवक, यमुना में डूबे युवकों की तलाश में जुटे गोताखोर, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**



**कैराना।** गर्मी से निजात पाने को स्नान के लिए आए हरियाणा के तीन युवक नहाते वक्त यमुना में बने गहरे कुंड में समा गए। यमुना में डूबे युवकों की तलाश में गोताखोर जुटे हुए है। वहीं, यमुना में समाए युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। रविवार दोपहर बाद करीब तीन बजे पानीपत के वार्ड संख्या-12 की वीरनगर कॉलोनी निवासी राकेश (24), पिंटू (30) व श्यामू (19) अपने दोस्त सूरज व अजय के साथ में नहाने के लिए यमुना पर आए थे। राकेश का भाई राजेश भी उनके साथ आया था। बताया जा रहा है कि युवक राकेश, पिंटू व श्यामू हरियाणा की ओर यमुना में नहाने लग गए, जबकि सूरज, राजेश व अजय बाहर किनारे पर बैठे रहे। इसी दौरान नहाते वक्त तीनों युवक यमुना में बने गहरे कुंड में डूबने लगे। युवकों को डूबता देख बाहर बैठे उनके साथियों ने शोर मचा दिया। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर यमुना ब्रिज चौकी पर तैनात यूपी व हरियाणा के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा डूबे युवकों की तलाश शुरू कराई। बाद में कैराना से प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी हासिल की। साथ ही, यमुना में डूबे युवकों की तलाश में लगे गोताखोरों को सर्च अभियान में तेजी लाने को कहा। वहीं, मामले की जानकारी होने पर युवकों के परिजन भी यमुना पर पहुंच गए। युवकों के यमुना में डूबने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने पुलिस-प्रशासन पर गोताखोरों की व्यवस्था देरी से करने का आरोप लगाया है। शाम तक यमुना में डूबे युवकों की तलाश जारी थी। उधर, प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार का कहना है कि नहाते वक्त हरियाणा के तीन युवक यमुना में डूबे है, जिनकी तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# मोबाइल चोरी के आरोप को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव बूंटा में मोबाइल चोरी के पुराने मामले को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव बूंटा निवासी इनाम पुत्र अब्बास ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि हाल ही में क्राइम ब्रांच की टीम गांव पहुंची थी, जहां गांव के ही गय्यूर, हारून, शादाब पुत्रगण फय्याज तथा तौफीक पुत्र अशफाक के पास से चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोप है कि उक्त चारों ने मेरे भाई इकरार का नाम भी झूठे तरीके से चोरी के मामले में लिखवा दिया था। पीड़ित के अनुसार, 20 अप्रैल को ग्राम प्रधान के बुलावे पर वह अपने भाई के साथ प्रधान के घर पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद विपक्षी ग"यूर, हारून, शादाब और तौफीक ने अबरार व इकराम पुत्रगण इनाम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद चारों ने लाठी-डंडों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया, जिससे अबरार और इकराम को गंभीर चोटें आई।घटना के दौरान मौजूद ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला। मारपीट के बाद आरो.पियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित इनाम ने बताया कि विपक्षीगण गांव के दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और चोरी जैसी घटनाओं में पहले भी संलिप्त रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व तौफीक ने इनाम का मोबाइल चोरी किया था, जो थाना भवन पुलिस ने दो माह बाद बरामद किया था। उस समय भी आरोपियों के पास से करीब 15 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। वहीं, थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीस बीघा गेंहू की फसल के अवशेष जलकर स्वाहा



**कैराना।** गांव जहानपुरा में करीब बीस बीघा गेंहू के फसल अवशेष जलकर राख हो गए। आग से किसान का करीब चालीस हजार हजार रूपए का नुकसान हुआ है। क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी मुसय्यब ने जहानपुरा में राजबाहे की पटरी के निकट करीब बीस बीघा भूमि ठेके पर लेकर गेंहू की फसल बो रखी थी। फसल पकने पर उसने रीपर मशीन से अनाज कटवा लिया था। जबकि फसल अवशेष खेत में ही खड़े थे, जिनका भूसा बनाया जाना था। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर करीब दो बजे फसल अवशेषों में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर मुसय्यब अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ में खेत पर पहुंचा तथा आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं, मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्र में पुलिस रेस्पॉन्स व्हीकलद्धपीआरवीत्र पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। बताया जा रहा है कि करीब एक घंटा बाद दमकल की गाड़ी खेत में पहुंची। हालांकि तब तक फसल अवशेष पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। पीड़ित किसान ने करीब चालीस हजार रूपए का नुकसान होने की बात कही है।

## अदीबा ने हासिल किए 80.5 फीसदी अंक



**कैराना।** कैराना कस्बे के मोहल्ला कलालान निवासी आस मोहम्मद पेशे से अधिवक्ता है। उनकी पुत्री अदीबा नगर के जाकिर मेमोरियल इण्टर कॉलिज में कक्षा दस की छात्रा है। विगत 25 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर-प्रदेश द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें अधिवक्ता आस मोहम्मद की पुत्री अदीबा ने 80.5 फीसदी अंक प्राप्त करके विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अदीबा की सफलता से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता एवं शिक्षकों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन को दिया है।

# पहलगाम हमला: आतंकवाद के खात्मे की मांग






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने रविवार को शामली कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को रोकने की मांग की।

रविवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि भाकियू अराजनैतिक एक वैचारिक संगठन देशभर में जिला.धिकारी कार्यालयों पर आयोजित प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन दे रहा है। हालिया आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई, एक बार फिर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के घिनौने चेहरे को उजागर करता है। यह घटना न केवल हमारे देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है, बल्कि हमारे नागरिकों के मन में भय और असुरक्षा की भावना भी पैदा करती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान लगातार सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य हमारे देश में अस्थिरता पैदा करना है। हम सभी जानते हैं कि ऐसे आतंकी संगठनों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों और सेना का समर्थन प्राप्त है। उन्होने मांग की कि दोषियों के विरुद्ध इजराइल एवं अमेरिका की तर्ज पर करवाई की जाए।

सीमा पर निगरानी और गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि आतंकियों की घुसपैठ को रोका जा सके। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आवाज उठाई जानी चाहिए और पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए वैश्विक समुदाय का समर्थन प्राप्त किया जाना चाहिए। स्थानीय समुदायों के साथ संवाद और सहयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षा बलों पर विश्वास हो और वे आतंकवाद विरा.धी प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक, सुखपाल राठी, उपेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र मलिक, अशोक, अफजाल खान, आबिद, आजम पिंडौरा, रविन्द्र राणा, मोहित चौधरी, गुलबीर सिंह, राहुल, अजय पिंडौरा, दुष्यंत मलिक मौजूद रहे।

## पहलगाम में पर्यटकों और शामली के पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली शहर के पत्रकारों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों और शामली के वरिष्ठ पत्रकार, एक पत्रकार एक पत्रकार के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रेस क्लब शामली की एक बैठक नगर पालिका हाल में क्लब के जिला अध्यक्ष रामव.ीर राठी अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर चहूं और शोक व्याप्त है। पत्रकार अनवर अंसारी की माता और पत्रकार अजय बावरा के पिता तथा पत्रकार उपेंद्र चौधरी की लंबी बीमारी के चलते निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शामली नगर पालिका में आयोजित शोक सभा में पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन धारण कर पहलगाम के पर्यटक और पत्रकारों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रामबीर राठी, महासचिव अनवर अंसारी, पंकज वालिया, रवि सुलनिया, नदीम अहमद, दिनेश भारद्वाज, आरिफ चौधरी आदि मौजूद रहे।

## आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**चौसाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में रोष व्याप्त है। रविवार की शाम को चौसाना कस्बे में भी स्थानीय व्यापारियों और समाजसे.वियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सभी ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला और मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार की शाम को कस्बे के मुख्य बाजार में व्यापारी संगठन संयुक्त व्यापार मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों लोग एकत्र हुए और कैंडल मार्च की शुरुआत की। कैंडल मार्च हनुमान धाम से चौसाना बिजलीघर तक पहुँचा। हाथों में मोमबत्तियां लिए लोग हपाकिस्तान मुर्दाबादह और हआतंकवाद विरोधीह नारे लगाते हुए बाजार में पैदल मार्च करते रहे। स्थानीय लोगों ने भी इस शांति मार्च में बढ़-चढ़कर भाग लिया। माहौल भावुक और देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कैंडल मार्च के बाद हनुमान चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। व्यापारी नेता नगराध्यक्ष कंवरपाल शर्मा ने कहा कि देश के वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए और सरकार को आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। समाजसेवी राजेश मित्तल ने भी लोगों से अपील की कि देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए सभी नागरिकों को एकजुट रहना होगा।इस कार्यक्रम में युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और सभी ने एक स्वर में देश की सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ संकल्प लिया।

## चार मुकदमों में वांछित हिस्ट्रीशीटर को झिंझाना पुलिस ने किया लगड़ा

**पुलिस ने अवैध तमंचा, चोरी में प्रयुक्त उपकरण सहित तांबे का तार व मोटर साईकिल बरामद की**



**झिंझाना।** शनिवार की देर रात्रि ऊन रोड स्थित स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज के निकट पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया ,जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस सहित चोरी में प्रयुक्त उपकरण, बाइक आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि ग्राम बल्ला माजरा में 9 अप्रैल को अज्ञात चोरों द्वारा नलकूपों से तार चोरी की घटना की गई थी, इस मामले में स्थानीय थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। फरार चल रहे बदमाश उमरदराज उर्फ काला पुत्र नूसा निवासी ग्राम बल्ला माजरा की लोकेशन ऊन रोड पर मिली, जिस पर पुलिस ने स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज के निकट हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त के साथ मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा की गई फायरिंग के दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस व तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त उपकरण, तांबे का तार व एक मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद की है, जबकि बदमाश का एक साथी मौके से भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने बताया कि उपचार के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ गौ अधिनियम तथा एनडीपीएस व अलग अलग धाराओं में करीब 14 मुकदमे दर्ज हैं।

# कश्मीर में आतंकी हमले के विरोध में बागपत रहा बंद

## जनपद के समस्त व्यापारियों ने दुकानें बंद कर आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे, सरकार से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत/बडौत।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जनपद बागपत में रविवार को पूर्ण रूप से बंद रहा। बड़ौत, खेकड़ा और बागपत शहर की सभी दुकानें, बाजार, रेहड़ी-पटरी और सब्जी मंडियां बंद रहीं।

इस दौरान रविवार को जनपद के व्यापारियों ने एकजुट होकर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। व्यापारी संगठनों ने कहा कि आतंकियों द्वारा मजहब पूछकर लोगों की हत्या करना मानवता के खिलाफ है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। व्यापार संघ के बंद के आहवान को विभिन्न सामा. जिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का समर्थन मिला। बागपत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि आतंकी घटनाओं के खिलाफ सिर्फ सरकार ही नहीं, हर नागरिक को एकजुट होना होगा। जिलेभर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर आंदोलन में हिस्सा लिया। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका यह बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। इस दौरान बडौत नगर के व्यापारियों ने मेडिकल स्टोर हॉस्पिटल पान की दुकान रेहड़ी पटरी होटल यानी कि चाय की दुकान तक भी बंद करके लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद किया। सामाजिक संस्थाओं ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद करके 2 मिनट का मौन धारण किया। समस्त व्यापारी संगठनों ने मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता दिए जाने की केंद्र सरकार से मांग की है। पहलगाम की घटना को लेकर हर किसी व्यक्ति के अंदर भारी रोष देखने को मिला। सड़कों पर राज मान जा बेटा पाकिस्तान बाप तेरा हिंदुस्तान, हिंदुस्तान में रहना होगा वंदे मातरम कहना होगा, जय श्री राम के नारों से आज नगर की धरती गूंज उठी जगह-जगह रेलिया निकल गई। बागपत राष्ट्र वंदना चौक पर पुतला भी फूंका गया। इस मौके पर इरफान, नितिन, सौरभ, अमित, आलोक, आशुतोष, मोदी जैन, अंकुर जैन, अतुल जैन, योगेश जिंदल, अनिल महादेव, सुनील आर्य, अमित चिकारा, प्रभात जैन संतोष ज्वैलर्स के अलावा काफी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।








## किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर में खेत पर जा रहे एक 55 वर्षीय किसान की ट्रेक्टर के नीचें दबने से मौत हो गयी जबकि ट्रेक्टर चला रहा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसमे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही मृतक के घर पर परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। ग्रामीणों उन्हें सात्वंना देने मे लगे है।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी 55 वर्षीय किसान धर्मपाल पुत्र हुकुम सिंह अपने खेतो पर कार्य करने जा रहा रास्ते मे उसे ट्रेक्टर ले जाता हुआ गांव का ही बंटी पुत्र कल्लू मिला जिससे लिफ्ट ले वह भी ट्रेक्टर पर बैठ गया ट्रेक्टर लेकर जब वह खेतो पर जा रहे थे तभी पूर्वी यमुना नहर पर ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचें दोनों किसान दब गये। आस पास के किसानों और सेठ तारीफ सिंह जैन डिग्री कालिज के ग्राउंड मे खेल रहे युवकों ने देखा तो उन्हें बचाने दौड़ पड़े और गांव मे सूचना दी गांव से क्रेन मंगा ट्रेक्टर को हटाया गया और दोनो को घायल अवस्था में टटीरी के सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर धर्मपाल को मृत घोषित कर दिया गया। वही बंटी को घायल अवस्था मे मेरठ भेजा गया है जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। वही धर्मपाल के शव को परिजन घर ले आये जहां परिजनों का रो रो बुरा हाल है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।


मृतक का फाइल फोटो



### नेत्र शिविर में 300 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** घिटौरा गांव में एक नेत्र और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 300 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईया वितरित की गयी। घिटौरा गांव में बैगराज पुत्र बीरम के आवास पर एक नेत्र और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहा डाक्टर अजहर पठान ने मरीजों की जांच करते हुए बताया कि ज्यादा मरीज आंखों मे एलर्जी के पाये गये। वही स्वास्थ्य शिविर में जुकाम, खासी से पीड़ित मिले शिविर मे 300 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाईया वितरित की गयी। शिविर मे 30 लोगों ने रक्त दान भी किया। शिविर में कपिल गुर्जर जिलाध्यक्ष किसान यूनियन अजगर ने अपना सहयोग दिया। इस मौकें पर डा.विधया, सुरेन्द्र, सजीव, रिहान,पदम, जसवीदर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गर्मी तोड़ेगी अपना पूरा रिकॉर्ड, हाई अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में इस बार गर्मी अपना रिकॉर्ड पूरी भरपूर तरीके से तोड़ने का काम करेगी। इसके लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है।

29 अप्रैल से 2 जून तक एनसीआर क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई भी व्यक्ति बाहर खुले आसमान के नीचे नहीं निकलेगा क्योंकि मौसम विभाग ने भी है। चेता. वनी जारी की मौसम विभाग ने बताया है कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियम तक रहने की संभावना जताई जा रही है जिससे अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबीयत खराब हो जाए तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं रूम के अंदर का दरवाजा खोल कर रखें ताकि वेंटीलेशन ना रहे मोबाइल का प्रयोग कम से कम करें। वैज्ञानिकों के अनुसार मोबाइल फटने की संभावना भी जताई जा रही है। कृपा अपनी सावधानी रखें और लोगों को भी इसके लिए सावधानी बरतने की सलाह दें बड़ी गर्मी में लोगों को नगर के सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा.विजय कुमार गर्ग से इस संबंध में जब बातचीत की गई तो उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में अगर तबीयत खराब हो जाए तो चिकित्सकों की सलाह लेकर ही उपचार कराने का काम करें। उन्होंने सलाह दी है कि ज्यादा गर्मी में दही, मट्ठा, बेल पत्थर का जूस, मौसमी का जूस, नींबू का पानी, फूटी का जूस आदि ठंडे पेयजल पदार्थ का अधिक सेवन करें।

### ट्यूशन पढने जा रही छात्रा से छेड़छाड, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव में टयूशन पढने जा रही कक्षा आठ की एक छात्रा के साथ गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ की और किसी को बतानें पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने थानें पहुंच तहरीर दी है।

चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव मे कक्षा आठ की एक छात्रा तीन बजें गांव मे ही एक घर पर टयूशन पढने जा रही थी रास्ते मे ही गांव के एक युवक ने उसे रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर युवक ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी और कहा अपने घर किसी को बताया या पुलिस मे शिकायत की तो परिवार सहित जान से मार देगे। पीड़ित छात्रा ने घर आकर घटना की जानकारी दी। जहां परिजनों ने थाना चांदीनगर पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द आरोपी युवक को पकड़ लिया जायेगा।

### प्रदीप मिस्टर तो कीर्ति जांगड़ा मिस फेयरवेल बनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** कस्बे के जगमोहन कॉलेज ऑफ लॉ में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष शिवमोहन शर्मा, डा. रीता शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों की रैंप वॉक, चेयर गेम, स्पून गेम, डांस प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। महाविद्यालय के सचिव प्रणीत मोहन शर्मा व डायरेक्टर जनरल नरेंद्र शर्मा ने बताया कि एलएलबी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी प्रदीप मिस्टर फेयरवेल व कीर्ति जांगड़ा मिस फेयरवेल बनीं। इस मौके पर निधि त्यागी, चेतन, हरिओम ठाकुर, अंकित चौहान, फरहत जहां, कपिल राणा, सुजाता सिंधु, सहनवाज, उपकार त्यागी मौजूद रहे।

### असामाजिक तत्वों ने लगाई कोल्हू पर गन्ने की खोई में आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव के जंगल में सुबोध निवासी ढिकौली के कोल्हू पर खोई में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इससे करीब 500 क्विंटल गन्ने की खोई जलकर राख हो गई। आग लगने से कोल्हू संच. ालक को चार लाख रुपये का नुकसान हो गया। ढिकौली गांव निवासी सुबोध ने बताया कि खट्टा प्रहलादपुर के जंगल में गुर्जर नगर के पास कोल्हू लगा रखा है। आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने कोल्हू पर एकत्रित की गई खोई में आग लगा दी। हवा चलने के कारण आग फैल गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने आग लगने की जानकारी दी। अग्निशमन विभाग की टीम और मजदूरों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। सुबोध ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर चांद. ीनगर पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिन में बच्ची का दाखिला नहीं किया तो स्कूल की मान्यता होगी रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत के माउंट लिट्रा स्कूल में आरटीई के तहत बच्ची का नर्सरी कक्षा में दाखिला नहीं देने पर बीएसए ने आखिरी नोटिस जारी किया है। बच्ची को तीन दिन में दाखिला नहीं देने पर स्कूल की मान्यता रद्द की जाएगी। बड़ौली के विकास ने नर्सरी कक्षा में बेटी विधि का दाखिला कराने के लिए आरटीई के तहत आवेदन किया था। इसमें बच्ची का नंबर आ गया था और बड़ौत के माउंट लिट्रा स्कूल में दाखिला देने के लिए बीईओ ने पत्र भेजा था। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन ने बच्ची को दाखिला नहीं दिया। विकास ने बीएसए से शिकायत कर बच्ची का दाखिला कराने की मांग की थी। शिकायत पर बीएसए गीता चौधरी ने माउंट लिट्रा स्कूल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर दाखिला देने के आदेश दिए थे। परंतु अभी तक भी दाखिला नहीं दिया गया। बीएसए ने फिर से नोटिस जारी कर तीन दिन में दाखिला नहीं देने पर मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है। बीएसए ने कहा कि जो भी स्कूल आरटीई के तहत दाखिला नहीं देगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**NOTICE**
It is for general information that I, Dharmveer Singh Chauhan S/O Dharm Singh Chauhan R/O House No. K.56, Ganga Nagar, Meerut, Mawana Road Road Meerut, Meerut Cantt, Meerut Uttar Pradesh -250001, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Dharamveer Singh and Dharam Singh in my 10th class and 12th class marksheets and certificates. The actual name of mine and my father are Dharmveer Singh Chauhan and Dharm Singh Chauhan.

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** दिल्ली सहारनपुर रोड़ पर स्थित भाजपा के कैंप कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुना जाएगा। 29 अप्रैल को भाजपा कार्यालय बागपत में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल जनजागरण अभियान पर कार्यशाला होगी, जिसमें क्षेत्र व प्रदेश के पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में आकर वक्फ संशोधन कानून 2025 के उद्देश्य और प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। हमले में मृत लोगों की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। इस दौरान मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, सोशल मीडिया के संयोजक दिपेश तोमर, जिला कोषाध्यक्ष नितिन जैन, व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, नगर अध्यक्ष चिराग जैन, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, दिनेश प्रधान, सोनू यादव, सुनील तोमर, सुधीर त्यागी, देवेन्द्र खोखर, मास्टर अमित चंदैल आदि मौजूद रहे।



## यमुना के पावन तट पर 28 अमर आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए किए 28 दीपक प्रज्वलित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम की धरती पर जो नरसंहार घटित हुआ वह मानवता को झकझोर देने वाली एक अमानवीय त्रसदी थी। आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष हिंदू भाइयों की निर्मम हत्या ने समूचे देश को शोक और आक्रोश से भर दिया। रविवार को मां यमुना के पावन तट पर उन 28 अमर आत्माओं को श्रद्धांजलि देने हेतु 28 दीपक प्रज्वलित कर एक विशेष शोक बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज ने गहन भावुकता के साथ कहा कि आज का दिन केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं है। यह आत्म मंथन का दिन है। आज हम सब यहां एकत्र हुए हैं। उन 28 दिवंगत आत्माओं के सम्मान में जिनका जीवन आतंकी भेट चढ़ा माय यमुना के साक्षी में हम दीप जलाकर उन्हें नमन कर रहे हैं। यह केवल हत्या नहीं थी यह हमारी आस्था पर हमला था। हमारी संस्कृति पर हमला था हमारी सभ्यता पर हमला था आतंकवाद मानवता का सबसे घिनौना चेहरा है और हम सभी का कर्तव्य है कि इस जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट हो भारतीय जनता पार्टी हमेशा आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की पक्षधर रही है। हम केंद्र और प्रदेश सरकारों के साथ मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे। इस प्रकार की मानवीय घटनाओं की पूर्णरावती ना हो मेंसन का कुल परिवार को विश्वास दिलाता हूं कि भारतीय जनता पार्टी उनका दर्द बांटने के लिए हर समय उनके साथ खड़ी है। न्याय के लिए हम अंतिम सांस तक संघर्षित रहेंगे। आज हम सभी प्रण लें कि हम अपने समाज अपनी मातृभूमि और अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव जागरूक और संगठित रहेंगे। मां यमुना से यही प्रार्थना है कि वह इन पुण्य आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें, जिसमें बबली प्रधान ब्रजमोहन श्योराज मणि ब्रज. ेश मणि पप्पू चौहान टीटू शिखर शिवम बॉबी राहुल शर्मा सोमपाल विजय पाल मोती राम धर्मवीर राजपाल नरेश आदि रहे।

## संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए चलाया विशेष चैकिंग अभियान

**बागपत।** जनपद में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चला रख है। एसपी सूरज कुमार राय के निर्देश पर जनपद के समस्त बॉर्डर चौकियों पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

डूंडाहेड़ा, धौली प्याऊ, निवाडा, भड़ल और अन्य चौकियों पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। जनपद में प्रवेश करने वाले सभी संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जा रहे हैं। पुलिसकर्मी थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। मुख्य मार्गों और बाजारों में पुलिस तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रख रही है। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को डयूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। जनपद में शांति व्यवस्था बनी हुई है।



## पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति किया 2 मिनट का मौन धारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** क्षेत्र के जागोश गांव में विद्वान आचार्य पंडित संजय शास्त्री के आवास पर रविवार को पहलगाम में मारे गए हिंदुओं के प्रति आक्रोश प्रकट कर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए मृतक लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यज्ञ हवन किया गया जिसमें महिलाओं ने भी मृतक लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए यज्ञ हवन में आहुतियां देकर यज्ञ हवन को सम्पन्न कराया। यमुना नदी के किनारे बसे जागौश गांव में यमुना मैया में यज्ञ हवन सामग्री की राख को डाला गया। विधि विधान के साथ यज्ञ हवन को सम्पन्न कराने में मुख्य यजमानआचार्य पंडित संजय शास्त्री सुमित शास्त्री उर्फ कल्लू, मनीष कौशिक आकाश कौशिक बबीता कौशिक कु,मेघा कौशिक शिवानी कौशिक गुड़िया कौशिक के अलावा दीपांशु कौशिक विद्वान आचार्य पंडित विजय कौशिक आचार्य संदीप कौशिक पंडित अंश भारद्वाज ने विधि विधान से हवन पूजन कराकर पहलगाम में मारे गए हिंदू के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

## उत्तर प्रदेश से माय भारत मेंटोर कार्यक्रम में चयनित हुए अमन कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रविवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्तशासी संगठन मेरा युवा भारत द्वारा बागपत के युवा सामा. जिक कार्यकर्ता अमन कुमार का चयन माय भारत मेंटोर कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह चयन न केवल अमन कुमार के लिए बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि वह इस कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाले प्रदेश के पहले और एकमात्र युवा हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अमन कुमार अपने समाज कार्य और स्वयंसेवा के बहुमूल्य अनुभवों को साझा करेंगे और देशभर के युवाओं को समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

माय भारत पोर्टल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया था, और वर्तमान में इस पोर्टल पर 1.65 करोड़ से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह पोर्टल देशभर के युवाओं को एकजुट करने, उन्हें मार्गदर्शन देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। इस पोर्टल के माध्यम से अमन कुमार जैसे युवा सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं को उनके जीवन में सही दिशा देने और उन्हें सक्रिय नागरिक बनाने में मदद करेंगे। अमन कुमार का चयन इस कार्यक्रम में उनके निरंतर प्रयासों और समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान का परिणाम है। उन्हें इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है, जो राज्य का सर्वोच्च युवा पुरस्कार है। यह पुरस्कार उनके द्वारा किए गए ग्रामीण युवाओं के विकास, पर्यावरण संरक्षण, और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए किए गए प्रयासों की मान्यता है। उनका कार्य विशेष रूप से तकनीकी से सामाजिक बदलाव पर आधारित हैं। अमन कुमार वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मक्त विश्व. विद्यालय से समाज कार्य में अध्ययनरत हैं और उन्होंने अपनी शिक्षा और अनुभवों के आधार पर समाज कार्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। वह यूनिसेफ, यूनेस्को, हंड्रेड जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हुए हैं, जो वैश्विक स्तर पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। अमन कुमार, नेहरू युवा केन्द्र और युवा कल्याण विभाग से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष भी है।

## रोडवेज कर्मचारी संघ के बने रविंद्र अध्यक्ष व दीपक मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** रोडवेज डिपो पर रविवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ बड़ौत शाखा का चुनाव हुआ। जहां रविंद्र कुमार को अध्यक्ष व दीपक को सर्वसम्मति से मंत्री चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक सुशील कुमार ने बताया कि सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया है। जहां रविंद्र कुमार को अध्यक्ष व दीपक कुमार को मंत्री चुना गया। इनके अलावा कार्यशाला शाखा में विनोद कुमार को अध्यक्ष, धर्मवीर सिंह को मंत्री चुना। पदाधिकारियों ने जल्द ही शेष कार्यकारिणी का गठन करने की बात कही। संघ के सदस्यों ने चुने गए पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अनुज शर्मा, सत्यपाल सिंह, सोनू मलिक, सुरेशचंद, यशपाल सिंह, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक वांछित को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सिंघावली अहीर पुलिस से रविवार को चैकिंग के दौरान फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मौहब्बत पुत्र अहसान निवासी ग्राम मवीखुर्द बागपत निवासी बताया गया है। पुलिस आरोपी के विरूद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है।



# तीन दोस्तों ने चौथे की गला रेतकर की हत्या

## मृतक का पुत्र आर्मी का जवान, पुलिस हत्या के कारणों में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव नंगली जमालपुर में तीन दोस्तों ने अपने दोस्त की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच करने में जुट गई है। व्यक्ति की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव नंगली जमालपुर निवासी मनोज पुत्र रणधीर शनिवार देर रात्रि करीब 10 बजे अपने घर पर बैठा था। आरोप है कि तभी कस्बा बनत निवासी उसका दोस्त बबलू पुत्र कुलदीप बाईक से बुलाकर टयूवैल पर अपने साथ ले गया था। जहां पर पहले से ही कस्बा बनत निवासी उपेन्द्र व सुशील बैठे हुए शराब पी रहे थे। जिनकी मनोज



मृतक का फाइल फोटो।



के साथ किसी बात को लेकर कहा. सुनी हुई। आरोप है कि तीनों लोगों ने किसी धारदार हथियार से मनोज का गला रेत दिया। चीख पुकार सुनकर पास में ही मौजूद मनोज का भाई उपेन्द्र अपने भतीजे के साथ मौके पर पहुंचा और खून से लतपथ मनोज को जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। मनोज की हत्या की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मनोज की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के तीन पुत्र है, जिसमें एक पुत्र सागर आर्मी का जवान है। पुलिस अभी घटना के कारणों का पता लगाने में लगी है। फिलहाल हत्यारोपी फरार है।

# मकान का जंगला काटकर लाखों की चोरी से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव में चोरों ने मकान का जंगला काटकर हजारों की नकदी, व लाखों रूपये की कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के समय चोर दूसरे कमरे में सो रही महिला के गेट की कुंडी लगाकर फरार हो गए।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी बीना पत्नी स्व अनिल कुमार फौजी, अपनी पुत्री सोनम के साथ लुधियाना में रहती है। गत 17 अप्रैल को वह गांव में मकान की साफ सफाई व खेतों की देखभाल के लिए पहुंची थी। बताया जाता है कि शनिवार देर रात्रि वह मकान के एक कमरे में एसी चलाकर सो रही थी। तभी अज्ञात चोरों द्वारा मकान छत से प्रवेश कर दूसरे कमरे का जंगला काट दिया गया। जिसके बाद चोरों ने कमरे में प्रवेश कर वहां रखी अलमारी के ताले तोडकर करीब 40 हजार की नकदी, ढाई तोला सोने की गले की चौन, कानों के सोने के टॉप्स, पैन कार्ड, आधार कार्ड व बैंग में रखे जरूरी कागजात चोरी कर लिए।

यही नही मकान में बैठे कुत्ते को शांत करने के लिए चोरों ने घर के फ्रिज में रखी मिठाई भी उसके सामने रख दी और दूसरे कमरे में सो रही बीना के गेट की कुंडी मारकर फरार हो गए। सवेरे करीब 4 बजे जब बीना जगी तो बाहर से कमरा बंद देख उसके होश उड गए और उसने पडौस में रह रहे उसके चाचा ओमपाल को फोन कर बुलाया। जो मकान की छत से नीचे उतरे और कुंडी खोली। पीडिता ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## संगम के अध्यक्ष बने अनुराग जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली की एक मीटिंग का आयोजन नगर पालिका परिषद शामली पर किया गया। अध्यक्षता डॉ राजीव बंसल ने किया। सभी ने सर्व सम्मति से 2025 2026 सत्र संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल को बनाया। सभी ने उनका फूल माला से स्वागत किया। अध्यक्ष अनुराग जैन ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया और कहा कि जो आपने मुझे जिम्मेदारी दी है। उसको मैं आपके सहयोग से पूर्ण करने की कोशिश करूंगा। अधिष्ठापन कार्यक्रम जल्द होगा जिसमें समस्त कार्य कारणी की शपथ समारोह कराया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार तायल, अजय जैन, अरविंद बंसल, मोहन कुमार, प्रदीप बंसल, विनोद मित्तल, अजय गर्ग, दिनेश शर्मा, राम अवतार ऐरन, प्रभात भार्गव, दीपक कौशिक, मनोज शर्मा, अरविंद कौशिक, विक्की मित्तल, सुधीर कुमार सिंघल, ऋषभ जैन, विकास कौशिक आदि रहे।

## चोरी के आरोपी की तलाश में कैराना पहुंची हरियाणा पुलिस

**कैराना।** हरियाणा पुलिस ने चोरी के वांछित आरोपी की तलाश में कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी के हाथ न लगने पर पुलिस टीम को बैरंग लौटना पड़ा। रविवार को हरियाणा के जनपद करनाल के सेक्टर-13 स्थित सिविल लाइन पुलिस चौकी से एसआई बंशीलाल और एसआई अशोक कुमार कैराना कोतवाली पहुंचे। जहां पर उन्होंने आमद दर्ज कराई। इसके पश्चात, टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में चोरी के वांछित आरोपी की तलाश में दबिश दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपी पुलिस टीम के हत्थे नही चढ़ा।

# कृत्रिम अंग कैंप में 46 दिव्यांगों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माता अमृतानंन्दमई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट शामली एवं आश्रय सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा संयुक्त रूप से जे जे फार्म हाउस कैराना रोड पर 21वां दिव्यांग बन्धुओं की सहायतार्थ विशाल निशुल्क कृत्रिम अंग जांच शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली, अंकित गोयल व्यापार मंडल, सूर्यवीर सिंह चेयरमैन बीएसएम स्कूल शामली, हेमंत को. हली अध्यक्ष आश्रय सेवा संस्थान उदयपुर, अध्यक्ष सुनील गर्ग ने संयुक्त रूप से माता अम्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्ष सुनील गर्ग ने सभी अतिथियों का सम्मान कराया।



शामली। कैंप में शामिल दिव्यांग।

बताया कि आज 21वां कैंप लगाया गया। जिसमें 110 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन किए गए और 46 दिव्यांगों के हाथ ,पैर,कैलिपर का सलेक्शन उदयपुर की टीम डॉ मिथिलेश यादव, करण सिंह चौहान, सोमेश्वर गर्ग, प्रकाश चंद खराड़ी, प्रेम शंकर आदि ने नाप लिया और सलाह दी।

कृत्रिम अंग का वितरण 25 मई 2025 जेजे फार्म पर किया जाएगा। सभी दिव्यांगों के लिए भोजन की व्यवस्था रही। सब कुछ बिल्कुल निशुल्क रहा। कार्यक्रम का सुंदर संचालन मनोज जांगिड़ ने किया। मौके पर घनश्याम दास गर्ग व्यापार मंडल, सचिव अमित गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ दीपक मित्तल, संजय बंसल, अरिहंत जैन ca, डॉ अर्जुन वर्मा, रवि संगल, मनीष भटनागर, जितेंद्र शर्मा, अमर गोयल, विनोद गोयल, अमित गर्ग ऑडिटर, विपिन गर्ग, अंजलि गर्ग, शालू गर्ग, प्रियंका गर्ग, अनिता बंसल, छाया संगत, ममता गर्ग, रश्मि जैन आदि रहे।

# आतंक: चबूतरे पर बैठे युवक पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टोडा गांव में रविवार की सुबह एक युवक गली के किनारे पर बने चबूतरे पर बैठा था,तभी दूसरा युवक आया और चबूतरे पर बैठे युवक पर कुल्हाडी से ताबडतोड वार करते हुए घायल कर दिया। पीडित युवक ने स्वयं को बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी युवक लगातार प्राणघातक वार करता गया और गम्भीर घायलावस्था मे सडक पर जा गिरा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और घायल को ऊन पीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहॉ से घायल युवक को मेरठ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से गांव मे तनावपूर्ण हालात है। खुलेआम हुई घटना से हर कोई सकते में है और सुरक्षा व्यवस्था व कानून के खौफ की अलग अलग परिभाषा गढ रहा है। बताते है कि चौसाना चोकी क्षेत्र के गांव टोडा निवासी सरफराज पैंट करने का कारीगर द्धदस्तकारऋ है और परिवार के लोग मेहनत मजदूरी करते है। जो दो दिन पूर्व ही गांव मे आया था और अपने घर के मुख्य मार्ग की गली के





कोने पर बने चौंतरे पर बेठा था। उसी दौरान गौतम अपने हाथ मे कुल्हाडी लेकर आया और सरफराज पर ताबडतोड वार करने शुरू कर दिए। पीडित सरफराज ने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन फिर भी आरोपी वार करता गया। पूरी घटना पास मे लगे सीसीटीवी केमरे मे रिकॉर्ड हो गई। घटना के बाद से आरा. पी गौतम मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुॅची और घटना की जानकारी ली। गम्भीर घायलावस्था मे पीडित को पीएचसी ऊन भर्ती कराया गया जहॉ से उसके जिला अस्पताल व जिला अस्पताल से मेरठ रेफर किया गया। पीडित व आरोपी युवक 22-24 साल के बताए गए है।

### भागते आरोपी की 26 ऐलानिया कत्ल की धमकी

घायल सरफराज की मां ने बताया कि प्राणघातक हमला करने के बाद हम लोग चीख पुकार सुनकर सरफराज को बचाने को भागे तो ,आरोपी अपने हाथो मे कुल्हाडी दिखाकर बोला कि अगर बचा सको तो बचा लो, मैं तुम्होरे 26 लोगों को मारूंगा। घटना इतनी भयावह थी विडियो को देखकर हर कोई सन्न है और गांव मे दहशत का माहौल फैला हुआ है।

### चौसाना पुलिस को एसओ की फटकार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद हदय विदारक घटना देखकर व पुलिस के डर से लोग अपने अपने घरो को चले गए और गांव मे सन्नाटा पसर गया। घटना को हल्के मे लेकर चौसाना पुलिस मौके से चली गई। मौके से डायल 112 भी चलने लगी तो तभी प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा मौके पर पहुॅचें और चौसाना पुलिस को मौके से चले जाने पर जमकर फटकार लगाई।

उधर कानून को ताक पर रखकर एक युवक कत्ल करने की नियत से हमला करता है और बैखौफ होकर पीडित परिवार के लोगो को ऐलानिया 26 कत्ल करने की धमकी देता है,लेकिन पुलिस की संवेदना पीडित परिवार के साथ ना होकर ,आरोपी को पकडने की बजाय पुलिसकर्मियो पर व समाज के मौजिज लोगो पर यह दबाव बनाने की रही कि मीडिया को दुस्साहिक घटना साझा क्यों की गई। मीडिया पुलिस -प्रशासन के सहयोग व समाज मे पनप रहे अपराध को आईना दिखाने का प्रयास करता है,ना कि अपराधियों के हौसले बढाने का काम करता है।

### मासूम बालक की भी रूह कांपी, बाल बाल बची जान

जिस वक्त आरोपी गौतम, पीडित सरफराज पर हमला कर रहा था उसी दौरान सरफराज के पास चबुतरे पर एक तीन साल का बालक बैठा हुआ खेल रहा था। समय अच्छा था कि गौतम की कुल्हाडी का वार बालक को नही लगा।

### दहशत में परिवार ,सुरक्षा की मांग को लेकर लगाई गुहार

घायल सरफराज के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि आरोपी व उसके परिवार के लोग खुलेआम घूम रहे है और फिर से हमला कर सकता है। आरोपी ने ऐलानिया कत्ल करने की धमकी दी है। पीड़ितों का कहना है कि अगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो बड़ी घटना हो सकती है। परिजन आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# टीम हिन्दू-मुस्लिम एकता व समर्पण सेवा ट्रस्ट ने लगाया जांच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मोहल्ला शाह विलायत स्थित ईदगाह इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल में टीम हिन्दूध्मुस्लिम एकता व समर्पण सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में एक निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

यह टीम का छठा नेत्र जांच शि. विर था, जिसमें कुल 190 रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया गया और 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।शिविर का उद्घाटन थाना भवन होमगार्ड्स इंचार्ज दरोगा शहजाद अली ने किया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों और उनकी टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की और आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श दिया।टीम हिन्दूध्मुस्लिम एकता के प्रतिनिधियों ने बताया कि सफेद मोतियाबिंद व काले मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों का ऑपरेशन देहरादून स्थित महंत इन्द्रेश अस्पताल में निशुल्क कराया जाएगा। चयनित मरीजों को 1 मई को थाना भवन से बस द्वारा देहरादून ले जाया जाएगा।शिविर का समापन प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता इमरान राजा, अध्यक्ष अंकित गौतम, राव तकी असलम, अजहर अफजाल बुटराडा, वाजिद अली, चौधरी इसरान अली, अम्मार दिल्ली, असगर अली जोगी, सरवर अली, डॉक्टर इनाम अली, डॉक्टर इरफान, अंसार अली, शादाब चौधरी और दिलदार उस्मानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शिविर काआयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी मरीजों तथा उपस्थित जनों ने टीम के प्रयासों की सराहना की।

# होम कंपोस्टिंग जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, नगर पंचायत थानाभवन में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के दिशा-निर्देशों पर डोर टू डोर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत नगर पंचायत के कर्मचारी प्रत्एक वार्ड में जाकर नागरिकों को गीले कूड़े को हरे डस्टबिन और सूखे कूड़े को नीले डस्टबिन में अलग-अलग संग्रहित करने और नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी को कचरा सौंपने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।अभियान के दौरान घर-घर जाकर यह भी बताया जा रहा है कि किस प्रकार गीले कूड़े से घर पर ही खाद बनाकर उसे बागवानी में उपयोग किया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वावलंबी



बनाना है। इसी क्रम में, दिनांक 13 अप्रैल 2025 को वार्ड नं। 11, मोहल्ला चौधरान पट्टी निवासी ठाकुर अमर सिंह के घर तथा 27 अप्रैल 2025 को वार्ड नं। 10, सरस्वती विहार निवासी धारा सिंह के घर जाकर चर्चा की गई। बातचीत के दौरान दोनों परिवारों ने बताया कि वे वर्ष 2022 से अपने घर के कूड़े का निस्तारण स्वयं कर रहे हैं। गीले कूड़े से खाद बनाकर अपने घर के बगीचे में उपयोग कर रहे हैं तथा सूखे कूड़े से सजावटी वस्तुएं और गमले तैयार कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

साथ ही, वे कपड़े के थैले का उपयोग कर पॉलीथिन का पूरी तरह बहिष्कार भी कर रहे हैं।नगर पंचायत थानाभवन के कर्मचारियों द्वारा यह भी बताया गया कि आज नगर के प्रत्एक वार्ड में लगभग 7 से 15 घर ऐसे हैं, जहां गीले कूड़े से स्वयं खाद तैयार कर उसका सदुपयोग किया जा रहा है।

हमारा कूड़ा, हमारी जिम्मेदारी के मंत्र को आत्मसात करते हुए ए परिवार अन्य नागरिकों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं। नगर पंचायत थानाभवन ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले परिवारों की सराहना करती है और सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे भी अपने घरों और आस-पास सफाई बनाए रखें, कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालें और स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी मनीष कुमार, फैजान उमर पाशा, सागर, काला, सचिन, रिंकू आदि भी उपस्थित रहे।

# जलालाबाद में कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजली दी, एक स्वर में आंतक के सफाए की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में कस्बे व ग्रामीणो ने संयुक्त रूप से रविवार की शाम को गंगोह रोड से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए इन्दिरा द्वार तक कैंडल मार्च निकाला व हमले मे मारे गए देश के सभी 26 नागरिको को श्रद्धांजली दी। जलालाबाद के गंगोह रोड चौराहे से कस्बे के लोगो व आस पास के सैकडो ग्रामीणो ने एकजुटता दिखाते हुए कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान एक स्वर मे आतंकवादियो व उसके पनाहगार देश पाकिस्तान को सबक सिखाने एवं आतंकवाद को जड से उखाड फेकने की मांग की गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ठाकुर शेर सिंह राणा ने कहा कि कश्मीर जो हमारे देश का मुकुट और जिसे दुनिया भर में जन्नत कहा जाता है वहां पाकिस्तान से आए आर्तकियो दद्वारा पर्यटको नृशंस हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है। पूरे विश्व में आतंकवाद का क्रूर चेहरा एक बार फिर सबके सामने उजागर हुआ है। जो मानवता को शर्मसार करने वाला है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में पूरा देश एकजुट है। उन्होंने सरकार से इस हृदयविदराक घटना पर कडा कदम उठाने की मांग की, कहा कि कैंडल मार्च सभी देशवासियों की एकजुटता का संदेश है। इस दौरान जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। गगोह रोड से शुरू हुआ कैंडल मार्च कस्बे के बम्बा चौंक, प्रताप चौक, कटेहरा चौंक, नीलगरान चौक, मोती बाजार, अमानत अली, कुरैशियान चौक से होता हुआ पुराने बस स्टैण्ड स्थित इन्दिरा द्धार पर जाकर संपन्न हुआ। नसीम राही, समी खान,सलीम खान, बबलू प्रधान, राशिद मलिक, सोनू खान, इस्तखार अहमद, राशिद चौधरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान भारी पुलिसबल के साथ ही बडी संख्या मे कस्बे के हिन्दु मुस्लिम नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल नीतू बंसल विपिन बंसल वीरेंद्र कुमार पिंकी अग्रवाल वीणा अग्रवाल गीता अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता रेनू अनिल कल्लू हलवाई दुष्यंत मित्तल नरेंद्र गोयल खजांची आदि भक्त मौजूद रहे।

### शादी विवाह योजना का लाभ उठाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शामली अंशुल चौहान सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रुपये 15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रुपये 20000/ तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रुपये 35000/- धनराशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जाती है। जिसके लिए आवश्यक प्रपत्र पात्रता की शर्तें- 1-दम्पति का संयुक्त फोटो, 2-मूल निवास प्रमाण पत्र, 3-आय प्रमाण पत्र (आयकर दाता न हो), 4- दम्पति का राष्ट्रीयकृत बैंक में खुले संयुक्त बैंक खाता की छायाप्रति, 5- मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या उससे अधिक) की छायाप्रति, 6-दम्पति के आधार कार्ड की छायाप्रति, 7-शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।, 8-दिव्यांगजनों का विवाह 1 अप्रैल 2024 से वर्तमान वित्तीय वर्ष तक, 9- शादी का कार्ड, योजनान्तर्गत पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजन विभाग की वेबसाईट www.divyang-jan.upsdc.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर समस्त संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, गो. हरनी, शामली में जमा कर सकते हैं।

### ठंडे पानी के प्याऊ का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के हनुमान रोड पर भारत विकास परिषद अमृत द्वारा बढती गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठंडे पानी का वाटर कूलर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिससे लोगों को 24 घंटे ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रविवार को भारत विकास परिषद अमृत द्वारा शहर के हनुमान रोड स्थित शामली मेडिकल स्टोर के बाहर भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए ठंडे पानी का वाटर कूलर प्याऊ लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अंकित गोयल, डा। निशांत गुप्ता, संस्थापक पाल गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। संस्था के अध्यक्ष अजय संगल ने बताया कि यह प्याऊ डा। निशांत के सहयोग से लगाया गया है और आगामी 5 मई को भी एक और प्याऊ संस्था द्वारा लगाया जाएगा। ताकि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके और उनके प्यास बुझ सके। अंकित गोयल ने समाजसेवा के कार्यो की सराहना की है। इस अवसर पर ब्रजेश सैनी, रामगोपाल शर्मा, अजय गर्ग, खजांची वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, डा। अर्जुन वर्मा, वैभव प्रकाश गोयल आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जागरण महोत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जय हनुमान सेवा मंडल द्वारा शहर के जैन धर्मशाला में बालाजी महाराज का 21वां हनुमान जागराण महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बाहर से आए भजन गायकों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शनिवार देर रात्रि शहर के तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में जय हनुमान सेवा मंडल द्वारा 21वां विशाल हनुमान जागरण महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व प्रमुख समा. जसेवी कुशांक चौहान ने बालाजी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचे अयोध्या धाम से गुनगुन दुबे, जयपुर से अभिषेक नामा, चंडीचढ से मोनू दुआ ने शानदार भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। दिल्ली के गौरव हनी बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। वही मंच का संचालन हरीश नामदेव ने किया। भव्य दरबार योगेश कुमार द्वारा सजाया गया। इस दौरान कुशांक चौहान ने कहा कि हनुमान सेवा मंडल द्वारा प्रति वर्ष ऐसे जागरण किए जाते है, जिससे समाज में धर्म का प्रचार प्रसार होता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, मानस संगल, सतीशचंद जैन, शशि अरोरा, अरविन्द दृष्टा, राकेश कुच्छल, सुशील जैन, आशीष मित्तल, राजपाल सिंह, रामकिशोर गोयल, मेहरचंद सिंघल, सुशील गोयल, रोहित गुप्ता, अंकित गोयल, विजय कौशिक, शिशिर जैन मौजूद रहे।

# आठ वर्षों में दोगुनी की जीडीपी और इनकमः मुख्य सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित मैसर्स मिगसन ग्रीन सोसाइटी में आज रजिस्ट्री हैंडओवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 35 फ्लैट बायर्स को उनके फ्लैट्स की रजिस्ट्री सौंपी गई। इस अवसर पर स्टांप विभाग द्वारा लगाए गए विशेष कैंप के माध्यम से कुल 70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लैट खरीदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीडीपी 12.5 लाख करोड़ से बढ़कर 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय भी लगभग दोगुनी हो गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउ. सिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बनकर उभरा है। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 45% हिस्सा उत्तर प्रदेश में है और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद यह आंकड़ा 55% तक पहुंच जाएगा।





कार्यक्रम में दादरी माननीय विधायक तेजपाल नागर, यूपीएसआईडीसी के सीईओ मयूर माहेश्वरी, एसीओ नोएडा लक्ष्मी सिंह, एसीपी ग्रेटर नोएडा प्रेरणा सिंह, अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, मिगसन समूह के सीएमडी सुनील मिगलानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेस्टोरेंट में समोसे से निकला कॉकरोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 10 में स्थित एक रेस्टोरेंट की खाद्य गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। एटीएस हैप्पी ट्रेल्स सोसाइटी के निवासियों ने रेस्टोरेंट से समोसे मंगवाए थे। डिलीवरी के दौरान एक समोसे में कॉकरोच मिला।

सोसाइटी के निवासियों ने तुरंत डिलीवरी कर्मचारी को समोसा दिखाया। कर्मचारी ने भी कॉकरोच की मौजूदगी की पुष्टि की। निवासियों ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

जिला खाद्य विभाग ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई शिकायत का संज्ञान लिया। विभाग के अधिकारी रेस्टोरेंट पहुंचे और समोसे के सैंपल लिए। खाद्य अधिकारी ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रेस्टोरेंट को साफ-सफाई के निर्देश भी दिए।

सोसाइटी के निवासियों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि जब प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट में ऐसी लापरवाही हो रही है, तो खाद्य सुरक्षा पर भरोसा कैसे किया जाए। उन्होंने खाद्य विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# चोरी की बिजली से चल रहे चार्जिंग स्टेशन का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने कुलेसरा गांव में चोरी की बिजली से संचालित चार्जिंग स्टेशन का पर्दाफाश किया। यहां एक साथ 21 ई- रिक्शा चार्ज होते मिले। आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। 23.9 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कंपनी के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी विभाग की टीम ने कुलेसरा गांव में छापेमारी क। यहां चोरी की बिजली से संचालित हो रहे एक ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन को पकड़ा गया। आरोपी संतोष नाम की महिला के घर पर ट्रांसफार्मर से अवैध केबल जोड़कर चोरी की बिजली से 21 ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे। जांच में पाया गया कि बिजली कनेक्शन होने के बाद भी चोरी की बिजली से चार्जिंग स्टेशन का संचालन किया जा रहा था। अधिकारी के मुताबिक 40 किलोवाट लोड की बिजली चोरी की जा रही थी। इसका आकलन करते हुए आरोपी महिला पर 23 लाख 9 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए एनपीसीएल की निगरानी टीम सेक्टरों और गांवों में छापेमारी कर रही है। ऐसे गांवों की सूची तैयार कर ली गई है, जहां पर बिजली की सबसे ज्यादा चोरी हो रही है। बिजली बिल के बड़े बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। एनपीसीएल के प्रवक्ता के मुताबिक अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कैब से रेकी कर टावरों से उपकरण चुराने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मोबाइल टावर से कीमती उपकरण (आरआरयू) चोरी करने वाले गिरोह का फेज दो थाने की पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश किया। इस मामले तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। आरोपी कैब से रेकी करने के बाद शहर के अलग-अलग हिस्से में लगे मोबाइल टावरों से उपकरण चुराते थे।

गिरफ्तार बदमाश नोएडा समेत एनसीआर के अन्य शहरों में लगे मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करते हैं। इनके पास से चोरी के आरआरयू और तीन चाकू समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस उनके साथियों की तलाश कर रही है। एसीपी राजीव गुप्ता ने बताया कि मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी होने की शिकायतें मिलने के बाद गिरोह का पर्दाफाश करने के एक टीम बनाई गई थी। यह टीम शनिवार रात को निम्मी विहार पुस्ता से पहले तिराहा के पास वाहनों की जांच कर रही थी। तभी उधर से तीन संदिग्ध गुजरे। तीनों को रोककर पुलिस टीम ने पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे टावरों से उपकरण चुराने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। चोरी की वारदात की फिराक में ही बाहर निकले थे।

आरोपियों की पहचान दिल्ली के करावलनगर निवासी अमित यादव, गाजियाबाद के लोनी निवासी रशीद खान और अब्दुल रहमान के रूप में हुई। आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है। शनिवार को भी फेज दो पुलिस ने मोबाइल टावरों से उपकरण चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सरगना समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया था। दो बदमाशों के पैर में गोली लगी थी। जबकि तीन को घेरेबंदी कर दबोचा गया था।

**आरोपियों पर पहले से तीन मुकदमे दर्जः** पकड़ा गया अमित अशिक्षित है और अन्य दोनों 11वीं पास हैं। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में तीन मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्त में आए बदमाश कैब बुक कर दिन में मोबाइल टावरों की रेकी करते हैं। रात में एनसीआर क्षेत्र में टावरों से कीमती उपकरण चुराते हैं। गिरफ्तार आरोपी उन मोबा. इल टावर को निशाना बनाते हैं, जहां सिक्योरिटी गार्ड नहीं होते । पुलिस से पकड़े जाने के डर से बदमाश एक जगह पर न ठहरकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं। आपस में केवल व्हाट्सएप कॉल का इस्तेमाल करते हैं, ताकि पुलिस इन बदमाशों तक ना पहुंच सके।

**नेपाल के रास्ते चीन पहुंचते हैं उपकरणः** पुलिस का कहना है कि बदमाश मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चुराकर दिल्ली में बेचते हैं। आरोपियों के पास से बरामद चाकू के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि चोरी का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वे अपने पास चाकू और तमंचा रखते हैं। कैब में सवार होने के कारण अगर पुलिस पूछताछ भी करती है तो आरा. पी खुद को यात्री बताकर बच निकलते हैं।

आरआरयू की कीमत बाजार में ढाई से चार लाख रुपये तक होती है। चोरी के आरआरयू नेपाल के रास्ते चीन भेजे जाते हैं। मोबाइल टावर में लगे आरआरयू जब चोरी होते हैं तो नेटवर्क बाधित होता है और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामान करना पड़ता है। इस साल पुलिस ने ऐसे कई गिरोह का पर्दाफाश किया है जो मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चुराते हैं।

## एक नजर

### यूनिवर्सिटी में कानपुर की छात्रा ने किया सुसाइड, मचा हड़कंप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र स्थित गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बीए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई कर रही छात्रा ने छात्रावास में मानसिक तनाव में आकर खुदकुशी कर ली। घटना शनिवार देर शाम की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने के साथ ही पीड़ित स्वजन को सूचित कर दिया। देर रात पीड़ित स्वजन भी ग्रेटर नोएडा पहुंच गए। मृतका की पहचान कानपुर के किदवई नगर की वंशिका अरोड़ा के रूप में हुई है।वह गौतम बुद्ध विद्यालय के छात्रावास में रहकर बीए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई कर रही थी। ईकोटेक एक कोतवाली प्रभारी अरविंद ने बताया कि छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें उसने आत्महत्या करने की वजह मानसिक तनाव बताया है।पुलिस जांच में सामने आया है कि वह पिछले कई महीनो से मान. सिक तनाव में थी। वह डिप्रेशन की दवाई का भी सेवन कर रही थी। छात्रा का विश्वविद्यालय में भी विद्यार्थियों के साथ ज्यादा मेलजोल नहीं था।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गांव दुजाना में सामाजिक संगठन उम्मीद संस्थाश द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर और महासचिव जागेश कुमार ने बताया कि सभी सम्मानित बच्चों ने कठिन परिश्रम और लगन से अपने-अपने विद्यालयों में अच्छा प्रदर्शन किया। इन बच्चों की उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिश्रम करना चाहिए। कक्षा 12वीं में सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली लक्ष्मी सांवल ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में में छठा स्थान हासिल किया, जो कि अत्यंत गर्व का विषय है। इसी प्रकार हिमांशु ने भी अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। उम्मीद संस्था ने घोषणा की कि भविष्य में यदि किसी भी बच्चे को शिक्षण सामग्री की आवश्यकता है तो उसे दी जाएगी, जिससे अंतिम पंक्ति के बच्चों तक शिक्षा सहजता से पहुंच सके। इस मौके पर मास्टर ब्रह्म सिंह, मास्टर बालचंद, जागेश कुमार, हरीश प्रधान, अरुण प्रधान और रवि बीडीसी उपस्थित रहे।

### कारोबार को मजबूत करने पर चर्चा होगी

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** कॉन्फेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर ऑफ इंडिया (कोवे) द्वारा 29 अप्रैल को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें छोटे और मध्यम व्यवसायों को बिना किसी गारंटी के लोन पाने और अपने कारोबार को मजबूत करने के नए मौके दिया जाएगा। संचालक मीतू पुरी ने बताया कि सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एमएसएमई के राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे उपस्थित रहेंगी। वही, कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत के प्रतिष्ठित नाम दिव्या चौहान (एमिटी यूनिवर्सिटी), मंजू गौड़ (गौड़ ग्रुप), ब्लॉसम कोचर (अरोमा मैजिक), अंकिता राज (ग्रीन हाथ), अलका कपूर (मॉडर्न पब्लिक स्कूल), कोमल जैन (सो फ्रेश फार्म्स) एवं डॉ. डीके गुप्ता (फेलिक्स अस्पताल) भी अपने अनुभव साझा करेंगे। रोबार को मजबूत करने के नए मौके देना है।

### नोएडा में कार पार्किंग को लेकर विवाद

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर पड़ोसियों ने डंडों से हमला कर दिया। घटना नया बांस मोहल्ले की है। पीड़ित परिवार के कई सदस्य घायल हुए हैं। सभी का इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ित दीपक कुमार ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर को उनके घर के सामने पड़ोसियों की कार खड़ी थी। कार हटाने को कहने पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौच की। इसके बाद उनके घर में घुसकर डंडों से हमला कर दिया। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में आरोपी डंडों से हमला करते दिख रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।पीड़ित पक्ष ने 6 लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि शिकायत की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीड़ी के लिए रुपये न देने पर सिर फोड़ा

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** गांव गढ़ी चौखंडी में रहने वाले एक युवक को बीड़ी के लिए रुपये एक आरोपी को रुपये न देना भारी पड़ गया। गुस्साए आरोपी ने शुक्रवार रात सिर में डंडा मारकर फोड़ दिया। पीड़ित ने थाना फेज-तीन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित गुड्डू ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे वह गांव में गढ़ी चौराहे पर थे। तभी गांव निवासी इमरान वहां आया और बीड़ी मांगने लगा। पीड़ित ने कहा कि उसके पास बीड़ी नहीं है, इस पर वह नाराज हो गया। जबरन रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रविवार को सैक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में शहर के पत्रकार साथियों ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम के घूमने गए पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गयी निर्मम हत्या को लेकर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, सभी शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत लोगों की आत्माओ की शाँति के भगवान से प्रार्थना की, वहीँ सभी पत्रकारों ने इस आतंकवादी हमले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की माँग की, आज आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान संजीव यादव, वीरेंद्र मलिक, विनोद शर्मा, अंबरीश त्रिपाठी, मनो. हर त्यागी, गिरीश नारायण, अमित चौधरी, पवन त्रिपाठी, प्रवेश सिंह दतानियां शाह टाइम्स, जगदीश शर्मा, जेपी सिंह, वरुण श्रीवास्तव, सुमन चौधरी, प्रिया राणा, रमेश शर्मा, आरबी यादव, महेंद्र माही, विजय गौड़, विनय जोशी, सुनील घोष, राज. ेश शर्मा, बलबीर सिंह सहित दर्जनों पत्रकारों ने श्रद्धांजलि दी।



# आत्मविश्वास से बच्चे हर चुनौती को अवसर में बदलते हैं : रश्मि पाण्डेय

**ग्रेटर नोएडा।** 26 अप्रैल को ईएमसीटी (ईथोमार्ट चौरिटेबल ट्रस्ट) के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय, छोटी मिलक, बिसरख में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

इस सत्र का उद्देश्य बच्चों में 'आभार' और 'सकारात्मक पुष्टि ' के महत्व को जागरूक करना तथा 'अनलॉक द जीनियस इन यू' की थीम के अंतर्गत उनके भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने और निखारने के लिए प्रेरित करना था। यह सत्र कनिका खुराना द्वारा संचालित किया गया, जो ईएमसीटी की सक्रिय सदस्य हैं, एक प्रतिष्ठित आईटी कंपनी में एचआर पद पर कार्यरत हैं तथा बाल मनोविज्ञान जैसे विषयों का भी गहन अध्ययन कर रही हैं। उनकी संवाद शैली और अनुभव ने बच्चों को गहरे स्तर पर प्रभावित किया। सत्र के दौरान कनिका खुराना ने कहाः "जिसने आभार जताना सीख लिया, उसने जीवन की सबसे सुंदर कला सीख ली।"

बच्चों ने आभार व्यक्त करने का अभ्यास किया और सकारात्मक वाक्यों को ऊर्जावान ढंग से दोहराया, जैसेः "मैं बुद्धिमान हूँ," "मैं सक्षम हूँ," "मैं हर दिन बेहतर बन रहा हूँ।"

इस अवसर पर ईएमसीटी की संस्थापक रश्मि पाण्डेय ने कहाः "बच्चे जब स्वयं पर विश्वास करना सीखते हैं और आभार का भाव रखते हैं, तो वे जीवन में हर चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं।" विद्यालय के प्रधानाचार्य इकरार खान ने ईएमसीटी संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सत्र बच्चों के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के कार्यक्रम में अध्यापिका शालिनी चक्रवर्ती, अमित गिरी सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# पहलगाम दिवंगतों को हवन कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवाद की घटना के विरुद्ध रोष एवं श्रद्धांजलि सभा व मृतकों की आत्मा की शांति के लिए हवन का आयोजन किया गया। ओम् रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 63ए द्वारा रविवार की सुबह 7.30 बजे शहीद भगत सिंह पार्क में श्रद्धांजलि सभा व हवन का आयोजन किया गया जिसमें नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, ओमपाल शर्मा, मनोज भाटी, अखिलेश दुबे एडवोकेट, मुकेश पंडित, विक्रांत चौहान सुरेंद्र यादव, लिकेश शर्मा, अरुण मौर्य, ओमपाल चौधरी, मनीष तिवारी, सज्जन सिंह, सतवीर सिंह, संजय सिंह अरविंद चौहान आदि मौजूद रहे।

# श्रमिक समस्याओं के समाधान व हड़ताल की तैयारी के लिए सीटू ने किया सभा का आयोजनः गंगेश्वर दत्त शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चारों श्रम संहिताओं को रद्द कराने के लिए 20 मई 2025 को होने जा रही राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल को जनपद में सफल बनाने और बीएचईएल के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर रविवार को सेक्टर- 16, नोएडा पार्क में सभा हुई।




सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार देश के मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए उद्योगपतियों के पक्ष में बेशर्मी के साथ खड़ी हो गई है, तमाम संघर्षों और कुर्बानियों से हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों में से 29 कानूनों को समाप्त कर मोदी सरकार चार श्रम संहिताये लेकर आई हैं, और चारों श्रम संहिताओं के लागू करने पर आमदा है। इन श्रम संहिताओं के लागू होने के उपरांत उद्योगपतियों को मजदूरों के शोषण और दमन का अनुकूल वैधानिक अधिकार मिल जाएगा चारों श्रम संहिताओं के बनते ही मालिकों को मजदूरों से 12 घंटे तक काम लेने का अधिकार बिना ओवर टाइम भुगतान किए मिल जाएगा, निश्चित अवधि की भर्ती के तहत किसी भी श्रमिक को स्थाई श्रमिक घोषित नहीं किया जाएगा और श्रमिक गण हायर एंड फायर की नीति के तहत आते जाते रहेंगे, ट्रेड यूनियन पंजीकरण प्रक्रिया जटिल कर दिए जाने के कारण ट्रेड यूनियन पंजीकरण लगभग असंभव हो जाएगा, ट्रेड यूनियन नहीं होने के कारण मजदूरों को प्राप्त सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार समाप्त हो जाएगा, दीर्घकालीन समझौता के तहत बढ़ने वाले वेतन और सुविधाओं में सुधार से उद्योगपतियों को छूट मिल जाएगी और मजदूरों पर दमन- शोषण करने का रास्ता मिल जाएगा, देश के संपदा उत्पादक मजदूर वर्ग को आजाद भारत में गुलामों जैसी जिंदगी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा मेहनतकशों के सामने 20 मई 2025 की हड़ताल पर जाने और बड़ा आंदोलन खड़े करने के सिवा कोई अब विकल्प शेष नहीं है। इसलिए सभी मजदूर साथी हड़ताल की जोरदार तैयारी में जुट जाएं। संस्थान स्तर की समस्याओं पर बोलते हुए सीटू जिला महासचिव सागर ने कहा की मैसर्स - भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर- 25, सेक्टर- 16 ए नोएडा के प्रबंधन द्वारा गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाले जाने एवं अन्य श्रम समस्याओं के समाधान के लिए 28 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय श्रम आयुक्त केंद्रीय के समक्ष वार्ता है अगर वार्ता सकारात्मक नहीं रही तो 29 अप्रैल 2025 से संस्थान के समक्ष पुनः धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

# नोएडा महानगर की समस्याओं का समाधान करें अधिकारी : उमंग पंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज ग्राम गढ़ी चौखंडी में भारतीय किसान यूनियन मंच ने नोएडा महानगर का विस्तार किया और मासिक मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम यादव व राष्ट्रीय सहसचिव अमित बेसोया ने की और नोएडा महानगर के अध्यक्ष उमंग पंडित ने महानगर कार्यकारिणी की मीटिंग ली और नोएडा महानगर का विस्तर किया जिसमें विधि प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी एडवोकेट महेश कुमार व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉक्टर जीशान पाशा जी को दी गई और महानगर सचिव पर सचिन जी को मनोनीत किया गया है जिसमें महानगर के अध्यक्ष उमंग पंडित जी ने कहा कि महानगर कमेटी की सबसे अधिक जिम्मेदारी बनती है कि नोएडा महानगर की समस्याओं का समाधान बहुत जल्द करने दिशा में किया जाएगा।

नोएडा महानगर की समस्याओं का अधिकारियों को अति शीघ्र समाधान करना होगा अन्यथा नोएडा महानगर की कार्यकारिणी आंदोलन के रास्ता अपनायेगी मीटिंग में उपस्थित रहे पदाधिकारी रिंकू यादव,रोहित यादव, सोनू बैसला, चिंकू यादव, अंकित कुमार, आदित्य शर्मा, कालू यादव ,कपिल यादव, भूपेंद्र रमेश, कुलदीप, मोंटी यादव।

# आरडब्ल्यूए सैक्टर 11 ने पहलगाम के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं के नरसंहार के खिलाफ सेक्टर 11 आर डब्लू ए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर वासियों ने कैंडल जलाकर उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना हमले को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अब तो देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से यही आग्रह है कि वह आतंकवादियों के साथ पाकिस्तान का वह हाल करें कि उनके आने वाली सात पीढ़ियां भी इस तरह का दुस्साहस करने से पहले 100 बार सोचें और सोचने के बाद उनकी रूह कांप उठे।

इस दौरान महासचिव दिनेश कृष्णन, एससी अग्रवाल, विपुल शर्मा, कुंवर सिंह, विनय मोहन, मनोज जी ,सतीश कुमार, शैलजा सक्सेना ,राहुल द्विवेदी, हीरालाल गुप्ता, रामरूप गोयल ,रामचंद्र, देवक. ीनंदन, राजीव चावला, राहुल अमित. ेश आदि सैक्टर वासी तथा पदाधिकारी मौजूद थे।

# तीन सेक्टरों में हो रही दूषित जल की आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर की तीन आवासीय सेक्टर और सोसाइटी में रविवार को दूषित पेयजल आपूर्ति से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण लोगों के दैनिक काम भी प्रभावित हुए। इतना ही नहीं लोगों को बाजार से बोतल बंद पानी लाकर दैनिक कामकाज करने पड़े। लोगों का आरोप है कि दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत प्राधिकरण के जल विभाग से की है, लेकिन त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। सेक्टर-19 के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष आरसी गुप्ता ने बताया कि पिछले सप्ताहभर से पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस बीच प्राधिकरण के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से कई बार पेयजल पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है।



रविवार की सुबह भी दूषित जल की आपूर्ति हुई। लोगों का आरोप है कि पेजयजल इतना दूषित था कि उसे पीना तो दूर घर के अन्य कामकाज में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

वहीं, सेक्टर-51 केंद्रीय विहार आरडब्ल्यूए के सचिव शरद जैन ने बताया कि रविवार को दूषित जल आपूर्ति की समस्या उनके सेक्टर में भी लोगों को झेलनी पड़ी। सुबह के समय साफ पानी नहीं आने की वजह से पूरे दिन का कामकाज प्रभावित हुआ।

वहीं, सेक्टर-51 सीडीई ब्लॉक के महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि रविवार को उनके सेक्टर में भी दूषित पेयजल की आपूर्ति हुई। लोगों को दैनिक कार्यों में इस्तेमाल करने के लिए भी पानी बाजार से खरीदकर लाना पड़ा। इससे उनकी जेब पर अतिरिक्त असर पड़ा। इसके साथ लोगों को परेशानी अलग से उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के जल विभाग से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

# वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण पूरा करने को दो महीने का और समय

**नोएडा।** महामाया फ्लाईओवर व ओखला पक्षी विहार के बीच बन रहे वेस्ट टू वंडर पार्क के निर्माण में दो महीने का अभी और समय लगेगा। समय पर काम पूरा न कर पाने पर एजेंसी ने प्राधिकरण से यह समय लिया है। जून-2024 में शहर के इस पहले पीपीपी मॉडल के पार्क का निर्माण शुरू हुआ था। 4 महीने में काम पूरा करने का दावा था। लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है।

नोएडा प्राधिकरण यह पार्क करीब 18.27 एकड़ में बना रहा है। पार्क का नाम नोएडा जंगल ट्रेल होगा। पार्क के अंदर कबाड़ से बने डायनाशोर, गैंडा, मगरमच्छ, अजगर, बंदर की आकृतियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही छोटी आकृतियों में सुंदर-सुंदर चिड़ियां भी कबाड़ से बनी हुई होंगी। पार्क में आने वाले लोग जंगल में सैर का लुत्फ भी उठा सकेंगे। इसके लिए एक खुली जीप और एक बस की व्यवस्था की जाएगी। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि कुछ काम और एजेंसी को करने हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हापुड़ में सीएम ने औद्योगिक गलियारे का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हापुड़ पहुंचे। वह शाहजहांपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए आलमनगर बांगर के हेलीपैड पर पहुंचे। सीएम ने वहां से गंगा एक्सप्रेसवे और उससे सटे औद्योगिक गलियारे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीएम यहां करीब 12 मिनट रुके और अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने और किसानों को उचित मुआवजा समय पर देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी ने यह भी कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक बिना किसी रुकावट के पहुंचे। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज तक जाएगा। हापुड़ जिले के पीरनगर से शंकरटीला होते हुए यह एक्सप्रेसवे अमरोहा से जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने शंकरटीला और बहापुर में गंगा पुल, सड़क निर्माण और औद्योगिक गलियारे के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। सीएम के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। एक एसपी, दो एएसपी, छह सीओ समेत 470 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी और एक प्लाटून फ्लड कंपनी के जवान भी सुरक्षा डयूटी पर रहे। करीब 600 किलोमीटर लंबे इस गंगा एक्सप्रेसवे की लागत लगभग 36 हजार करोड़ रुपये है। हापुड़ जिले में यह 29 गांवों से होकर गुजर रहा है, जिसमें हापुड़ तहसील के सात और गढ़मुक्तेश्वर तहसील के 22 गांव शामिल हैं। अब तक इस परियोजना के लिए 8164 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गांव बाहपुर बेहरा, चचावली और बहना सदरपुर में करीब 900 किसानों की 118 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था आईआरबी इंफ्रा द्वारा पुलों और एक्सप्रेसवे के उतार-चढ़ाव का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।





# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, आम के बाग में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में एक आम के बाग में 30 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मदरसा मोहल्ला निवासी शाजिया के रूप में हुई है। शव मिलने के समय महिला ने बुर्का पहन रखा था।

थाना प्रभारी नीरज कुमार के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही घटना के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाएगा। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।



# रेत से लदा ट्रक जलकर राख, चालक व मालिक ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में एनएच-334 पर एक ट्रक जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। यह घटना कुराना टोल प्लाजा के पास हुई। ट्रक बुलंदशहर के नरोरा से बालू रेत लेकर हापुड़ आ रहा था। ट्रक के मालिक और चालक सलीम व उनके भाई नसीम अमरोहा जिले के मोहम्मदाबाद गांव के रहने वाले हैं। रविवार सुबह उन्होंने यादव ढाबे पर नाश्ता किया। जैसे ही वे टोल प्लाजा के पास पहुंचे और ट्रक स्टार्ट किया, उसमें अचानक आग लग गई। दोनों भाइयों ने तुरंत ट्रक से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सलीम और नसीम ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के अनुसार, दमकलकर्मियों की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था।



# नौवें दिन भी चीनी मिल में कर्मचारियों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल में वेतन समेत अपनी अन्य मांगों को लेकर पिछले नौ दिन से धरना देकर कर्मचारियों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। धरने पर मौजूद कर्मचारियों ने शीघ्र ही मांग पूरी न होने पर मिल के मुख्य द्वारा भी तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

धरने प मौजूद कर्मचारी ललित त्यागी ने बताया कि चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को उनके अवकाश का वेतन समेत अन्य सुविधा नहीं दे रहे है। इससे कर्मचारियों का हनन हो रहा है। उनका कहना है कि कर्मचारियों को अपने परिवार के पालन पोषण में परेशानी हो रही है। अपनी मांगों को लेकर जहां कर्मचारी भीषण गर्मी में धरने पर बैठे हुए है वह मिल अधिकारी ऐसी में आनंद ले रहे है। उन्होंने मिल अधिकारियों को चेता. वनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो मजबूर होकर वह मिल के मुख्य द्वार का भी तालाबंदी कर देंगे। इस अवसर पर जफरु, मुकेश त्यागी, शंकर नायक, योगेश गौतम, आज. ादवीर, टेकचंद, नाजिम, विनोद शर्मा, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहें।

## एक नजर

### जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी ब्रिजेश देवी ने बताया कि उसकी खेत की भूमि पर उसका जेठ अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। इसको लेकर कई बार मना किया गया, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आ सका है। पीड़िता ने बताया कि उसके जेठ ने शुक्रवार को भी उसकी जमीन पर कब्जे के प्रयास किया गया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने अभद्रता की। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बेटी को गायब करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना हापुड़ देहात के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी पूजा की शादी सिंभावली के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई शी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग उसकी बेटी को परेशान करने लगे। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को उनको बेटी के ससुराल वालों ने फोन कर बताया कि उनकी बेटी घर से लापता हो गई है। पीड़ित पिता ने बेटी के ससुराल पक्ष पर बेटी को गायब करने का आरोप लगा कार्रवाई करने की मांग की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस शुक्रवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान जैसे ही वह गांव सरुपुर के निकट पहुंची तो एक संदिग्ध युवक पुलिस को घूमता हुआ पाया। पुलिस ने उसको रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव निवासी वसीम है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फर्जी तरीके से बेच दी सरकारी भूमि, बैनामा कराने के बाद 1.80 लाख रुपये हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर निवासी एक युवक को 10 लोगों ने सरकारी खाद के गढ्डों की भूमि का फर्जी तरीके से बैच दिया। इस दौरान आरोपियों ने उससे 1.80 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव निवासी सरफराज अली ने बताया कि उसने गांव निवासी युनूस से एक 100 गज का प्लाट डेढ़ लाख रूपये में खरीदना तय हुआ था। इसको लेकर उसने एक 10 रुपये के स्टाप पर लिखवा लिया। बतौर एडवांस एक लाख रुपये दे दिए गए जबकि शेष 50 हजार रुपये बैनामा के समय देने तय किए गए। इसी बीच उस प्लाट के बराबर में पड़ी 30 गज भूमि को 30 हजार रुपये में खरीदना तय किया गय। इस दौरान उसने कुल 1. 80 लाख रुपये आरोपी यूनूस को दिए गए। उसके बाद जब वह आरोपी के पास बैनामा कराने के लिए गया तो आरोपी ने एक दो दिन कहते हुए बात को टाल दिया। बताया गया है कि उसको जानकारी हुई कि आरोपी ने अपने साथी इंसाफ, सुहैल, सहरान, सहजर, अरशद, आयशा, शायबा, खलिक, वीरवती के साथ मिलकर उसको सरकारी खाद के गढ़डों का बैनामा कर दिया। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद न्यायालय की शरण में जाकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाबालिग बच्चों के अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ले से बहन भाई का अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश कर दिया है।

सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उल्लेख किया था कि वह कई माह पूर्व मुज्जफरानगर के एक मोहल्ले में रहती थी। जहां पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसके बेटे को बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन करा दिया। इसकी जानकारी मिलने पर वह दोनों बच्चों को लेकर गढ़ नगर आ गई। उसके बाद आरोपी युवक अपने भाईयों के साथ उसके गढ़ नगर स्थित घर पर आ गया और उसके बेटे और बेटी को अपहरण कर ले गया जहां उसने बेटी का भी धर्मपरिवर्तन कराते हुए छेड़छाड़ की। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मुख्य आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### शहीद हुए लोगों को भाकियू टिकैत ने मौन व्रत कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में स्थित हिम्मतपुर से लेकर नेशनल हाईवे होते हुए नहर तक केंडल मार्च निकला।

जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पल गांव में हुए आतंकी हमला नींद नहीं है जिसको लेकर आतंकवाद को जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। वरना इसी तरह से आतंकवादियों के द्वारा हमले में बेग. ुनाह लोगों की जान जाती रहेगी सरकार को इससे जल्द से जल्द हम कदम उठाना चाहिए। कैंडल मार्च में मौजूद कुंवर खुशनूद, मुनव्वर अली, नफीस अहमद मोहम्मद अली निशु चौधरी, अर्जुन सिंह समेत मौजूद रहे। वहीं इसके साथ ही युवा विंग द्वारा भी सिंभावली में राठी फॉर्म हाउस से मुख्य बाजार में होते हुए हरोड़ा चौकी तक केंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि देते हुए सम्पूर्ण किया गया।

# अमावस्या पर ब्रजघाट में उमड़े श्रद्धालु, कई राज्यों से पहुंचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के ब्रजघाट में सत्तूई अमावस्या पर श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह एकत्र हुआ। शनिवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान समेत कई राज्यों से लोग यहां पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने धर्मशालाओं में रात बिताने के बाद रविवार तड़के गंगा स्नान किया। पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि इस दिन गंगा स्नान से पाप नष्ट होते हैं। इससे नई ऊर्जा की प्राप्ति होती है और पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। स्नान के बाद लोगों ने हवन-यज्ञ और दान-पुण्य किए। घाटों पर विशेष पूजा-अर्चना के कार्यक्रम हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कई जगह यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। ब्रजघाट के घाटों पर सुबह से भक्ति संगीत और गंगा आरती की धुनें गूं. जती रहीं। पूरा क्षेत्र श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन गया।



# दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक विजयपाल आढ़ती व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

समारोह में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके बाद बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब के संविधान निर्माण में योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने सामा. जिक एकता और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर एडवोकेट अनिल आजाद, एडवोकेट रमेश चंद्र, सभासद पति अशोक कुमार, दीपांशु कुमार, केपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय फैशन डिजाइन कार्यशाला का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइन विभाग व उषा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, कुलसचिव कर्नल डीपी सिंह, उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुलपति अकादमिक डा. जयदीप कुमार एवं उपकुलपति एडमिशन रोहित शर्मा, ऊषा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के पीआईसी विकास भारद्वाज, वंश पटेल एवं सूर्याकांत दिक्षित द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांज. लि एंव दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

कार्यशाला में छात्रों को अंतरराष्ट्रीय योग और फैशन तकनीक से जोड़ने का अवसर मिला। तीन दिवसीय कार्यशाला में सिलाई मशीनों में नवीनतम तकनीक के बारे में बताया तथा विभिन्न प्रकार की सिलाई मशीनों के संचालन का लाइव प्रदर्शन दिया गया। साथ ही विभिन्न प्रेसर पैरों का उपयोग भी किया गया। जैसे कि पाइपिंग फुट, रफलर फुट, जिपर फुट, इत्यादि। साथ ही इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फैशन डिजाइन विभाग के विभागाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने उषा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में स्कूल ऑफ मानविकी और सामा. जिक विज्ञान की संकायाध्यक्ष डा. सोमा दास, डा. आशीष गर्ग और रुचित भटनागर का विशेष योगदान रहा। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के समस्त शिक्षकों, मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी एवं डा. गणेश शंकर के साथ बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।




# बूंगे बिटौरों में लगी आग दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अज्ञात कारण से लगी आग में कुंतलों भूसा जलकर राख हो गया, हालांकि दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाते हुए आसपास के जंगल में तैयार खड़ी गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल को चपेट में आने से बचा लिया।

गढ़ गंगा खादर क्षेत्र के गांव चक लठीरा के बाहरी छोर पर रखे तारा सिंह आदि के बूगे बिटौरों में शनिवार की शाम को किसी अज्ञात कारण से आग लग गई। धुएं का गुबार और आग की लपट उठती देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जिनके द्वारा सूचना दिए जाने पर ग्राम प्रधान निरंजन सिंह राणा ने दमकल टीम को मौके पर बुला लिया। जिसने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के जंगल में तैयार खड़ी गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल आग की चपेट में आने से बाल बाल बच गई। हालांकि इससे पहले ही कई बूंगे बिटौरे जलने से उनमें भरा कई कुंतल भूसा पूरी तरह राख हो गया।

# शादियों में फिजूलखर्ची व दहेज प्रथा को खत्म करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को इसलाहे कुरैश कमेटी की एक बैठक हाजी नईम के आवास पर हुई। जहां बैठक में जिम्मेदार हजरत ने शिरकत कर शादियों में फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा को खत्म करने को लेकर आपस में चर्चा की।

बैठक में संयोजक हाजी नईम कुरैशी ने कहा कि शादियों में होने वाले फिजूलखर्चे को रोकने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। बढ़ती महंगाई और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद भी हमारे समाज के कुछ लोग अपने बेटे, बेटियों की शादी में खर्चा जरूरत से ज्यादा करते हैं। जिससे उनके घर का बजट गड़बड़ा जाता हैं और वे कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। जिसे रोका जाना बेहद जरूरी हो जाता हैं। इस दौरान बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज में जो लोग आर्थिक तौर पर कमजोर हैं और वे अपने बेटे, बेटियों की शादी करना चाहते हैं। तो ऐसे लोगों की शादी भी संयुक्त विवाह के तौर पर एक ही जगह पर कराने का काम हमारी यह कमेटी करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में सामूहिक विवाह को लेकर भी चर्चा की गई। जल्द ही सामूहिक विवाह का आयोजन कमेटी द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के सह संयोजक इरफान कुरैशी और अध्यक्ष हाजी हाशिम कुरैशी मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव पर्व सर्वार्थ सिद्धि योग तथा शोभन योग में 29 अप्रैल मंगलवार को प्रदोषकाल में मनाया जाएगा तथा अक्षय पुण्य प्रदान करने वाला पर्व अक्षय तृतीया का विशेष शुभत्व मुहूर्त 30 अप्रैल, बुधवार को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट तक रहेगा।

भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि स्कन्द पुराण व भविष्य पुराण के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म त्रेतायुग में बैसाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि में प्रदोषकाल समय में माता रेणुका के गर्भ से भगवान के 6ठे अवतार के रुप में हुआ था। जो आज भी अजर अमर है। तृतीया तिथि 29 अप्रैल सायं 5.31 से 30 अप्रैल को दोपहर 2:12 तक रहेगा। भगवान परशुराम जी के पूजन के लिए 29 अप्रैल मंगलवार को सायं 5:32 से 6:43 तक का समय श्रेष्ठ है। धर्मग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया में किया गया कार्य अक्षय हो जाता है। अतः इस दिन जप, तप, दान व खरीददारी के लिए विशेष शुभ व उपयुक्त है इस दिन गंगाजल में स्नान करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है तथा अनाज गेहूँ, चना, सत्तू, चावल से भगवान का विष्णु का पूजन, हवन व ब्राह्मणों को इसके साथ ही तिल, स्वर्ण, गौ, भूमि आदि का दान करने से उत्तम फल की प्राप्ति होती है। चल अचल संपत्ति की खरीददारी जैसे सोना, चाँदी, जमीन, गाड़ी आदि तथा पूजन, दान अथवा महत्वपूर्ण कार्य के आरम्भ व यात्रा के लिए 29 अप्रैल को सायं 5:31 से 30 अप्रैल को दोपहर 12:15 बजे तक का समय अत्यंत शुभ व श्रेष्ठ है। 29 अप्रैल मंगलवार को भी सुबह 5:43 से सायं 5:31 तक सायं सौभाग्य योग व शोभन के साथ त्रिपुष्कर योग होने से किसी भी तरह की खरीददारी के लिए उत्तम है। हापुड़ में विद्वानों द्वारा 29 अप्रैल को 5:30 बजे से भगवान परशुराम जी का पूजन होगा। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 1 मई को भी भगवान परशुराम जी का भव्य शोभायात्रा समाज द्वारा निक. ाली जाएगी।



## डीएम ने गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रविवार को विकास खण्ड बरखेड़ा/बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत खजुरिया पचपेड़ा, रामनगर जगतपुर, कितनापुर, नगीपुर अखौला एवं राजपुर कुंडरी गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ–सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि खजुरिया पचपेड़ा गौशाला में 130, रामनगर जगतपुर में 122, कितनापुर में 110, नगीपुर अखौला में 81 एवं राजपुर कुंडरी गौशाला में 212 निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिला. धिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गौवंशों की नियमित देखरेख करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानक. ारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान बढ़ती गर्मी/लू के दृष्टिगत उन्होंने गर्मी से बचाव हेतु गौशाला में गौवंशों पानी, छाया सहित अन्य व्यवस्थाओं कराना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ उन्होंने कितनापुर व राजपुर कुंडरी गौशाला बाढ़ के पानी के संबंध में जानकारी ली, इस दौरान अवगत कराया गया कि वर्षा के दिनों में गौशाला में जल भराव की समस्या हो जाती है। उक्त समस्या से निजात पाने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को गौशाला में मिट्टी का कार्य करने के निर्देश दिए। गौशाला निरीक्षण के दौरान खजुरिया पचपेड़ा में सहभागिता योजना के अंतर्गत 36 गाय दान व रामनगर जगतपुर में 32 गाय गौ पालकों को दान की। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर उपस्थित पाए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, खंड विकास अधिकारी बीसलपुर/बरखेड़ा, सचिव, पशु चिकित्सा, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हाइवे पुलिस ने गिरफ्तार किए दो अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर



**मथुरा।** थाना हाइवे पुलिस ने अंतर्राज्यीय शस्त्र तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे 9 पिस्टल 32 बोर मय मैगजीन व काफी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को एक देशी तमंचा व कारतूस भी मिले हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर डाक्टर अरविंद कुमार ने हाइवे पुलिस द्वारा पकड़े गए गैंग के सदस्यों को बारे में बताया कि हाइवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुम्र शाही चौकी प्रभारी तारसी, राधापुरम चौकी प्रभारी रोहन कुचालिया व सावेज चौधरी पुलिस बल के साथ इलाके में गश्त व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में जा रहे थे। रात को करीब दो बजे भरतपुर रोड से अडूकी को जाने वाले मोड़ के समीप अंजली रिसोट के समीप वहां बाइक से गुजरने वाले दो युवकों को पुलिस ने शक के आधार पर चेक करने के लिए रोक लिया। पुलिस ने युवकों की तलाशी की तो पुलिस को इनके कब्जे से 9 पिस्टल 32 बोर, आठ जिंदा कारतूस 32 बोर, एक देशी तमंचा 315 बोर व जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों में रोहित निवासी मांट राजा थाना मांट व ओमप्रकाश निवासी जलालपुर जट्टारी थाना टप्पल अलीगढ़ हैं।

दोनों अभियुक्त शातिर अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर हैं। इन पर हथियार तस्करी के कई मुक दमें हैं। अभियुक्तों से पुलिस इस बात की जानकारी कर रही है कि बरामद हथियारों को कहा से लाया गया है। इसके साथ ही इस गैंग में और कौन–कौन हथियारों की तस्करी कर रहा है।

## बाल अपचारी को भेजा जेल

**कोसीकलां।** नगर निवासी एक छः वर्ष की मासूम के साथ दुराचार करने वाले वांछित बाल अपचारी को थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद बाल अपचारी को न्यायालय भेजा गया। बताते हैं वाल अपचारी पूर्व में ऐसे कुकृत्य कर चुका है।

जानकारी के अनुसार एक कालोनी निवासी एक परिवार में पती, पत्नी एवं तीन बच्चें हैं। बताते हैं कि पत्नी एक इकाई में कार्ररत है और पति मजदूरी कर परिवार का पेट पालता है। कालोनी सूत्रों के अनुसार गत षुक्रवार की दोपहर प्रतिदिन की तरह पति अपने कार्य पर चला गया पुत्र कहीं वाहर खेलने चला गया, दोनो बहनें अकेली थी। बताते है कि पति के जाने व पत्नी के आने के बीच कुछ समय घर पर सभी बच्चे अकेले रहते हैं। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए एक पडोसी नाबालिग उसके घर में घुस गया और करीब छः वर्षीय मासूम को बहला कर ले गया और उसके साथ दुराचार किया। परि. जनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मासूम को हास्पीटल में भर्ती करा चिकित्कीय परीक्षण कराया। पुलिस ने किषोर के खिलाफ नामजद मुकदमा कर लिया। शनिवार को थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किषोंर को हिरासत में ले न्यायालय भेज दिया।

## छात्र पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** कोचिंग जा रहे छात्र पर गांव के ही आरोपी ने ताबड़तोड़ चाकू से वार कर घायल कर दिया। युवक को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रैफर किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। नगर क्षेत्र के गांव चांदोक निवासी कृष्ण उर्फ आकाश पुत्र संजय कोचिंग के लिए गांव निवासी युवक के साथ बाइक से जहांगीराबाद स्थित कोचिंग सेंटर जा रहा था। जैसे ही वह सीताराम मंदिर के पास पहुंचा तो गांव निवासी मूला पुत्र यशपाल ने उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगाकर उसे रोक लिया और चाकू निकालकर ताबड़तोड़ वार कर दिया। पीड़ित की आंख के पास दो जगह हाथ में दो जगह, जांघ, पेट और कई जगहों पर चाकू से वार किया। हमले में वह बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाया। आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की मां प्रभा ने आरोपी मूला के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उधर प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## मजदूरी मांगने पर राजमिस्त्री को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पहासू थाना क्षेत्र के गांव अनोना में राजमिस्त्री को एक व्यक्ति के घर की चिनाई की मजदूरी के पैसे मांगना भारी पड़ गया। पैसे मांगने पर उसने राजमिस्त्री को घेरकर साथियों के साथ लाठी–डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। दबंगों ने पहासू सीएचसी पर उसका मेडिकल भी नहीं होने दिया। थाने पहुंचे पीड़ित को शिकायत करने पर वहां से भगा दिया गया। पीड़ित का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। एसएसपी के निर्देश पर दबंगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। गांव अनोना में राजमिस्त्री विनोद ने गांव के भोला उर्फ नरेंद्र के घर चिनाई का काम किया था, लेकिन उसने उसकी मजदूरी के पैसे नहीं दिए। तीन दिन पूर्व मिस्त्री ने अपनी मजदूरी के पैसों का तकादा किया। भोला ने शाम को हिसाब करने की बात कही। शाम को भोला अपने साथियों के साथ राजमिस्त्री के घर आ धमका और लाठी डंडों से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पैसे मांगने पर जान से मारने की धमके देकर वहां से चला गया। पीड़ित ने पहासू थाने पर मामले की शिकायत की तो उसको वहां से भगा दिया। दबंगों ने पहासू सीएचसी पर उसका मेडिकल भी नहीं होने दिया। घायल विनोद का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के भाई जोधराज ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर पहासू पुलिस ने भोला उर्फ नरेंद्र राकेश, प्रेम सिंह और रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुलावठी पुलिस व स्वाट टीम की मोटर चोरी करने वाले हापुड़ के शातिर बदमाशों के साथ गांव फकाना नहर के पास हुई मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश को पुलिस की गोली लगी है। उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, चोरी किया गया सामान व पिकअप वाहन बरामद किया है। एसएसपी दिनेश सिंह ने बताया कि शनिवार की देर रात पुलिस टीम व स्वाट टीम फकाना नहर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहन की चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध पिकअप वाहन तेजी से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया गया पर वह नहीं रुका और तेजी से भागने लगा। कुछ दूरी पर पुलिस टीम से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसको उसके एक अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों में इस्तकार पुत्र इंसाफ अली निवासी ग्राम सुल्तानपुर हापुड़ व सद्दाम पुत्र शकावत निवासी ग्राम सुल्तानपुर हापुड़ है। पुलिस के अनुसार बदमाशों द्वारा गुलावठी क्षेत्र में मोटर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था।

## एक राष्ट्र–एक चुनाव को जन आंदोलन बनाने के लिए जुटें: लक्ष्मीनारायण



**कोसीकलां।** नगर पालिका परिसर में रविवार की शाम को एक राष्ट्र–एक चुनाव विषय पर यूथ समिट का आयोजन किया गया। समिट को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि इस बिल के लागू होने से जहां समय और धन की बचत होगी, वहीं राष्ट्रवाद को धारणा की अधिक मजबूत होगी। चौधरी ने कहा कि यह बिल प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। इस बिल के लागू होने से देश के नागरिक विशेष रूप से युवा जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से उपर उठकर राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना प्रभावी योगदान दे सकेंगे। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि एक राष्ट्र एक चुनाव को जन आंदोलन बनाने के लिए जुट जाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन से जाति, धर्म व क्षेत्रवाद का बोलबा. ला कमजोर होगा एवं देश तेजी से राष्ट्रवाद की ओर आगे बढ़

## गांव दहगाव में मोबाइल टीम कर रही गेहूं खरीद



dklhdykA गेहूं खरीद के लिए बने सरकारी खरीद केंद्रों पर सन्नाटा छाया है। दूसरी तरु क्रियाशील मोबाइल टीमें केंद्र प्रभारियों की अगुवाई में सीधो गांवों में किसानों के घरों पर पहुंचकर गेहूं की खरीद कर रही हैं। प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद गेहूं की मोबाइल टीम द्वारा की जाने वाली खरीद में तेजी आई है। प्रभारी किसानों के घर पहुंचे और करीब पांच सौ क्विंटल से अधिाक की गेहूं खरीद की।प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद ने मोबाइल खरीद के आदेश दिए थे, कहा था कि केंद्र प्रभारी केंद्रों पर बैठने के बजाए गांवों में जाकर किसानों से संपर्क करें और उनके घर से गेहूं की खरीद करें। इस आदेश का अनुपालन शुरू करा दिया गया है। पीसीयू केंद्र प्रभारी जसवीर चौधारी ने गांव दहगांव पहुंचकर ग्रामीणों को गेहूं वार्ता की। इसके बाद केंद्र प्रभारी आदि से करीब पांच सौ क्विंटल के अधिाक की गेहूं खरीद की। इसी प्रकार अन्य केंद्र प्रभारियों ने भी गांवों में पवन, कुमरचंद, गिर्राज, हरी पहलवान, राजवीर, परसादी आदि किसानों के घर पहुंचकर गेहूं खरीद की।

## जेई ने महिला एसडीओ का नाम ले गाया गाना, सस्पेंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** विद्युत विभाग की महिला एसडीओ के नाम पर फिल्मी गाना गाने के मामले जेई पर बड़ी कार्रवाई हुई है। आरोप है कि एसडीओ का नाम लेकर गाना गाया था। अब एमडी के निर्देश पर जेई को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विद्युत विभाग के जेई लखनऊ में निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गए थे। बताया कि बस में सफर के दौरान एक जेई ने महिला अधिकारी का नाम लेकर फिल्मी गाना दे दे प्यार दे गाया। इस दौरान जेई का महिला अधिकारी का नाम लेकर गाना गाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिस पर महिला अधिकारी ने वीडियो के साथ एमडी को शिकायत भेजी थी। एमडी ने मामले में दो सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जांच टीम ने जेई संजीव कुमार को दोषी पाते हुए कार्रवाई की संस्तुति की। अब एमडी के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जेई की बिजली घर नंबर दो पर तैनाती है। जेई निजीकरण के विरोध में लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बस से जा रहा था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अली अहमदपुर उर्फ गढ़ी में प्रधान अतिश ने लगवाया जांच शिविर

**जेवर।** क्षेत्रान्तर्गत गांव अली अहमदपुर उर्फ गढ़ी में एक लैब कलेक्शन सेंटर द्वारा जॉच शिविर लगाया गया उक्त शिविर में ग्रामीणों ने जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया इस दौरान लैब संचालकों द्वारा यहां कुछ टेस्ट नि:शुल्क किये तो कुछ टेस्टों पर ग्रामवासियों को डिस्काउंट भी दिया गया।

ग्राम प्रधान अतिश कुमार ने बताया कि उन्होंने कस्बा जहॉगीरपुर स्थित एक लैब के संच. ालकों से अपने गॉव अली अहमदपुर उर्फ गढ़ी में ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की जांच कराने हेतु जांच शिविर लगवाने के लिए आग्रह किया प्रयास के बाद कस्बा जहॉगीरपुर स्थित एक लैब संच. ालक द्वारा उनके प्रयास को साकार करने हेतु गांव में शिविर लगाकर ग्रामवासियों की जांच कराई। जांच करने आए लैब टैक्नीशियनों द्वारा इस दौरान काफी संख्या में लोगों की नि:शुल्क जांच की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव में लगे जांच शिविर में आए पैथकाइंड कंपनी के मैनेजर ललित कुमार व केशव अग्रवाल का कहना है कि वह इस अब तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर क्षेत्र के अन्य गांवों में भी लगायेंगे। उनका धेय ज्यादा से ज्यादा लोगों की सेवा करना है वह गांव–गांव जाकर उनके स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें सही व उचित टेस्ट रिपोर्ट की जानकारी देते रहेंगे। गांव में लगे जांच ज़िविर में जगदीश राजेश गौतम सहित अनेक लोगों ने जांच कराई।

## जल्द विद्युत लाईन नहीं खिंची तो बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे : इकपाल

**जेवर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष इकपाल सिंह सिवाच ने जेवर विद्युत अभियन्ता को दिए प्रार्थना पत्र देकर चेतावनी भरे स्वर में कहा कि जेवर के टप्पल रोड़ स्थित विराट नर्सिंग हॉम के निकट उनकी पुत्र वधु मीना देवी का नवनिर्मित मकान है जहॉ विद्युत लाईन की व्यवस्था नहीं है गर्मी बढ़ने लगी है मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है विद्युत विभाग द्वारा स्टीमेट भी बनाया जा चुका है इसके बावजूद भी लाइन खिंचवाने के लिए वह विद्युत विभाग के कई लगा चुकी हैं परन्तु लाईन नहीं खींची जा रही है गर्मी बढ़ने और मच्छरों के प्रकोप के चलते पूरा परिवार परेशान हो रहा है। आरोप है कि विद्युत विभाग के कर्माचारी एवं अधिकारियों द्वारा आश्वासन तो कई बार दिया जा चुका है मगर विद्युत लाईन नहीं खींच रहे हैं। राकियू के जिला अध्यक्ष इकपाल सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्दी ही उनकी पुत्रवधु के मकान की लाईन नहीं खिची गई तो वह अपने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बिजली घर जेवर का घेराव कर प्रर्दशन किया जायेगा।

## पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से की भेंट, क्षेत्रीय विकास को लेकर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ब्लाक प्रमुख मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह ने मुख्यमंत्री को पूरनपुर ब्लॉक में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी और आने वाले समय में क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सहयोग की मांग की।

## पहलगाम नरसंहार के विरोध में बंद रहा सर्राफा बाजार



**पीलीभीत।** सर्राफा बेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुन्नू बाबू सर्राफ जिला महामंत्री शैली अग्रवाल के आवाह्न पर रविवार को पहलगाम नरसंहार के विरोध में सर्राफा बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा, इस दौरान व्यापारियों ने आतंकवाद का विरोध करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अधिक जानकारी देते हुए जिला महामंत्री शैली अग्रवाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर, उनके हिन्दू धर्म की पहचान करके निर्दोष सैलानियों को गोली से भून दिया गया।

इस घटना ने पूरे देश की आत्मा को झंझोर कर रख दिया। सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन ने इस घटना का विरोध करते हुए रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्णता बाजार बंद रखा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की तरफ से एक ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के माध्यम से भेजा गया है। जिसमें सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन पीलीभीत ने आग्रह किया है कि अब पूर्णता आतंकवाद का खात्मा किया जाए। इस दौरान दर्जनों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### विधवा महिला को थाने से भगाने पर राज्य मंत्री ने थाना पुलिस की लगाई फटकार

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जन सहयोग कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र से आई जनता की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश दिए राज्य मंत्री संजय गंगवार के जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भूढ़ा पुरवा निवासी सुनीता देवी ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि प्रार्थी की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है जिसको लेकर वह थाना न्यूरिया पुलिस के पास गई लेकिन थाना पुलिस ने उसकी समस्या ना सुनकर उसको थाने से भगा दिया। इस पर राज्य मंत्री संजय गंगवार ने तत्काल थाना प्रभारी न्यूरिया को फोन लगाकर स्थिति की जानकारी की और विधवा की समस्या ना सुने जाने पर कड़ी नाराजगी जताई।

### निदेशक ( तकनीकी ) ने डिस्कॉम मुख्यालय परिसर स्थित कट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एन.के. मिश्र निदेशक (तकनीकी) ने दिनाक 26 अप्रैल को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ परिसर स्थित कट्रोल रूम का निरीक्षण किया और मौके पर कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, निदेशक (तकनीकी) ने उपभोक्ताओं की विद्युत हेल्पलाइन नंबर 1912 एवं टोल फ्री नंबर 1800- 180-3002 पर प्राप्त हुई शिकायतों और उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक (तकनीकी) ने हेल्पलाइन नंबर 1912 पर आने वाली विद्युत आपूर्ति, बिल संबंधी, ट्रांसफार्मर आदि शिकायतों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कट्रोल रूम निगरानी तत्र को और सशक्त बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता अशोक सुंदरम, अरुण कुमार अधीक्षण अभियंता (तकनीकी), रवि शंकर गुप्ता अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता कंट्रोल रूम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र मौ. शाहिद गलत संगती में रहता है और मेरा कहना नहीं मानता है जिस कारण मैंने उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। -भूरिया पत्नी इदरीश निवासी 439, सैक्टर-11, शास्त्रीनगर, मेरठ।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर पिस्टल से फायरिंग कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव नगला हरेरू में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवकों ने खेत में काम कर रहे शबबू व हमदान पर लाइसेंसी पिस्टल से कई राउंड फायरिंग कर जानलेवा हमला कर दिया जिससे शब्बू के पैर में गोली लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल शबबू को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है घटना के संबंध में हमदान ने खुर्राम पुत्र समी, कल्लू पुत्र मोबीन, नकीब पुत्र नईम, रूवेज उर्फ टाटी पुत्र अकलीम निवासी नगला हरेरू व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

**सार्वजनिक सूचना**

**नामान्तरण ( दाखिल खारिज )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लावड़, अन्तर्गत वार्ड सं.-07 में स्थित भवन/दुकान/खाली प्लाट सं.-81 के निवासी श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री चतर सिंह निवासी ग्राम अन्दावली पो. लावड़, मेरठ ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 11.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसको श्री जमशेद अहमद पुत्र अब्दुल्ला वार्ड सं. -07, मौहल्ला कमलियान, लावड़, मेरठ से क्रय किया है, जिसकी चौहद्दी निम्नवत है:-पूरब-12 फिट/गैलरी 6.5 फिट जो मेन रास्ते पर मिलते हैं, पश्चिम-12 फिट/मकान मुस्तफा, उत्तर-12 फिट/मकान इरफान, दक्षिण-12 फिट/मकान नसीम। इस दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन की अवधि के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत में कार्यालय दिवस में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**-अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़, मेरठ।**

# RR को प्लेऑफ में बने रहने को संघर्ष करना होगा




## गुजरात और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज खेला जाएगा मैच

**जयपुर, वार्ता।** ऑरेंज कैप धारक साई सुदर्शन की शानदार फॉर्म से उत्साहित गुजरात टाइटन्स (जीटी) सोमवार को सवाई मान. सिंह स्टेडियम में आईपीएल के मैच 47 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर अपना दबदबा कायम रखने मैदान में उतरेगी। वहीं प्लेऑफ से दूर होती जा रही राजस्थान रॉयल्स को इस मैच में जीत हासिल कर लगातार पांच हार की निराशा से निकलने के लिए संघर्ष दिखाना होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है आरआर के लिए इस मुकाबले को जीतने का अधिक दबाव होगा। आरआर को टूर्नामेंट में अब तक खेले गए नौ मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा है। वह दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है।

वहीं गुजरात इस सत्र में राजस्थान के खिलाफ अपने सात मुकाबलों में से छह में जीत हासिल की है इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। उसके स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन नौ मैचों में 417 रन बनाकर चार्ट में सबसे आगे हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में अब तक 153-26 की स्ट्राइक रेट से 305 रन बना चुके है। गुजरात के गेंदबाज भी सामूहिक रूप से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी विभाग में, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ने मिलकर 28 विकेट लिए हैं। इस बीच, रविश्रीनिवासन साई किशोर ने बीच के ओवरों में मात्र 8-22 रन प्रति ओवर दिए हैं और बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा है। राशिद खान के फिर से लय में आने के साथ, गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण जयपुर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है, जहां पिच में लगातार उछाल है लेकिन रोशनी में आसानी होती है। दूसरी ओर, राजस्थान खुद को मुश्किल स्थिति में है और उसे नौ मैचों में केवल दो में जीत के साथ उसका अभियान पूरी तरह से भटक गया है। यशस्वी जायसवाल (39-66 पर 356 रन) के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, राजस्थान की बल्लेबाजी इकाई सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है। कप्तान रियान पराग को अच्छी शुरुआत को भुनाने में संघर्ष करना पड़ा है, जबकि शिमरोन हेटमायर और नितीश राणा जैसे बल्लेबाजो का प्रदर्शन काफी हद तक प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो सारा भार जोफ्रा आर्चर के कंधों पर है। जबकि इंग्लिश पेसर ने नौ विकेट चटकाए हैं, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर उन्होंने रन लुटाए हैं और स्पिन विभाग विशेष रूप से अविश्वसनीय साबित हुआ है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए अनुकूल रहीं है। अगर आंकड़ों की बात की जाये तो यहां 60 घरेलू टी-20 मैचों में से 38 मैच दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने हैं। इस सत्र में इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 175 के आसपास रहा है, जिससे पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 190 से अधिक का स्कोर सुरक्षित होगा।

# भारत को पाकिस्तान से आईसीसी इवेंट नहीं खेलना चाहिए



## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सौरव गांगुली खुलकर बोले

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी और एशियन चैंपियनशिप में भी नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का नाम सामने आने के बाद ये बात कही। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।

गांगुली ने कहा कि टीम इंडिया को सख्त कदम उठाना चाहिए और आईसीसी इवेंट में भी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। दरअसल 2013 के बाद से राजनीतिक संबंध खराब होने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज का आयोजन बंद हो गया। भारत केवल पाकिस्तान से आईसीसी इवेंट या एशियन चैंपियनशिप में ही खेलता है। 2012-13 में आखिरी बार हुई थी बाइलैटरल सीरीज पाकिस्तान ने 2012-13 में आखिरी बार बाइलैटरल सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। उस दौरे पर 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी। वहीं टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रा रहे थे। 2012-13 में पाकिस्तान ने भारतीय दौरे पर वनडे सीरीज को 2-1 से जीता था। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत नहीं गया था पाकिस्तान इसी साल मार्च में संपन्न चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। भारत ने फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेले। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर 12 साल बाद खिताब अपने नाम किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की जर्सी का अनावरण

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपर की संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में आगामी 29 अप्रैल से एक मई तक आयोजित होने वाली तीसरी राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सीनियर, जूनियर तथा सब जूनियर राष्ट्रीय लैक्रोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की किट टी शर्ट का आज अनावरण किया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता लैक्रोजफेडरेशन ऑफ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश लैक्रोज संघ की संयुक्त मेजबानी में आयोजित की जायेगी। संभागीय आयुक्त ने प्रशिक्षक नीरज बत्रा सहित पुरुष सीनियर टीम के कप्तान मोहनलाल गमेती, जूनियर टीम के प्रणय त्रिपाठी, सब जूनियर के निशांत नागदा, महिला वर्ग में सीनियर टीम की सुनीता मीणा, जूनियर टीम की डाली गमेती तथा सब जूनियर की रोशनी बोस सहित समस्त खिलाड़ियों को जर्सी वितरित करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### सैनी ने 'ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2-0' को झंडी दिखा किया रवाना

**सिरसा, वार्ता।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने रविवार को यहां 'ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2-0' के समापन अवसर पर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री सैनी ने कहा कि 'विकसित भारत' और 'विकसित हरियाणा' के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्रग फी हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर व एकजुट होकर हरियाणा के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है। उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 'नशा मुक्त हरियाणा' बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।



# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को रौंदा

## स्नेहा राणा ने तीन विकेट दीप्ति और चरणी ने दो-दो विकेट चटकाए

**कोलंबो, वार्ता।** स्नेह राणा (तीन विकेट), दीप्ति शर्मा और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की शानदार गेदबाजी के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 50), हरलीन देओल (नाबाद 48) और स्मृति मंधाना (43) रनों की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को वर्षा बाधित त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मुक. ाबले में श्रीलंका को 56 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 जोड़े। 10वें ओवर में इनोका रनावीरा ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी भारतीय टीम को 29-4 ओवर में एक विकेट पर 149 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। प्रतिका रावल ने 62 गेदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाये। वहीं हरलीन देओल ने 71 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण इस एकदिवसीय मुकाबले को 39-39 ओवरों का कर दिया गया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान चामरी अटापट्टू (सात) का विकेट गवां दिया। उन्हें अरुंधति रेड्डी ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में स्नेह राणा ने हसिनी परेरा (30) को पगबाध कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। श्रीलंका का तीसरा विकेट हर्षिता समाराविक्रमा (14) के रूप में गिरा वह रनआउट हुई। हंसिमा करुणारत्ना (चार) को स्नेह राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया।नीलाक्षी डिसिल्वा (10) को भी राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कविशा दिलहारी (25)और पियूमी बैडलगे (दो) को श्री चरणी ने आउट किया।37 ओवर में दीप्ति शर्मा ने अनुष्का संजीवनी (22) को आउटकर श्रीलंका को आठवां झटका दिया। इसके बाद मालकी मदारा (दो) रनआउट हुई। 39वें ओवर की पहली गेंद पर दीप्ति शर्मा ने अचिनी कुलासूर्या (17) को आउटकर श्रीलंका की पारी को 147 के स्कोर पर समेट दिया। भारतीय महिला टीम के लिए स्नेह राणा ने तीन विकेट लिए। श्री चरणी और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले। अरुंधति रेड्डी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## श्रीमंत झा का रजत पदक पहलगाम में मारे गए लोगों को समर्पित

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा-आर्म रेसललग कप 2025 में 85 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाले श्रीमंत झा ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को अपना पदक समर्पित किया है। दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंत झा ने स्विट्जरलैंड में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित पैरा-आर्म रेसललग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग प्रतियोगता में क्रोएशिया के लुका ड्राकन को हराकर रजत पदक जीता। मुकाबले के बाद झा ने कहा कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है और अब वह आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।


# पंजाब नहीं जीतेगी खिताब, पोंटिंग पर भड़के मनोज तिवारी

## मुख्य कोच पर भारतीयों के बजाय विदेशी खिलाड़ियों को अधिक समर्थन देने का आरोप लगाया

**कोलकाता, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी का मानना है कि पंजाब किंग्स इस सत्र में खिताब नहीं जीत पाएगी। उन्होंने टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग पर भारतीयों के बजाय विदेशी खिलाड़ियों को अधिक समर्थन देने का आरोप लगाया है। शनिवार को पंजाब का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हुआ। यह मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। ईडेन गार्डंस में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके इस निर्णय को प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश ने सही साबित किया। दोनों ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब ने कोलकाता के खिलाफ चार विकेट खोकर 201 रन बनाए थे। प्रियांश 69 और प्रभसिमरन 83 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए श्रेयस अय्यर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। मनोज तिवारी ने अब पंजाब के बैटिंग आर्डर में बदलाव पर सवाल खड़े किए हैं। उनका मानना है कि भारतीय बल्लेबाजों ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। इसके बावजूद मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने चौथे और पांचवें नंबर पर मैक्सवेल और मार्को यानसेन को भेजकर शशांक और नेहल का पत्ता काटने की कोशिश की। पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि इस बार पंजाब का खिताब जीतना मुश्किल है। तिवारी ने एक्स पर लिखा कि मेरी आंतरिक भावना कहती है कि पंजाब की टीम इस सीजन में आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाएगी क्योंकि आज जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो मैंने देखा कि कोच ने भारतीय इनफॉर्म बल्लेबाजों नेहल वडेरा और शशांक सिंह को नहीं भेजा।

# युवा खिलाड़ियों की निडरता से शास्त्री प्रभावित

## वैभव, प्रियांश और प्रभसिमरन का भविष्य उज्ज्वल



**मुंबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चमक रहे युवा बल्लेबाजों की नई पीढ़ी की तारीफ करते हुये कहा कि आयुष म्हात्रे,वैभव सूर्यवंशी,प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भविष्य उज्जवल है।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नये एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ बात. चीत मं कहा कि वह भारतीय युवा सनसनी के निडर रवैये से हैरान हैं जिन्होंने टूर्नामेंट में तूफान मचा दिया है। पूर्व भारतीय कोच ने चेन्नई सुपर लकग्स के आयुष म्हात्रे और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी के साथ-साथ पंजाब लकग्स की आक्रामक सलामी जोड़ी प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह जैसे युवाओं की हिम्मत की दाद दी और कहा कि यह चौकड़ी भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फॉर्म को अच्छी तरह से दोहरा सकती है। शास्त्री ने कहा कि पंजाब के दो सलामी बल्लेबाज (प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह) शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि ये युवा खिलाड़ी जो अभी आए हैं, वे 14 साल या 17 साल के हैं और पहले छह ओवरों में ही रन बना लेते हैं। आर्य टूर्नामेंट की शुरुआत से ही शानदार फॉर्म में हैं। गौरतलब है कि 23 वर्षीय आर्य ने 8 पारियों में 201-58 की शानदार स्ट्राइक रेट से 254 रन बनाए हैं, जिसमें सीएसके के खिलाफ एक शानदार शतक भी शामिल है। आर्य को चोटिल रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था, और उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे, उन्होंने मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइन-अप के खिलाफ अपने बोल्ड स्ट्रोक्स से प्रशंसकों और विशेषज्ञों को हैरान कर दिया। शास्त्री ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ आयुष आर्य ने जो शॉट खेले, जिस तरह से उन्होंने मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइन-अप के खिलाफ 17 वर्षीय खिलाड़ी ने अविश्वसनीय शॉट लगाए, उसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।ह शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि आयुष म्हात्रे का भविष्य उज्ज्वल है। जब मैं उसे देखता हूं, तो उसके द्वारा खेले गए कुछ शॉट्स को देखकर मुझे लगता है कि अगर उसे सही तरीके से संभाला जाए और सही तरह के लोगों के साथ रखा जाए, तो वह बहुत आगे तक जा सकता है। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी नामक एक अन्य युवा खिलाड़ी की भावना और तीव्रता ने भी शास्त्री को प्रभावित किया। इस बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पारी की शुरुआत की और 20 गेंदों पर 34 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को छक्का लगाना भी शामिल है। शास्त्री ने बताया कि कैसे आईपीएल पूरे भारत में अप्रयुक्त क्षमता के लिए लॉन्चिंग पैड बन गया है, जिसमें युवा निडर होकर बड़े मंच पर कदम रख रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर, उन्होंने सावधानी भी बरती। उन्होने कहा कि लोग नई चीजें लेकर आएंगे। उस पर बहुत सारी छोटी चीजें फेंकी जाएंगी। जब आप किसी की पहली गेंद पर छक्का लगाते हैं, तो आप कोई दया नहीं दिखाते। फिर आपको परवाह नहीं होती कि वह 14 साल का है या 12 साल का या 20 साल का है। उन्होंने कहा कि मेनू वही है जो आप परोसते हैं। इसलिए, उसे इसकी आदत डालनी होगी और एक बार जब हम उसे संभालते हुए देखेंगे तो आप उचित निर्णय ले पाएंगे। शास्त्री ने कहा कि भारत का व्हाइट-बॉल टैलेंट पूल हर सीज़न में गहरा होता जा रहा है, जिसमें शुभमन गिल, साई सुदर्शन, अभिषेक शर्मा और अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं। शास्त्री ने भारतीय चयनकर्ताओं के लिए चयन संबंधी परेशानी को स्वीकार किया, लेकिन उनसे खिलाड़ियों को तब चुनने का आग्रह किया।

# नीतीश ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की तैयारियों का लिया जायजा

**पटना, वार्ता।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रहे 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की तैयारियों का आज निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री कुमार ने रविवार को यहां इस दौरान सेंट्रल कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, कॉफ्रेंस हॉल, स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य भागों का जायजा लिया। साथ ही उद्घाटन समारोह में होनेवाल कार्यक्रम के लिए खिलाध्यिों और कलाकारों द्वारा किए जा रहे अभ्यास का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 04 मई को उद्घाटन समारोह में प्रदर्शित की जानेवाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग के निर्माण का भी अवलोकन किया। विश्व की सबसे बघी बनायी गयी मधुबनी पेंटिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 50 कलाकारों ने लगातार 50 घंटे तक काम कर इस पेंटिंग को तैयार किया है।

# ब्राजील की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का निधन

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और 1962 फीफा विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का साओ पाउलो के ओसास्को में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सीबीएफ, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम, पोर्टुगुसा के पूर्व राइट विंगर और इंटर मिलान और रोमा जैसे क्लबों के आदर्श जैर द कोस्टा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। उनका निधन शनिवार को 84 वर्ष की आयु में साओ पाउलो के ओसास्को में हुआ।

# मुंबई ने एलएसजी को 54 रनों से हराया



## रायन ने 58 और सूर्यकुमार ने 54 रनों की पारी खेली, जसप्रीत बुमराह को मिले चार विकेट

**मुंबई, वार्ता।** रायन रिकलटन (58) और सूर्यकुमार यादव (54) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 45वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 ओवर में 161 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर मैच 54 रनों से जीत लिया।

इस जीत के साथ ही मुंबई ने प्लेऑफ की दावेदारी को और मज़बूत कर लिया है। इस जीत ने मुंबई को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत खराब रही है और उसने 18 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम का विकेट गवां दिया। मारक्रम को बुमराह ने आउट किया इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोलस पूरन ने मिचेल मार्श के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। सातवें ओवर में विल जोक्स ने पूरन 15 गेंदों में 27 रन को आउटकर लखनऊ को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में जोक्स ने कप्तान ऋषभ पंत (चार) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। लखनऊ का चौथा विकेट मिचेल मार्श (34) के रूप में गिरा।

आयुष बडोनी और डेविड मिलर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। लेकिन बुमराह और बोल्ट के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लखनऊ के बल्लेबाज ना तो रन बना पाये और ना ही अधिक देर तक नहीं टिक सके। आयुष बडोनी 22 गेंदों में (35) और डेविड मिलर 16 गेंदों में (24) रन बनाकर आउट हुये। रवि बिश्नोई ने (13) रन बनाए। लखनऊ ने अपने पांच विकेट मात्र 26 रन जोड़ कर गवां दिए। लखनऊ सुपर जायंट्स की पूरी टीम 20 ओवर में 161 रन ही बना सकी और 54 रन से मुकाबला हार गई। मुम्बई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार और ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। विल जैक्स को दो विकेट मिले और कॉर्बिन बॉश ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए रायन रिकलटन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने अतिशी प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिये 33 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मयंक यादव ने रोहित शर्मा पांच गेंदों में (12) रन को आउटकर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

## मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया 'ए' हॉकी टीम ने मैच पर अपना नियत्रंण बनाए रखा

**पर्थ, वार्ता।** महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बावजूद पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 3-5 से हार गई। भारत की ओर से महिमा टेटे (27‘), नवनीत कौर (45‘) और लालरेम्सियामी (50‘) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नेसा फ्लिन (3‘), ओ. लिविया डाउन्स (9‘), रूबी हैरिस (11‘), टैटम स्टीवर्ट (21‘) और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44‘) ने गोल किए। मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया ए ने मैच पर नियंत्रण बना लिया था।

नेसा फ्लिन (3‘) के बेहतरीन फील्ड गोल किया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा। ओलि. विया डाउन्स (9[) और रूबी हैरिस (11[) ने डिफेंसिव खामियों का फायदा उठाते हुए दो और फील्ड गोल किए और पहला क्वार्टर 3-0 की बढ़त के साथ समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी गति बनाए रखी और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बाद, टैटम स्टीवर्ट (21[) ने एक को गोल में बदल दिया, जिससे उनकी बढ़त 4-0 हो गई। शुरुआती हमलों के बावजूद, भारत ने लचीलापन दिखाया और महिमा टेटे (27‘) ने एक तेज फील्ड गोल करके भारतीय टीम में कुछ ऊर्जा भर दी, जिससे वे हाफ-टाइम में 1-4 से पीछे चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी ताकत दिखाई और उन्हें अपने प्रयासों का इनाम मिला, जब केंद्रा फिट्ज़पैट्रिक (44‘) ने अपनी टीम के लिए एक और गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। भारतीय टीम ने जवाबी हमला किया और उनके प्रयासों का फल तब मिला जब उप-कप्तान नवनीत कौर (45‘) ने गोल करके अंतर को 2-5 कर दिया।

# मोदी की दो टूक

आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के दोषियों को दंडित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को अपने इस कार्यक्रम में यह यकीन दिलाया कि उनको न्याय मिलेगा उन्होंने जोर देकर कहा कि उनको न्याय मिल कर रहेगा। हमले के दोषियों को ही नहीं बल्कि जो इसके पीछे साजिशकर्ता है उनको भी दंडित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना बिलकुल सही था कि आतंकवादी व उनके सरपरस्तों ने इस घटना को हताशा में अंजाम दिया है। क्योंकि यह घटना ऐसे समय में हुई जब कश्मीर में शांति लौट रही थी। स्कूल-कॉलेजों में चहल-पहल थी। पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। हम सभी जानते है कि पर्यटक जम्मू-कश्मीर का एक महत्वपूर्ण आय का स्त्रोत है। जाहिर है इससे लोगों की कमाई बढ़ रही थी और घाटी के युवाओं के लिए विशेषकर अवसर तैयार हो रहे थे। तो यह एक स्वभाविक सी बात है इस तरह की स्थिति भारत के दुश्मन कैसे सहन कर सकते है। आतंकवादियों ने अपनी इस करतूत को इस मंशा के साथ अंजाम दिया कि इससे भारत में सामाजिक विभाजन पैदा होगा और दो समुदायों के बीच आपसी संघर्ष बढ़ेगा। यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि जब 22 अप्रैल को आतंकवादी पहलगाम में हिंसा की घटना को अंजाम दे रहे थे। जिसमें हमारे 28 लोग शहीद हो गए। वह लोगों से उनका नाम पूछ रहे थे। कई पीड़ितों ने बताया की आतंकवादी लोगों से नाम पूछकर उनकी हत्या कर रहे थे। कोई भी समझ सकता है कि नाम पूछकर हत्या करने का क्या मकसद हो सकता है। जाहिर है आतंकवादी चाहते थे कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि केवल वह हिंदू की हत्या करना चाहते थे। इससे हिंदू-मुस्लिमों के बीच संघर्ष होने का सपना आतंकवादी व उनके आका देख रहे थे, लेकिन भारत की 140 करोड़ की जनता ने एकजुटता दिखाते हुए। ऐसे लोगों के सपनों पर पानी फेर दिया। भारत-पाक के बीच इस समय संबंध अपने पूरे तनाव भरे है। इसका कारण साफ है भारत का मानना है कि पाक ही इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहा है। इसलिए उसको दंडित किया जाना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि भारत के तमाम आरोपों में एक सच्चाई है। पाक एक आतंकवादी फैक्ट्री बना हुआ है। यह बात केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया जानती है तभी तो आतंकवाद के मसले पर भारत को पूरा समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। जैसे कि पीएम मोदी ने कहा भी कि हम लोगों में जो आक्रोश है वह आक्रोश पूरी दुनिया में है उनको पूरी दुनिया से संवेदनाएं मिल रही है। इसमें कोई दोराए नहीं कि आज आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं रह गया है। बल्कि यह एक विश्व व्यापी समस्या बनकर दुनिया के सामने एक चुनौती पेश कर रहा है। पाक को समझना होगा कि उसकी करतूतों को अब विश्व बहुत ज्यादा दिनों तक नजर अंदाज नहीं कर सकता। अगर उसने अपना आचरण नहीं बदला तो उसका विनाश तय है।

## किसी देश का खुफिया तंत्र सौ प्रतिशत फुलप्रूफ नहीं



पहलगाम आतंकी हमले की तुलना आतंकी संगठन हमास के इजरायल पर किए हमले से की जा सकती है, इजरायल के पास मजबूर खुफिया तंत्र होने के बावजूद हुआ, क्योंकि उन्हें हमले की जानकारी नहीं थी, किसी भी देश के पास कभी भी 100 प्रतिशत खुफिया जानकारी नहीं हो सकती है, बिलावल भुट्टो का सिंधु जल रोकने पर दिया खून बहने वाला बयान केवल भड़काऊ बयानबाजी है, हम पाकिस्तानियों को कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन अगर वे हमारे साथ कुछ करते हैं, तो जवाब के लिए तैयार रहें, अगर खून बहेगा, तो हमारे मुकाबले उनकी तरफ ज्यादा बहेगा, पहलगाम हमले में एक पैटर्न है, लोगों को उकसाया जाता है, ट्रेंड किया जाता है, हथियार दिए जाते हैं, अक्सर सीमा पार से डायरेक्ट किया जाता है और पाकिस्तान सभी जिम्मेदारी से इन्कार करता है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# डिजिटल युग में बच्चे गुस्सैल और आक्रामक क्यों?





**विनीत नारायण**

**आज के बच्चे 'डिजिलट नेटिव्स' हैं, यानी व उस दुनिया में पैदा हुए हैं जहां स्मार्टफोन, टैबलेट और इंटरनेट रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं, पहले जहां बच्चे खेल के मैदान में दोस्तों के साथ समय बिताते थे, वहीं अब वे मोबाइल स्क्रीन पर गेम खेलने वीडियो देखने और सोशल मीडिया पर समय बिताने में व्यस्त रहते हैं**

आज के डिजिटल युग में, बच्चों का व्यवहार और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। माता-पिता और शिक्षक अक्सर यह शिकायत करते हैं कि बच्चे पहले की तुलना में अधिक गुस्सैल, चिड़चिड़े और आक्रामक हो गए हैं। इसका एक प्रमुख कारण बच्चों का कम उम्र में मोबाइल फोन और इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग है। प्रारंभिक स्क्रीन टाइम और डिजिटल दुनिया बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप उनमें गुस्सा और आक्रामकता बढ़ रही है।

आज के बच्चे 'डिजिटल नेटिव्स' हैं, यानी वे उस दुनिया में पैदा हुए हैं जहां स्मार्टफोन, टैबलेट और इंटरनेट रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं। पहले जहां बच्चे खेल के मैदान में दोस्तों के साथ समय बिताते थे, वहीं अब वे मोबाइल स्क्रीन पर गेम खेलने, वीडियो देखने और सोशल मीडिया पर समय बिताने में व्यस्त रहते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 6-12 वर्ष की आयु के बच्चे औसतन प्रतिदिन 2.4 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं। ये आंकड़ा किशोरों में और भी अधिक है।

हालांकि तकनीक ने शिक्षा और मनोरंजन के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग बच्चों के मस्तिष्क के विकास, भावनात्मक नियंत्रण और सामाजिक कौशलों को प्रभावित करता है। गुस्सा और आक्रामकता के कारण बच्चों का मस्तिष्क विकास के महत्वपूर्ण चरण में होता है और इस दौरान स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मस्तिष्क के 'प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स' को प्रभावित करता है, जो भावनाओं को नियंत्रित करने और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मोबाइल गेम्स और सोशल मीडिया में तेजी से बदलते दृश्यऔर तत्काल पुरस्कार (जैसे गेम में जीत या लाइक्स का मिलना) बच्चों के मस्तिष्क में 'डोपामाइन' का स्तर बढ़ाते हैं। इससे वे तुरंत संतुष्टि की उम्मीद करने लगते हैं और जब वास्तविक जीवन में ऐसा नहीं होता, तो वे निराश, चिड़चिड़े और गुस्सैल हो जाते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध कई गेम्स और वीडियो में हिंसा, आक्रामकता और अनुचित व्यवहार को दर्शाया जाता है। बच्चे, जिनका दिमाग अभी परिपक्व नहीं हुआ है, इन सामग्रियों को देखकर हिंसक व्यवहार को सामान्य मानने लगते हैं। उदाहरण के लिए कई लो. कप्रिय मोबाइल गेम्स में युद्ध, लड़ाई और विनाश को बढ़ावा दिया जाता है, जो बच्चों में आक्रामक प्रवृत्तियों को बढ़ा सकता है। मोबाइल और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से बच्चे वास्तविक दुनिया में अपने दोस्तों और परिवार से कट जाते हैं। वे सोशल मीडिया पर तो सक्रिय रहते हैं, लेकिन वास्तविक सामाजिक संपर्क की कमी उन्हें अकेला और उदास बनाती है। यह अकेलापन और भावनात्मक खालीपन अक्सर गुस्से और आक्रामकता के रूप में व्यक्त होता है।

देर रात तक मोबाइल फोन का उपयोग, विशेष रूप से नीली रोशनी का संपर्क, बच्चों की नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। अपर्याप्त नींद बच्चों में चिड़चिड़ापन, तनाव और गुस्से को बढ़ाती है। एक शोध के अनुसार, जो बच्चे रात में अधिक समय स्क्रीन पर बिताते हैं, उनमें भावनात्मक अस्थिरता और आक्रामक व्यवहार की संभावना अधिक होती है। सोशल मीडिया बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। वे दूसरों की 'परफेक्ट' जिंदगी, लुक्स या उपलब्धियों को देखकर खुद को कमतर महसूस करते हैं। यह आत्मसम्मान में कमी और असंतोष का कारण बनता है, जो गुस्से और आक्रामकता के रूप में सामने आता है। प्रारंभिक उम्र में मोबाइल और इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग केवल गुस्सा और आक्रामकता तक सीमित नहीं है। इसके दीर्घकालिक प्रभाव भी चिंता. जनक हैं। बच्चों में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम हो रही है, उनकी रचनात्मकता प्रभावित हो रही है और वे भावनात्मक रूप से कमजोर हो रहे हैं। इसके अलावा, लगातार स्क्रीन टाइम के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है, जैसे कि मोटापा, आंखों की समस्याएं और खराब मुद्रा। इस समस्या से निपटने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और समाज को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। निम्नलिखित कुछ सुझाव हैं जो बच्चों में गुस्सा और आक्रामकता को कम करने में मदद कर सकते हैं। माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नजर रखनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2-5 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 1 घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम नहीं देना चाहिए। बड़े बच्चों के लिए भी उम्र के अनुसार समय सीमा निर्धारित करें। बच्चों को खेल, कला, संगीत और पढ़ने जैसी गतिविधियों में शामिल करें। ए न केवल उनकी रचनात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भावनात्मक रूप से स्थिर भी बनाते हैं। माता-पिता को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए। साथ में भोजन करना, कहानियां सुनाना या बाहर घूमने जाना बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। बच्चों को ऐसी सामग्री देखने के लिए प्रोत्साहित करें जो शिक्षाप्रद और सकारात्मक हो। माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे हिंसक गेम्स या वीडियो से दूर रहें। बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करें। उन्हें सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताएं।

यदि बच्चा लगातार गुस्सा या आक्रामक व्यवहार दिखा रहा है, तो मनोवैज्ञानिक या काउंसलर की मदद लें। प्रारंभिक हस्तक्षेप से समस्या को बढ़ने से रोका जा सकता है। बच्चों के लिए ही नहीं हम सबके लिए भी ए चेतावनी है कि लगातार डिजिटल उपकरणों का उपयोग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। इसके लिए 'डिजिटल डिटॉक्स' करने के जरूरत होती है। जो तनाव कम करने, नींद सुधारने और वास्तविक रिश्तों को मजबूत करने में मदद करता है। यह एकाग्रता बढ़ाता है और बच्चों को स्क्रीन से दूर प्रख्रति व खेलों से जोड़ता है। समय-समय पर 'डिजिटल डिटॉक्स' अपनाकर हम और हमारे बच्चे संतुलित और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन इसका बच्चों पर होने वाला प्रभाव गंभीर है। यह माता-पिता और समाज की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को डिजिटल दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाएं और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करें।

# कुदरत को संवारती तितलियां...

**डॉ. पीयूष गोयल**

**तितलियां फूलों से भले ही रसपान करती हैं पर उनकी मौजूदगी कभी भी फूलों की सुंदरता को नष्ट नहीं करती, यह मनुष्य के लिए एक बड़ा सबक होना चाहिए तितलियां तब एक फूल से दूसरे फूल पर विचरण करती हैं, तो वे अपने नन्ही-नन्ही टांगों तथा अपनी छोटी सी सूंड पर फूलों के कुछ परागकण समेटकर दूसरे फल पर ले जाती हैं**



प्रकृति के रहस्यों में फूल और तितलियों का सामंजस्य किसी से नहीं छिपा है। लेकिन मनुष्य सहित उनके अनेक प्राकृतिक दुश्मन हैं, जैसे कीट, पक्षी, छिपकलियां आदि। 2006 में ब्रिटिश काउंसिल द्वारा निर्मित, सोन्या वी. कपूर द्वारा निर्देशित प्रसिद्ध डाक्यूमेंटरी फिल्म 'वन्स देयर वाज़ ए पर्पल बटरफ्लाई' में इनके अवैध व्यापार को दर्शाया गया है। तितलियों की कई प्रजातियों को भारत से चीन, ताइवान और कई अन्य देशों में तस्करी, अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में सजावट और अन्य सजावटी मूल्य के लिए जीवित या मृत ले जाया जाता है।

तितलियां फूलों से भले ही रसपान करती हैं, पर उनकी मौजूदगी कभी भी फूलों की सुंदरता को नष्ट नहीं करतीं। यह मनुष्य के लिए एक बड़ा सबक होना चाहिए। तितलियां जब एक फूल से दूसरे फूल पर विचरण करती हैं, तो वे अपने नन्ही-नन्ही टांगों तथा अपनी छोटी-सी सूंड पर फूलों के कुछ परागकण समेटकर दूसरे फूल पर ले जाती हैं। इससे पेड़-पौधों में प्रजनन शुरू होता है। परागकणों को एक से दूसरे फूल तक पहुंचाकर तितलियां कई वनस्पतियों, खास कर गाजर, सूरजमुखी, फलियों और पुदीना आदि के पौधों में फूलों से फल बनने की प्रक्रिया में सहायता करती हैं, अर्थात हमारी भोजन की थाली में बहुत सारी हरी-भरी सब्ज़ियों को पहुंचाने में मदद करती हैं, जिन्हें हम अनदेखा करते हैं। अर्थशास्त्रियों ने इन सभी परागणकर्ताओं की पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का मूल्यांकन लगभग 235.577 अरब अमेरिकी डॉलर आंका है। धीरे-धीरे अब इन पौधों और परागण करने वाले जीवों का आपसी सम्बंध टूटने से जैव-विविधता और खेती पर बुरा असर पड़ने लगा है। समय आ गया है कि तितलियों की पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए उनकी सराहना और समर्थन किया जाए।

तितलियों की समृद्ध पारिस्थितिकी के लिए पर्यावरणीय कारकों, जैसे नमी, तापमान और उनकी इल्लियों के लिए पोषक पौधों की उपलब्धता ज़रूरी है। चूंकि तितलियां विशिष्ट पौधों पर ही अंडे देती हैं, इनके लिए घरों की छतों पर या बागवानी वाली जगह पर सुगंधित, मीठे, रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधे लगाए जा सकते हैं। एक टिकाऊ तितली उद्यान बनाने के लिए दो प्रकार के पौधे लगाए जा सकते हैं: (1) पोषक पौधे-पीले सूरजमुखी, ब्लैक-आइड सुसान, गोल्डनरॉड्स, गुलाबी जो-पाई वीड, फायरवीड, रेड बी बाम/बर्गमोट, मेक्सिकन सूरजमुखी, बैंगनी कोनफ्लॉवर, वर्बेना, जंगली एस्टर्स, आयरनवीड, लंबा बुडालिया जैसे पौधे तितलियों को पसंद आने वाले रंगों से भरपूर पौधे होते हैं, जिन पर तितलियां अंडे देती हैं, तथा वे उनकी इल्लियों (कैटरपिलर) के लिए भोजन का काम करते हैं, तथा (2) मकरंद पौधे-ये वयस्क तितलियों के लिए भोजन का काम करते हैं। तितलियां खुली धूप वाली जगह पसंद करती हैं, हवादार जगह पर उन्हें हवा से बचाने के लिए जितना सम्भव हो सके प्रयास करना चाहिए। हालांकि तितलियों को पानी पीने के लिए कीचड़-भरी जगह पसंद होती है, लेकिन एक उथला कटोरा और उसके चारों तरफ पानी में भीगा स्पंज रखने से उनके नाजुक शरीर के उतरने में मदद होती है। झुंड को बुलाने के लिए बगीचे में गीली रेत का कटोरा रखा या मिट्टी का पोखर भी बनाया जा सकता है। इनकी आबादी और विविधता को संरक्षित करने के लिए भारत के कई राज्यों में तितली पार्कों की स्थापना की गई है। पर कुछ ही स्थानों पर इनका संरक्षण करना जैव विविधता को बढ़ावा नहीं देगा, इसके लिए सभी के प्रयास की ज़रूरत होगी। कई लोग तितलियों को सजावट और सजावटी सामानों के रूप में बड़े पैमाने पर दीवारों पर, कागज़ों पर सजाते हैं, और इनका अन्य तरह से इस्तेमाल भी किया जाता है। कई देशों में रात में शादी समारोह में बड़ी संख्या में तितलियां छोड़ी जाती हैं। शोरगुल वाले माहौल में वे उड़ नहीं पाती हैं, और मर जाती हैं। हमें अपना व्यवहार बदलने की ज़रूरत है। यहां यह बता देना लाज़मी है कि परागण की विशेषज्ञ होने के साथ-साथ तितलियां जैव-संकेतक हैं, और पारिस्थितिकी तंत्र में होने वाले मामूली और छोटे-छोटे बदलावों को भांपकर संकेत दे सकती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# भारत के लिए स्थायी सिरदर्द बन चुका आतंक पोषक पाकिस्तान



**टीवी चैनल्स पर हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति एकजुटता, पर्यटकों को बचाने, उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुकाबला करते हुए स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नजर नहीं आए**



**तनवीर जाफरी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए बर्बरतापूर्ण व अमानवीय आतंकी हमले को देश जल्दी भुला नहीं पाएगा। इसमें 27 बेगुनाहों की जान चली गई जिनमें अधिकांश देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए पर्यटक शामिल थे। इस अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। इस घटना के बाद राजनीति, भारतीय मीडिया, सोशल मीडिया, पक्ष और विपक्ष से जुड़े कई ऐसे पहलू थे जिनपर चर्चा होनी स्वभाविक थी और वह हुई भी। जैसे इस त्रासदी को मुख्य धारा के कहे जाने वाले टीवी चैनल्स ने एक बार फिर 'एजेंडा रिपोर्टिंग' की तर्ज़ पर पेश कर देश में विभाजनकारी माहौल बनाने की पूरी को. शिश की। और इस आतंकी हमले को हिंदू बनाम मुस्लिम के रूप में पेश करने का भरसक प्रयास किया। इन टीवी चैनल्स को हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति, एकजुटता, पर्यटकों को बचाने, उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुक़ाबला करते हुए स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नज़र नहीं नज़र आए। न ही सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही न ही 'आपदा में अवसर' ढूंढने वाली विमानन कंपनियों द्वारा आतंकी हमले की दहशत के परिणामस्वरूप पर्यटकों की वापसी की भारी भीड़ को देखते हुए उनसे आठ से दस गुना तक अधिक किराया वसूल किया जाना दिखाई दिया।

बहरहाल 22 अप्रैल से लेकर अब तक इस विषय को लेकर दोनों देशों की ओर से कई क़दम उठाए जा चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध जो अहम फ़ैसले लिए हैं उनमें मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इसी मार्ग से लौटने के लिए 1 मई तक की समय सीमा निर्धारित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत का वीज़ा न देना, भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय देना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीज़ा रद्द करना, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफ़ेन्स एडवाइज़र्स को भारत छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय देना, तथा दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 तक किया जाना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के विरुद्ध कई फ़ैसले लिए हैं जिनमें भारत के साथ हुआ शिमला समझौता स्थगित करना, वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद करना, 30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागज़ों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने का निर्देश देना, सार्क वीज़ा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों को दी गई वीज़ा छूट खत्म करना (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर) भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों डिफ़ेंस, नेवी और एयर अटैची को अवांछित व्यक्ति (**persona non grata**) घोषित करना और उन्हें व उनके सहायक स्टाफ़ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश देना, इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 करना, पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइंस के लिए बंद करना तथा हर प्रकार का व्यापार चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के ज़रिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर देना जैसी घोषणाएं शामिल हैं। उधर दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध उठाए जा रहे इन क़दमों के बीच पाकिस्तान की ओर से की गयी एक ऐसी स्वीकारोक्ति ने भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लगभग चार दशकों से लगाए जा रहे इन आरोपों को सच साबित कर दिया है कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी भी है और पनाहगाह भी। ग़ौरतलब है कि स्काई न्यूज़ के संवाददाता ने पहलगाम में आतंकी हमले के सन्दर्भ में जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ से पूछा कि क्या आप मानते हैं कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? तो ख्वाजा आसिफ़ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें हर तरह से समर्थन करता रहा है। ख्वाजा आसिफ़ ने एक बातचीत के दौरान कहा कि हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए क़रीब तीन दशकों से यह गंदा काम कर रहे हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहा जाए तो पाकिस्तान अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की कठपुतली बनकर आतंकवाद की पनाहगाह व आतंकवादियों का श्मुख्य उत्पादक देशश बना हुआ है। रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ ने यह भी कहा कि यदि हम सोवियत संघ के विरुद्ध युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग़ होता। परन्तु सच पूछिए तो धर्म के आधार पर भारत से विभाजित होकर 1947 में ही अलग अस्तित्व में आने वाले पाकिस्तान में शुरू से ही अधर्म,ज़ोर ज़बरदस्ती, कट्टरपंथ, हिंसा व आतंकवाद का बोल बाला रहा है। और समय के साथ से यह और भी बढ़ता ही गया है। पाकिस्तानी नेताओं व शासकों द्वारा पोषित व प्रायोजित आतंकवाद का पहला निशाना तो पूर्वी पाकिस्तान (तत्कालीन) के लोग ही बने। बड़े पैमाने पर हत्याएं बलात्कार क्या नहीं किया गया बंगाली मुसलमानों के साथ? तब कहां चला गया था इनका 'इस्लामी राष्ट्र'? क्यों 24 वर्षों में ही पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश वजूद में आया ? उसके बाद पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं, सिखों, शिया व अहमदिया मुसलमानों पर अत्याचार करने व उनकी हत्याओं का सिलसिला भी कोई केवल तीन दशक की कहानी नहीं है बल्कि यह सब घिनौनी हरकतें पाकिस्तान के वजूद में आते ही शुरू हो गई थीं।

# इमोशनल ईटिंग को मैनज करने के लिए अपनाएं ये आसान उपाय

खाना सीधे तौर पर हमारी सेहत से जुड़ा है। अमूमन लोग अपनी हेल्थ का ख्याल रखते हुए भोजन करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि लोग इमोशनल ईटिंग से जूझते हैं, फिर चाहे वो तनाव में स्नैकिंग करना हो, दुखी होने पर कंफर्ट फूड खाना हो, या बोरियत के कारण कुछ भी खाना हो। कभी-कभी ऐसा लगता है कि लोग अपने इमोशन को मैनेज करने के लिए खाने को रास्ता बनाते हैं। यह कुछ समय के लिए तो हमें अच्छा फील करवाता है, लेकिन बाद में इससे आपको गिल्ट भी महसूस हो सकता है या फिर हमारी भावनाओं को और बिगाड़ सकता है, जिनसे हम बचने की कोशिश कर रहे होते हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो इमोशनल ईटिंग को आप बेहद आसानी से मैनेज कर सकते हैं और इससे बाहर निकल सकते हैं।

## ट्रिगर्स की करें पहचान...

अगर आप इमोशनल ईटिंग से बचना चाहते हैं तो ऐसे में आप सबसे पहले ट्रिगर्स की पहचान करें। आपको सबसे पहले यह पहचानना होता है कि आप कब भावनात्मक रूप से खा रहे हैं। क्या आप इसलिए खा रहे हैं क्योंकि आप तनावग्रस्त, बोरियत, चिंतित या दुखी हैं? एक बार जब आप ट्रिगर की पहचान कर लेते हैं, तो आप भोजन की ओर रुख करने के बजाय इससे निपटने के लिए स्वस्थ तरीके ढूंढ़ना शुरू कर सकते हैं। ऐसे में आप उन ट्रिगर्स की पहचान करें और एक फूड डायरी मेंटेन करें। इससे आपको अपनी फूड हैबिट पर नजर खने में मदद मिल सकती है।

## खाने से पहले रुकें...

जब आपको कुछ कंफर्टेबल खाने का मन करे, तो एक पल रुकें। गहरी सांस लें और खुद से पूछें कि क्या आपको वाकई भूख लगी है या आप भावनाओं के कारण खा रहे हैं। कभी-कभी, बस खुद को थोड़ा सा आराम देने से आपको यह अहसास हो सकता है कि आपको भूख नहीं है।

## कंफर्टेबल फूड के विकल्प ढूंढे

अगर आपको इमोशनल ईटिंग की आदत है तो ऐसे में अनहेल्दी स्नैक्स खाने की बजाय उसके कुछ हेल्दी विकल्पों पर स्विच करने का विचार करें। मसलन, अगर आपको कुछ कुरकुरा खाने की इच्छा हो रही है, तो ऐसे में आप गाजर की स्टिक या खीरा आज़माएं। यदि आप कुछ मीठा चाहते हैं, तो जामुन या सेब जैसे फल का सेवन करें।

## रहें एक्टिव...

परेशान होने पर आप इमोशनल ईटिंग करने की जगह फिजिकल एक्टिव रहने की कोशिश करें।

## भारत-पाक तनाव के बीच बना युद्ध जैसा माहौल

# पाक को दवाओं की किल्लत का खौफ



**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से व्यापार निलंबित करते ही पाकिस्तान को अपने यहां दवाओं की किल्लत की आशंका सताने लगी है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य अधिकारियों को लग रहा है कि व्यापार बंद होने से फार्मा क्षेत्रा बुरी तरह प्रभावित हो सकता है, क्योंकि दवाओं के लिए 30 से 40 प्रतिशत कच्चा माल भारत से ही आता है। इसमें सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) और विभिन्न उन्नत चिकित्सीय उत्पाद शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ड्रग रेगुलेटरी अथॉरिटी ने पाबंदियों के फार्मा क्षेत्रा पर असर के बारे में कोई औपचारिक अधिसूचना तो जारी नहीं की है, पर आकस्मिक उपाय लागू किए जा रहे ताकि दवाओं की किल्लत न होने पाए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अपनी दवा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए हम वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहे हैं। अथॉरिटी ने चीन, रूस और कई यूरोपीय देशों के वैकल्पिक स्रोत तलाशने तेज किए हैं, जिसका लक्ष्य एंटी-रेबीज वैक्सीन, एंटी-स्नेक वेनम, कैंसर की दवाओं आदि की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। वहीं, उद्योग से जुड़े सूत्रों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तत्काल उपाय को लेकर आगाह किया है। पाकिस्तान की ओर से भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन कंपनियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें अतिरिक्त भोजन, पानी और दवाओं की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में यात्रियों की मांग पर शाकाहारी या मेडिकल डाइट जैसा विशेष भोजन भी देना होगा। जारी एडवाइजरी के अनुसार, एयरस्पेस बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का रूट बदल गया है, जिसकी वजह से यात्राा का समय भी बढ़ गया है। रूट बदलने से यात्राा में कितना समय लगेगा, यह भी यात्रियों को यात्रा शुरू होने से पहले बताना होगा।

## पीओके में झेलम का जलस्तर बढ़ा, बाढ़ जैसे हालात

### मस्जिदों से अलर्ट जारी, भारत पर पानी छोड़ने का आरोप लगाया



**इस्लामाबाद।** भारत के इस दावे के विपरीत कि सिंधु नदी से जलापूर्ति पाकिस्तान को बंद कर देंगे, अचानक बदले हालात के मुताबिक झेलम का जल स्तर अचानक बढ़ने से बाढ़ के आसार बन गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शनिवार दोपहर झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई। इसके बाद अधिकारियों ने अलर्ट जारी कर स्थानीय लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रशासन ने हट्टियन बाला इलाके में वाटर इमरजेंसी की घोषणा की है। वहीं, मस्जिदों से भी लगातार चेता. वनी जारी की जा रही है। राजधानी मुजफ्फराबाद के डिप्टी कमिश्नर मुदस्सर फारूक ने स्थानीय निवा. सियों से झेलम नदी नजदीक के इलाकों में जाने से बचने को कहा है। उन्होंने झेलम में ज्यादा पानी छोड़े जाने को भारत की ओर से जान-बूझकर उठाया गया कदम बताया। डिप्टी कमिश्नर फारूक ने कहा कि भारत ने झेलम नदी में सामान्य से ज्यादा पानी छोड़ दिया है, जिस वजह से बाढ़ आई है। अभी घबराने जैसी कोई बात नहीं है। फिर भी हमने लोगों को नदी वाले इलाके से दूर रहने और वहां पर जानवरों को भी न ले जाने की अपील की है। वहीं, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के डायरेक्टर ज्यादा पानी छोड़े जाने को लेकर कहा कि इस मामले में उन्हें कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिली थी। उन्होंने आगे बताया कि पानी को मंगला बांध तक पहुंचने में समय लगेगा। फिलहाल निचले इलाके में सुरक्षा उपाय पहले ही लागू कर दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुजफ्फराबाद के झेलम में हर सेकेंड 22,000 घन फीट पानी बह रहा है। इससे गारी दुपट्टा, मझोई और मुजफ्फराबाद जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक सिंधु जल संधि के तहत भारत पहले झेलम, चिनाब और सिंधु नदियों में पानी छोड़ने या फिर रोकने के मामलों में पाकिस्तान को सूचित करता था, लेकिन इस बार भारत की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

## भारत बनाम पाक

## दावे और हकीकत

# भारत-पाक के बीच परमाणु युद्ध नहीं होगा

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल व्याप्त है और भारत के रुख से पाकिस्तान दहशत में है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्पुतनिक से बात करते हुए कहा कि मैं नहीं समझता कि परमाणु युद्ध होगा।



भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। गौरतलब है कि हर बार की तरह इस बार भी पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार में अपनी भूमिका स्वीकार नहीं की है। आसिफ ने कहा कि दुनिया को दोनों देशों के बीच तनाव के बारे में चिंतित होना चाहिए जो पूर्ण पैमाने पर परमाणु युद्ध में बदल सकता है। मंत्री ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि परमाणु युद्ध होगा। भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि चीजें इतनी दूर तक जाएंगी। उल्लेखनीय है कि

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा ने कहा: भारत के रुख से पाकिस्तान दहशत में

भारतीय सेना के रुख को भांपते हुए अब पाकिस्तानी सेना की हालत खराब है। मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सेना का बड़ा मूवमेंट देखा गया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक लोअर नीलम वैली राजमार्ग पर सामान्य दिनों के मुकाबले ट्रकों की गतिविधि कई गुना बढ़ी हुई है। भारतीय सेना की नजर से बचने के लिए सिविल ट्रक में ज्यादातर गतिविधि हो रही है। मुजफ्फराबाद से फॉरवर्ड बेस के लिए जवानों को भेजा जा रहा है।

# ईरान के बंदरगाह पर विस्फोट, अब तक 25 की मौत, 800 घायल

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत होर्मोजगन में शनिवार को एक बंद. रगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 800 अन्य घायल हो गए। मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि प्रांतीय राजधनी बंदर अब्बास के शाहिद राजाई बंदरगाह पर विस्फोट हुआ, जिसके बाद बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेज दिया गया और बंदरगाह की सभी गति. विधियों को निलंबित कर दिया गया। अर्ध-सरकारी फ़ार्स समाचार एजेंसी को दिए गए बयान में रविवार को तेहरान अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता जलाल मालेकी ने कहा कि विस्फोट से उत्पन्न भीषण आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, हालांकि अभी भी आग की लपटें बिखरी हुई हैं, जिसे उन्होंने चिताजनक नहीं बताया। बंदर अब्बास के गवर्नर अहमद पौयाफर ने शनिवार को घोषणा की कि विस्फोट और उसके कारण होने वाले वायु प्रदूषण के कारण रविवार को शहर भर के सभी शैक्षणिक केंद्र बंद रहेंगे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता हुसैन जाफरी ने फ़ार्स को बताया कि बंदरगाह पर एक कंटेनर में रासायनिक पदार्थों के कारण विस्पफोट हो सकता है। ईरानी सरकार की प्रवक्ता फ़तेमेह मोहजेरानी ने संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच पूरी करने से पहले घटना के कारण के बारे में किसी भी जल्दबाजी से बचने की चेतावनी दी। अब तक जो पुष्टि हुई है, वह यह है कि बंदरगाह के एक कोने में संभवतः रासायनिक पदार्थों से भरे कंटेनर रखे हुए थे। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने विस्फोट के पीड़ितों के प्रति एक्स पर एक पोस्ट में संवेदना व्यक्त की।

### ईरान में बंदरगाह पर ठोस मिसाइल ईंधन के कारण हुआ विस्फोट

**तेहरान।** ईरान के शाहिद राजाई बंद. रगाह पर हुए विस्फोट का कारण ठोस मिसाइल ईंधन हो सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से जुड़े एक व्यक्ति के हवाले से रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि शनिवार को ईरान के बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजाई बंद. रगाह पर हुए जोरदार विस्फोट के पीछे ठोस मिसाइल ईंध्न में इस्तेमाल होने वाला सोडियम परक्लोरेट हो सकता है। विस्फोट के बाद आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि यह रसायनों के गलत तरीके से रखे जाने के कारण हुआ। ताजा जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 14 लोगों की मौत हुई है और लगभग 750 लोग घायल हुए हैं।

# कनाडा में एसयूवी ने भीड़ को रौंदा, 9 की मौत

### सड़क पर लापू-लापू फेस्टिवल मना रहे थे लोग

**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर में एक कार ने भीड़ को कुचल दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। वैंकूवर पुलिस ने एक्स में पोस्ट कर बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे) फिलीपींस कम्युनिटी के त्योहार लापू-लापू के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ई-43 एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। वह एशियाई मूल का बताया जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि वे इस घटना से काफी दुखी हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रियजनों, फिलिपिनो-कनाडाई समुदाय और वैंकूवर के सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख में हम सभी आपके साथ हैं। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं और हमारे फर्स्ट रिस्पान्डर्स के आभारी हैं।

# सजावट के लिए नहीं रखीं हमने 130 परमाणु मिसाइलें



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत पर परमाणु बम हमले की धमकी दी। उन्होंने कहा, हमने शाहीन, गोरी और गजनवी जैसी 130 मिसाइल भारत के लिए रखी हैं। अगर भारत सिंधु जल संधि को रोकता है, तो हम उसकी सांसें रोक देंगे। भारत को युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। पाकिस्तान के परमाणु हथियार सजाने के लिए नहीं रखे हैं, बल्कि हमने देशभर में परमाणु हथियार कई ठिकानों पर छिपा रखे हैं। अब्बासी ने कहा कि हमारी मिसाइलों का निशाना भारत की तरफ है। यह बात भारत भी जानता है कि हमारे पास हथियार हैं, इसलिए वो हम पर हमला नहीं कर रहा है। अब्बासी ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा में खामियों को मानने के बजाय पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगा रहा है। इस्लामाबाद अपने खिलाफ उठाए गए किसी भी आर्थिक कदम के फैसले से मुकाबला करने के लिए तैयार है। हनीफ अब्बासी ने भारत की तरफ से पाकिस्तान के लिए पानी की सप्लाई रोकने और ट्रेड संबंधों को खत्म करने का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस भारत के लिए बंद कर दिया है। इससे दो ही दिन में भारत की एविएशन इंडस्ट्री परेशान हो गई।

# गाजा में ताज़ा इजरायली हमलों में 34 की मौत



**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए हुए हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने शनिवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने तटीय परिक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कई आवासीय घरों, सभाओं और विस्थापित व्यक्तियों के तंबुओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि गाजा शहर के पश्चिम और दक्षिण में दो घरों पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 लोग मारे गए। वहीं, उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनौन में दो इजरायली ड्रोन हमलों में तीन अन्य लोग मारे गए, जबकि मध्य गाजा पट्टी के अल-जवैदा शहर में एक घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो लोग मारे गए।

डेर अल-बलाह शहर में एक कैफे पर इजरायली हवाई हमले में चार और मध्य गाजा पट्टी में माघाजी शरणार्थी शिविर के उत्तर में एक फलस्तीनी सभा पर हमले में पांच लोग हैं। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा पट्टी के अल-जवैदा शहर में एक सभा को निशाना बनाकर की गई इजरायली गोलाबारी में सात अन्य लोग मारे गए और दक्षिण में खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी क्षेत्रा में एक और व्यक्ति मारा गया। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने गहन सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 2,111 फलस्तीनी मारे गए हैं और 5,483 घायल हुए हैं। अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में कुल मौतों की संख्या 51,495 हो गई है कुल 524 लोग घायल हुए हैं।

### बमबारी में मारे गए दो इजरायली सैनिक

**यरुशलम।** उत्तरी गाजा पट्टी में दो इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इजरायल रक्षा बलों और इजरायल पुलिस की ओर से शनिवार शाम को जारी अलग-अलग बयानों बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी में दो इजरायली सैनिक मारे गए हैं। बयान के अनुसार मारे गए सैनिक की पहचान एक बख्तरबंद कोर अधिकारी और प्लाटून कमांडर 21 वर्षीय इडो वोलोच और सीमा पुलिस में एक अंडरकवर अधिकारी 19 वर्षीय नेता यित्जाक कहाना के तौर पर हुई है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने बताया कि सीमा पुलिस के एक घात बल ने पूर्वी गाजा शहर के शाजैयाह पड़ोस में आतंकवादियों के एक दस्ते का सामना किया और कहाना की आगामी लड़ाई में मौत हो गई।

### फिलीपीन्स में सैनिकों ने पांच संदिग्ध विद्रोहियों को मार गिराया

**मनीला।** मध्य फिलीपींस में रविवार को सैनिकों के साथ झड़प में पांच संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना के कर्नल इरविन रोमेल लामजोन ने कहा कि यह झड़प रविवार सुबह प्रांत नेग्रोस ऑक्सिडेंटल में हुई। उन्होंने कहा कि लड़ाई में न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के तीन महिला और दो पुरुष विद्रोही मारे गए। कर्नल लामजोन ने कहा कि गोलीबारी में कोई सैनिक मारा या घायल नहीं हुआ। गौरतलब है कि एनपीए विद्रोही 1969 से सरकारी सैनिकों के खिलाफ लड़ रहे हैं। सैन्य आंकड़ों से पता चला है कि 1980 के दशक में लगभग 25 हजार सशस्त्र सदस्यों के अपने चरम के बाद से एनपीए की कार्मिक शक्ति में गिरावट आई है। अपने घटते लड़ाकों के बावजूद, एनपीए ग्रामीण इलाकों में छोटे पैमाने पर हमले करना जारी रखता है।

### सिसिली में हुई गोलीबारी में दो की मौत, तीन लोग घायल

**रोम।** इटली के सिसिली की राजधनी पलेर्मो में शनिवार शाम को हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इटली की एएनएसए समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटना व्यस्त डुओमो डि मोनरेले स्क्वायर के पास एक पिज्जेरिया में युवाओं के दो समूहों के बीच विवाद के कारण हुई। इसके बाद झड़प गोलीबारी में बदल गई। दोनों मृतकों की उम्र 25 और 23 वर्ष थी, और सभी घायलों को गंभीर चोटें आईं।







